महानगर नई दिल्ली बुधवार 8 अप्रैल, 2026, रु. 6.00 (22 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com

ट्रंप का एलान

आज एक संपूर्ण सभ्यता का अंत हो जाएगा

अमेरिका धमकी पर अमल करेगा तो तेहरान तत्काल जवाब देगा : ईरान

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

अमेरिका ने एक बार फिर ईरान के तेल उद्योग के लिए अति अहम खार्ग द्वीप पर हमला किया है। वाइट हाउस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका ने द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को मांगों को मानने या बड़े हमले का सामना करने के लिए निर्धारित की गई समय सीमा से कुछ घंटे पहले हुए। इस बीच ट्रंप ने मंगलवार सुबह एक बार फिर धमकी दी कि अगर ईरान ने समझौता नहीं किया तो 'संपूर्ण सभ्यता आज रात ही खत्म हो जाएगी'।

उधर, ईरान के एक राजनयिक ने मंगलवार को कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उनके देश की पूरी सभ्यता को खत्म करने की अपनी धमकियों पर अमल करते हैं, तो तेहरान तत्काल और आनुपातिक जवाबी कार्रवाई करेगा। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के प्रतिनिधि आमिर सईद ईरावनी ने कहा कि ट्रंप की यह धमकी कि अगर तेहरान कोई समझौता नहीं करता है, तो पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी, युद्ध अपराधों और संभावित नरसंहार के लिए उकसावे के समान है।

ट्रंप ने द्वीप पर महत्त्वपूर्ण तेल अवसंरचना पर कब्जा करने के लिए जमीन पर सैनिकों को भी उतारने की धमकी दी है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के अभियान में कई अमेरिकी सैन्य कर्मियों की जान जाएगी और यह युद्ध को समाप्त करने की दिशा में निर्णायक कदम नहीं होगा। 'इंस्टीट्यूट फार द स्टडी आफ वार' और 'अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट' के क्रिटिकल थ्रेट्स प्रोजेक्ट द्वारा उपग्रहों से प्राप्त तस्वीरों के आधार पर किए विश्लेषण के मुताबिक युद्ध के शुरुआती दौर में अमेरिका ने द्वीप पर कई ठिकानों पर हमला किया था, जिनमें हवाई सुरक्षा, एक रडार साइट, एक हवाई पट्टी और एक होवरक्राफ्ट बेस शामिल थे। इससे पहले अर्ध-सरकारी समाचार एजंसी मेहर ने एक खबर में कहा था कि खार्ग द्वीप पर कई विस्फोट हुए हैं। वहीं, ईरान की राजधानी तेहरान के उत्तर पश्चिमी अल्बोर्ज प्रांत में हुए एक हवाई हमले में 18 लोगों की मौत हो बाकी पेज 8 पर

अमेरिकी वायुसेना के चालक दल के प्रमुख मिशन से पहले 'बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बाम्बर' की उड़ान से पहले जांच करते हुए।

अमेरिका ने ईरान के तेल उद्योग के अहम केंद्र पर फिर किया हमला पेज 12

भारत ने ईरान में अपने नागरिकों के लिए 'जहां हैं, वहीं रहें' का परामर्श जारी किया

नई दिल्ली, 7 अप्रैल (ब्यूरो)।

वाशिंगटन द्वारा तेहरान को दी गई चेतावनी के बाद पश्चिम एशिया संकट के एक गंभीर मोड़ पर पहुंचने के बीच भारत ने मंगलवार को ईरान में मौजूद अपने नागरिकों को अगले 48 घंटों तक 'जहां हैं, वहीं रहने' की सलाह दी। आपातकालीन परामर्श में, ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीयों से घर के भीतर रहने तथा सैन्य ठिकानों, ऊर्जा ढांचों और बहुमंजिला इमारतों की ऊपरी मंजिलों से पूरी तरह दूर रहने का आग्रह किया।

मणिपुर में हमले के बाद फिर हिंसा भड़की

दो बच्चों की मौत; सीआरपीएफ की चौकी पर धावा बोलने की कोशिश, दो लोग मारे गए

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

मणिपुर के बिष्णुपुर में मंगलवार तड़के सुबह एक चार साल के लड़के और उसकी नवजात बहन की सोते समय मौत हो गई। उनके घर पर राकेट जैसा कोई गोला आकर गिरा था। इसके बाद यहां हिंसा भड़क उठी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के बाद जोरदार विरोध प्रदर्शन हुए और सीआरपीएफ जवानों को चौकी पर धावा बोलने की कोशिश कर रहे लोगों पर गोली चलानी पड़ी। इस दौरान दो नागरिकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य को गोली लगी है और उनका इलाज चल रहा है। सरकार ने हिंसा के मद्देनजर इंफल पूर्व, इंफल पश्चिम, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया।

मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने कहा कि दो बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि सुरक्षा बलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे उन्हें पकड़ें'। खेमचंद ने कहा कि सरकार ने इस मामले को राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) को सौंपने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें शक है कि इस हमले के पीछे कोई ऐसा समूह या व्यक्ति है, जो राज्य में शांति प्रक्रिया को बिगाड़ना चाहता है, जबकि हमने इस दिशा में काफी प्रगति कर ली है। राज्य सरकार ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए घाटी के पांच जिलों इंफल पूर्व, इंफल पश्चिम, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर में तीन दिनों के लिए इंटरनेट सेवा अस्थायी रूप से निलंबित कर दी है। यह हमला ट्रोंगलाओबी अवांग लेइकाई में हुआ। यह एक ऐसा गांव जो मैतई-बहुल घाटी और कूकी बहुल पहाड़ियों के बीच स्थित संवेदनशील सीमा पर बसा है। इस धमाके में बच्चों की मां ओइनम बिनिता गंभीर रूप से घायल हो गईं। फिलहाल उनका इलाज पास के एक अस्पताल में चल रहा है। इस घटना के बाद दिन में ट्रोंगलाओबी के कुछ निवासियों ने बाकी पेज 8 पर

मणिपुर के बिष्णुपुर में विरोध-प्रदर्शन करतीं महिलाएं।

पश्चिम बंगाल में मतदाता पुनरीक्षण

अदालत के निर्णय के बाद पहली सूची में 27 लाख नाम कटे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

पश्चिम बंगाल में होने वाले मतदान से पहले निर्वाचन आयोग ने अंतिम सूची तैयार कर ली है। इस सूची में 27 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, ये मतदाता इस बार के चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाएंगे। आयोग ने न्यायिक मामले निपटाने के बाद 58 लाख मामलों में से लगभग 45 फीसद (27.16 लाख) नाम मतदाता सूची से हटाए हैं।

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआइआर) के बाद पश्चिम बंगाल में अब तक कुल 90 लाख से अधिक अवैध मतदाताओं के मत काटे जा चुके हैं। एसआइआर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आयोग ने यह मतदाता सूची जारी की है, जिसमें सभी जिलों के मतदाताओं के नाम को शामिल किया गया है। इन नामों एसआइआर प्रक्रिया और कानूनी प्रक्रिया की समीक्षा के बाद तैयार किया गया है। मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य के अंतिम मतदाता आधार की घोषणा अभी बाकी है।

पश्चिम बंगाल में पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और इस चरण में 152 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा। पश्चिम बंगाल में पहले चरण के लिए 23 अप्रैल और दूसरे चरण के लिए 29 अप्रैल को मतदान होना है। आयोग के मुताबिक जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, वे मतदाता अब इस मामले में सुनवाई के लिए अपीलीय न्यायाधिकरण में आवेदन कर सकते हैं ओर यदि न्यायाधिकरण मतदाता के नाम बाकी पेज 8 पर

अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के नाम हटाए गए : ममता

नई दिल्ली, 7 अप्रैल (ब्यूरो)।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूचियों से मतुआ और अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के नाम हटा दिए गए हैं। नदिया जिले के चकदाहा में आयोजित एक रैली में बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस उन लोगों के साथ खड़ी रहेगी जिनके नाम एसआइआर की प्रक्रिया के बाद मतदाता सूचियों से हटा दिए गए थे। आयोग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, एसआइआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पश्चिम बंगाल में लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से हटा दिए गए हैं।

केरल, असम व पुदुचेरी में चुनाव प्रचार थमा, दांव पर दिग्गज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

केरल, असम और पुदुचेरी में मंगलवार शाम को चुनाव प्रचार का शोर थम गया। केरल में 140, असम में 126 और पुदुचेरी में 30 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। तीनों ही प्रदेशों में कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर है।

असम में बड़ा चेहरा वर्तमान में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा हैं, यहां गौरव गोगोई कांग्रेस के चेहरा हैं, जबकि केरल में मुख्यमंत्री पिनराई विजयन व पुदुचेरी में मुख्यमंत्री एन रंगासामी हैं। तीनों प्रदेशों की 296 सीटों नौ अप्रैल को मतदान होगा, उस दिन इन दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। मतगणना 4 मई को की जाएगी। केरल में 140 सीटों के लिए 890 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि असम में 722 उम्मीदवार हैं और पुदुचेरी में 296 प्रत्याशी।

-पूरी खबर पेज 19

असम पुलिस पवन खेड़ा के आवास पर पहुंची

कई उपकरण जब्त किए, घर पर नहीं मिले कांग्रेस नेता

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

असम पुलिस की एक टीम मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के आवास पर उनसे पूछताछ के लिए पहुंची और तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी द्वारा खेड़ा के आरोपों के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत पर की गई। खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री की पत्नी पर तीन पासपोर्ट और अघोषित संपत्ति रखने का आरोप लगाया था। असम पुलिस के डीसीपी देबोजित नाथ ने कांग्रेस नेता के आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि खेड़ा अपने आवास पर नहीं मिले। उन्होंने कहा, हालांकि आवास की तलाशी ली गई और इलेक्ट्रानिक उपकरण जब्त किए गए हैं। नाथ ने कहा कि कुछ दोष साबित करने वाली सामग्री मिली है, लेकिन जांच के इस स्तर पर इसकी विस्तृत जानकारी साझा नहीं की जा सकती। डीसीपी ने बताया कि गुवाहाटी की अपराध शाखा पुलिस थाना ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। शर्मा ने खेड़ा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। कांग्रेस प्रवक्ता खेड़ा ने रविवार बाकी पेज 8 पर

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के घर से दस्तावेज ले जाती असम पुलिस।

भारत की विमान कंपनियों की उड़ानें 300-350 से घटकर 80-90 रहीं | व्यवधान | यूरोप, उत्तर अमेरिका की उड़ानें अब लंबे वायुमार्ग से जा रही हैं

जंग छिड़ने के बाद से पश्चिम एशिया के लिए 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण भारतीय विमान कंपनियों की 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। नागर विमानन मंत्रालय के संयुक्त सचिव असंगबा चुबा आव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले भारतीय विमान कंपनियां पश्चिम एशिया के लिए रोजा 300-350 उड़ानें संचालित करती थीं। यह अब घटकर केवल 80-90 रह गई हैं।

संघर्ष के कारण इजराइल, जार्डन, लेबनान, कुवैत, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में हवाई क्षेत्र बंद या सीमित कर दिया गया है। इससे वैश्विक विमानन संचालन और संपर्क पर अभूतपूर्व असर पड़ा है।

यूरोप और उत्तर अमेरिका जाने वाली उड़ानें अब लंबे मार्ग से जा रही हैं। इससे यात्रा समय और लागत दोनों बढ़ गए हैं। इससे निपटने के लिए सरकार ने पायलट के लिए कार्य समय में अस्थायी छूट दी है, ताकि लंबी दूरी की उड़ानों का संचालन सुचारु रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष से वैश्विक विमानन नेटवर्क और अंतरराष्ट्रीय संपर्क व्यवस्था में अभूतपूर्व व्यवधान पैदा हुआ है। पायलट को मिली इस छूट के तहत उड़ान और ड्यूटी की अवधि बढ़ा दी गई है (जैसे उड़ान समय लगभग 11.5 घंटे तक), जिससे एअरलाइन कंपनियां हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध और भू-राजनीतिक तनाव के कारण लंबा मार्ग अपनाने वाली उड़ानों का बेहतर संचालन कर सकें। इस कदम का उद्देश्य उड़ानों का संचालन सुचारु बनाए रखना और समय-सारिणी की विश्वसनीयता बनाए रखना है, खासकर उन अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर जो मार्ग परिवर्तन से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस फैसले की फिर से समीक्षा की जाएगी।

एक अधिकारी ने बताया कि विमान ईंधन की अंतरराष्ट्रीय कीमतें तेजी बढ़ी हैं, हालांकि भारत में कीमतों को नियंत्रित रखते हुए इसका केवल आंशिक असर ही घरेलू विमान कंपनियों पर डाला गया है। उन्होंने कहा कि एटीएफ की कीमतों पर सरकारी हस्तक्षेप से घरेलू हवाई किराए स्थिर रखने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। नागर विमानन मंत्रालय इस कठिन समय में उद्योग को सहारा देने के लिए विभिन्न उपायों पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। युद्ध के कारण आपूर्ति शृंखला बनाए रखने के लिए एमिरेट्स, कुवैत एअरवेज और जजीरा एअरवेज जैसी विदेशी एअरलाइन कंपनियों को यात्री विमानों से माल ढुलाई की विशेष अनुमति दी गई है, जिससे जरूरी सामान की आपूर्ति जारी रह सके। अधिकारी ने कहा कि सरकार यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा, माल ढुलाई की निरंतरता और पूरे क्षेत्र की स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

संघर्ष के कारण इजराइल, जार्डन, लेबनान, कुवैत, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में हवाई क्षेत्र बंद या सीमित कर दिया गया है। इससे वैश्विक विमानन संचालन और संपर्क पर अभूतपूर्व असर पड़ा है।

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने न्यायिक कार्यों में कृत्रिम मेधा पर रोक लगाई

चंडीगढ़, 7 अप्रैल (ब्यूरो)।

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को फैसला लिखने और कानूनी शोध के लिए कृत्रिम मेधा (एआइ) उपकरणों का उपयोग न करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने उन्हें अपने अधीन कार्यरत न्यायिक अधिकारियों से कहा है कि वे फैसला लिखने और कानूनी शोध के लिए चैटजीपीटी, जेमिनी, कोपायलट, मेटा आदि सहित किसी भी एआइ उपकरण का उपयोग न करें। आदेश में यह भी चेतावनी दी गई है कि इन निर्देशों का उल्लंघन गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई संभव है। ..पूरी खबर पेज 10

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I,hitherto known,as SHAMSHER ALAM,S/O-KHURSHID KHAN,R/O-L-22 ,3RD-FLOOR, BATLA HOUSE,JAMIA NAGAR, OKHLA,NEW DELHI-110025,have changed,my name,and shall hereafter be known,as MD SHAMSHER KHAN 0040848216-9

I,VIPIN GUPTA S/O SURESH KUMAR R/O House No-19, Pocket H-32, Sector-3,Rohini, Rohini Sector-7,North West Delhi,Delhi-110085, have changed the name of my minor son MODAK GUPTA aged 13-years and he shall hereafter be known as MEHUL GUPTA. 0040848229-3

I,Sandeep Kumar S/O Padam Singh Verma R/O DDA Flat No.1274,Ground Floor, Catagory SFS-III, Sector-A Pocket-B&C Vasant Kunj,New Delhi-110070,have changed my name to Sandeep Kumar Verma. 0040848229-2

I,SANJIV KUMAR JAIN,S/o Jai Prakash Jain,R/o M-50,Near-Ganga Gas Agency, Naveen, Shahdara,Delhi-110032,have changed my name to SANJEEV JAIN permanently. 0040848228-4

I,SAFIA SIDDIQUI,W/O-SHAMSUL AFAQ DR,R/O-271-A ST. NO-6 LALITA-PARK LAXMI-NAGAR DELHI-110092,HAVE CHANGED MY NAME TO SAFIA BEGUM,FOR ALL,PURPOSES. 0040848216-5

I,SACHIN SAPRA S/O Surinder Kumar Sapra,R/o F-18B,School Lane,Rajouri Garden,Delhi-110027,have changed my name to SACHHIN SAPRA permanently. 0040848216-6

I,REEVA GUJRAL, W/O,PIYUSH SINGHAL,R/O.E-301,VIJAYA APARTMENT-AHINSA KHAND-2,INDIRAPURAM GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201014,HAVE CHANGED MY NAME TO REEVA GUJRAL SINGHAL 0040848216-4

I, RABEYA KHATOON, W/o-MOHD WAHID ALAM, R/o- E-84/1, Shaheen Bagh, Jamia Nagar, New Delhi-110025, declare that name of mine has been wrongly written as RABEYA KHATUN in my minor daughter TARANNUM aged-17-years in her 10th class educational documents. The actual name of mine is RABEYA KHATOON, which may be amended accordingly. 0040848228-9

I,PRANJLA TYAGI W/O KARTIK KHANNA R/o,K-2/13, First-Floor, Model Town-2,G.T.B. Nagar,North West-Delhi,Delhi-110009,have changed my-name to PRANJLA KHANNA. 0040848230-4

I,Nazrul Islam S/O Saheb Jan Shaikh R/O House No.283,Gali No.9/7, Harijan Basti,Jharoda Majra, Burari, Delhi-110084, hereby declare that Nazrul Islam and Nazir Hossain both the names are same and one person. 0040848229-1

I,Navjeet Singh Sethi,S/o-Sardar Singh Sethi,R/o-12/55, Old Rajinder-Nagar, Delhi have changed my minor daughter's name Aadya Sethi to Aadya Kaur Sethi. 0040848228-3

I,Najiya W/o Mohammad Sartaj, R/o-House No.RZ C-115, Kh.no.79/10 Nihal Vihar, Nangloi,Delhi-110041,have changed my name to Najiya Salmani 0040848228-5

I,MANOJ KUMAR,S/O SHRI DARSHAN LAL,R/o H.NO.170, BLOCK-17, SECOND FLOOR, MATA MANDIR,SUBHASH NAGAR,TAGORE GARDEN, S.O.WEST DELHI-110027,inform that MANOJ KUMAR and MANOJ KUMAR MALHOTRA, MANOJ MALHOTRA, all names are one and same person. 0040848228-6

I,Krishnapriya Ananthavamshi Nair,D/o Mr.Santhosh Babu Ponnath,D-12/UG-3,Dilshad Colony,Delhi-110092,have changed my name to KRISHNAPRIYA A NAIR for all future purpose. 0040848216-7

I,IQRA MUJEEB,D/O-ABDUL MUJEEB GHAZI,R/O-A-117, NOOR NAGAR,JOHRI FARM, JAMIA NAGAR,NEW DELHI-110025,HAVE CHANGED MY NAME IQRA MUJEEB TO IQRA GHAZI 0040848216-10

I,Gyanvi D/o Deepali Sharma R/o 188B, Guru Nanak Pura, Laxmi Nagar,Delhi-110092, have changed my name to Gyanvi Sharma. 0040848228-5

I,GURUPREET SINGH,S/O BALJEET SINGH,R/O-H.NO-64 U/F/F KH.NO-33/25,VIKAS PURI-EXT NILOTHI EXTN DELHI-110041, have changed my name to GURPREET SINGH. 0040848230-2

I, Markandey Ram, S/o Chhangur, R/o H.No.-B-241, Pandav Nagar, Patel Nagar, Delhi-110008 declare that date of birth of my minor son (Ranjeet Kumar, aged-16-years) wrongly written as 27.01.2012 in his school documents . The actual date of birth is 27.01.2009, which may be amended accordingly. 0040848143-1

I, Aisha Zameer @ Ayesha C/o Mohd Faisal, 3062, Gali Nakanchiya, Sita Ram Bazar, Chawri Bazar, Delhi-06 have changed my name to Ayesha Faisal. 0071028338-1

I,FARHAN BEG S/o Mirza Hamid Beg R/o H.No.D-57,Block Near Sabzi Mandi Welcome Seelampur,Delhi-110053,have changed my name to MIRZA FARHAN BAIG. 0040848228-8

I,DEVANSHI GADODIA,w/o GARVIT CHANANA,H.No-794 sector.12 HUDA PANIPAT (HARYANA)132103,have changed my name to DEVANSHI CHANANA. 0040848230-5

I,BALVINDER SINGH S/O VIJAY SINGH R/O POCKET-6/784 SECTOR-2 ROHINI DELHI-110085. HAVE CHANGED MY NAME TO BALWINDER SINGH. 0040848228-2

I,Ashok Kumar Goel,S/o Roshan Lal Goel,R/o E-1/1, Upper Ground Floor,Block-E- 1 , Model Town-II, Delhi-110009 have changed my name to Ashok Goel. 0040848216-1

I,Annu Devi,w/o-Anil Dabas a resident of H.N.341,Ishwar Colony, Bawana Delhi-110039, hereby declare, that my name, is changed to Annu Devi Dabas, in my official documents. 0040848216-11

I,Ankit S/o Naresh Kumar R/o D-5, Second Floor, Gali No-4, Syndicate Enclave, Dabri, Delhi-110045,have Changed my name to Ankit Ahlawat. 0040848230-1

I,ARCHNA KUMARI DIXIT W/O VIJAY KUMAR DIXIT R/O D-6/16 SECTOR-15 ROHINI DELHI-110089.HAVE CHANGED MY NAME TO ARCHANA DIXIT. 0040848228-1

I,ARAV alias DISHANK THAKUR S/o Bhavesh R/o CU-159, Income Tax Colony Pitampura Po.Saraswati Vihar Delhi-110034,have changed my name to DISHANK THAKUR 0040848228-7

I,ANOOP KAMBOJ alias ANOOP KAMMBOJ S/O SUDARSHAN KUMAR KAMBOJ R/O-A-16, Akash Bharti-Apartments, I.P.Extension, Laxmi-Nagar, Delhi-110092,have changed my-name to ANOOP KAMMBOJ. 0040848230-6

I,AJIT SINGH,S/O Satya Singh, R/O RZ F-9-10,GALI.NO-4, MAHAVIR ENCLAVE,Delhi-110045, have changed the name of my minor daughter BHAVYA to BHAVYA RATHEE 0040848216-3

I, hitherto known as Rahul, S/o Dhirender Singh, R/o X-64, Bharat Vihar, Prem Nagar-2, Kirari Suleman Nagar, Delhi-110086, have changed my name and shall hereafter be known as Rahul Singh 0040848148-1

I,Harsh S/O Rakesh Kumar R/O Ratan Thal (180),Po-Rattanthal, Dist:-Rewari Haryana-123301 Have changed My Name To Harsh Chauhan All Future purposes 0040848230-3

I, hitherto known as MOHINI GOVINDRAO DEVIKAR, D/o Govinda Zagaji Devikar, W/o Bhaskar Laxman Wagh, residing at C-93, Sushant Apartments, Sushant Lok-1, Block-C, Gold Souk, Sector-43, P.O. Galleria DLF-IV, Gurgaon, Haryana-122009, have changed my name and shall hereafter be known as MOHINI BHASKAR WAGH. 0071028347-1

I, hitherto known as Akash, S/o Hira Lal, R/o W-19, Gali No.1, Janki Vihar, Prem Nagar-II, Kirari Suleman Nagar, have changed my name and shall hereafter be known as Akash Bhagat 0040848148-2

I, Vimla Bisht M/O Kamal Singh Bisht, resident of Vill-Sarna, PO- Dhari, Dist-Nainital, Uttarakhand- 263136, have changed my name from Vimla Devi to Vimla Bisht vide affidavit IN-56586544672453Y, dated- 12 Mar 26 0071028335-1

I, Tiwari Arpit Shivakant S/o Shivakant Tiwari R/o Room No 14, Chandreshwar Mahadev Chawl, Valai Pada Road, Santosh Bhuvan, Nallasopara East, Thane, Maharashtra have changed my name as Arpit Shivakant Tiwari permanently. 0040848168-1

I, Shobha Rani W/o No. 095779F Rank POAOF Onkar Nath Sharma R/o H. No. DDA Janta Flat Badarpur, Jaitpur, South Delhi- 110044 have changed my name to Shobha Sharma vide affidavit date 6-4-26 before Delhi. 0071028311-1

I, Sagir Ahamad S/o Bakreeda Khan R/o-389/142, Maharajpur Ghaziabad, have changed my name to Sageer Ahmad for all purposes. 0071028300-1

I, SUSHAMADEVI W/o No. 15110773P Rank Ex HAV Anil Kumar Singh R/o RZD 1/83, Gali No-6, Mahavir Enclave, New Delhi- 110045 have changed my name to SUSHMA DEVI vide affidavit date 6-4-26 before Delhi. 0071028310-1

I, Ravindr Kaur W/o Kawal Jit Singh R/o-8/198, Sec-3, Rajender Nagar, Sahibabad, Ghaziabad, have changed my name to Ravinder Kaur. 0071028303-1

I, ANJUM W/O IRSHAD SABRI R/O F-58, WEST JAWAHAR PARK, LAXMI NAGAR, EAST DELHI, DELHI-110092, HAVE CHANGED MY NAME TO ANJUM ARA 0071028313-1

I SHASHI KANT S/O KAPIL DEO THAKUR THAKUR R/O F-38/5A GALI.NO-38, SADH NAGAR-2, PALAM COLONY, NEW DELHI-110045 HAVE CHANGED MY NAME TO SHASHI KANT THAKUR FOR ALL THE FUTURE PURPOSES. 0071028296-1

I, Ramesh Chandra S/o Ram Sumer, Village-Anapur, Allahabad, UP-228411 have changed my name to Ramesh Kumar Dhuriya. 0071028341-1

I, Rakesh Kumar S/o Shri Ram R/o A-1031, Gali No-13, Shyam Colony, Budh Vihar, Phase-2, Delhi have changed my name as Rakesh permanently. 0040848179-1

I, Pritam Joshi S/o Bhaskar Joshi R/o H no-274, 3rd floor, Near Shiv Mandir Chilla Village, Mayur Vihar-1, Extension, East Delhi-110091, have changed my name to Prittam Joshi for all future purposes 0071028299-1

I, Nahida Sana Afreen W/o Manjur Khan, T-61/16A, FF, Malviya Nagar, Delhi-17 have changed my name to Nahida Javed. 0071028343-1

I, Md Noushad R/o N-86, Kh.No-297, Batla House, Jamia Nagar, Okhla, Delhi-25 have changed my name to Mohd Noushad. 0071028375-1

I Rajendra Saxena S/O, Lt. Shri Ramesh Chander Saxena R/o Flat 301,3rd Floor Glance Apartment Plot 19 Rajpur Khurd Delhi 110074, Delhi, India have changed my name to Rajendra Mohan Saxena. 0040848214-1

I Raj Kumar Lal S/o Mahatam Lal Srivastav R/o Shikarpur, Maharajganj, Uttar Pradesh-273302 have changed my name to Raj Kumar Srivastava for all the future purposes. 0071028292-1

I PUSPA THAKUR W/O SHASHIKANT THAKUR R/O F-38/5A GALI.NO-38, SADH NAGAR-2, PALAM COLONY, NEW DELHI-110045 HAVE CHANGED MY NAME TO PUSHPA THAKUR FOR ALL THE FUTURE PURPOSES. 0071028294-1

I Abhishek Varshney S/o Dinesh Kumar Varshney R/o Plot No.2, 1st Floor, Front Side, Pocket-5, Sector-A-6, Narela, North West Delhi, Delhi-110040 have changed the name of my minor daughter from Dea Varshney to Dea AB Varshney for all purposes. 0040848145-1

I,hitherto known as NEHA,D/o Sh.Somnath Aggarwal,residing at,D-603 Jhulelal-Appartments, Pitampura, New Delhi-110034, have changed my name and shall hereafter be known as NEHA AGGARWAL. 0040848216-2

I, hitherto known as SANAM HARJAI S/O SURINDER KUMAR HARJAI R/O R-49, Gopal Park, Azadpur, Delhi- 110033 have changed my name and shall hereafter be known as DEEP RAJ HARJAI. 0040848071-10

I, BABLU KUMAR THAKUR alias BABLU KUMAR alias BABLU THAKUR son of Pulkit Thakur residing at C-121/37, Jhuggi, Near N.D.M.C. Enquiry, Dr. R.P. Lane, New Delhi-110001, have changed my name and shall hereinafter be known as BABLU KUMAR THAKUR.I have complied with other legal requirements in the connection. 0040848229-4

मैं, आर्मी हॉस्पिटल (R&R) का आर्मी नंबर 15454104P नायक अश्विनी कुमार, अपने बेटे का नाम 'मितांश झा' से बदलकर 'अक्षर झा' कर रहा हूँ।

मैं, रामा देवी पुत्री श्री रामकिशन, स्थायी पता नई तहसील चौराहा, फतेहपुर, उत्तर प्रदेश–212601, घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम रामादेवी गौतम (पुराना नाम) से बदलकर रामा देवी (नया नाम) कर लिया है और अब से मुझे सभी उद्देश्यों के लिए रामा देवी (नया नाम) के नाम से जाना जाएगा।

मैं, बैज नाथ पुत्र श्री राम पाल, स्थायी पता मान भवन शीशहर नई तहसील, अस्ती चौराहा, फतेहपुर, आबूनगर, फतेहपुर, उत्तर प्रदेश– 212601, घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम बैजनाथ गौतम (पुराना नाम) से बदलकर बैज नाथ (नया नाम) कर लिया है और अब से मुझे सभी उद्देश्यों के लिए बैज नाथ (नया नाम) के नाम से जाना जाएगा।

मैं, सानों पाठक, पुत्रों कृष्ण कुमार पाठक, जन्म 26/01/2006, निवासी पूरे राजा सरनाम सिंह, गौरा, गौरिगंज, अमेठी, उ.प्र., ने अपना नाम शिवानी में बदल लिया है, खबरदार हलफनामा दिनांक 04 अप्रैल 2026, गौरिगंज। 50287072

मैं धर्मा देवी पत्नी राम किशोर निवासी ग्राम तमोरिया, लखनऊ ने नाम बदलकर धर्मावती रख लिया है। शपथ-पत्र 30.03.2026 नोटरी, लखनऊ। 00130063460

मैंने अपने पुत्र का नाम अद्विक त्रिपाठी से बदलकर श्रीयम अद्विक त्रिपाठी सभी उद्देश्यों हेतु कर दिया है। जितेन्द्र कुमार, पुत्र इच्छाराम, निवासी 116, मोतीगंज, भरथना, सेंट्रल बैंक के पास, भरथना, इटावा, उ.प्र.–206242

सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक सूचना

[illegible]

Praveen Rastogi (Advocate) Enrl. No. D-344/[illegible]

PUBLIC NOTICE

Public at large is hereby informed that my client **ASHISH SON OF SHRI RAJINDER PRASAD R/O D-9, UPPER GROUND FLOOR, PRITHVI RAJ ROAD, ADARSH NAGAR, DELHI-110033,** do hereby solemnly affirm and state that his name is mentioned as **ASHISH** as per his Aadhar Card No. **4707-2119-9895** and **ASHISH KUMAR** in his **BANK OF BARODA A/C NO.33280100003067.** My client declare that both ASHISH KUMAR and **ASHISH** are the names of one and the same person. Henceforth, my client shall be known as **ASHISH** for all future purposes.

Sd/-
ANKUR DIXIT
Advocate
Enrl. No. D-2152/2014
D-2/A, Rana Pratap Road, Adarsh Nagar, Delhi-110033

PUBLIC NOTICE

General Public is hereby informed that under instructions from and on behalf of my client/s **ASHOK KUMAR VIRMANI** S/O BASANT LAL, R/o, BG-5A/28A, LIG Flats, Paschim Vihar, New Delhi-110063, have disowned/debarred/ discard his Son **VIVEK VIRMANI** his wife **SHELKA VIRMANI** & their Son **ARYAN VIRMANI** from all his immovable properties and moveable assets, and severed all relations with them due to their dis-obedience & mis-behavior. Any body dealing with them, will do at his/her /their own risks, costs and responsibility & my client/s & all their other family members shall not be responsible for any acts done by them. **J.C. Trikha** (Advocate) Ch.No.M-4, Tis Hazari Courts, Delhi-110054.

PUBLIC NOTICE

MY CLIENT SH. JEETENDER TEBAK S/O VISHWANATH TEBAK, R/O C5A/11, JANAK PURI NEW DELHI-110058. DISINHERITED/ DISOWNED/DEBARRED MY SON DEEPANSHU TABAK AND HIS WIFE SEEMA TEBAK AND HIS ALL CHILDREN FROM HIS ALL MOVEABALE & IMMOVEABLE PROPERTIES/ASSETS AND HER SHALL NOT RESPONSIBLE FOR ANY MATTER OF DEEPANSHU TABAK AND HIS WIFE SEEMA TEBAK HAVE NOT ANY TYPE OF RELATION WITH HIM.

Sd/- B.B.N. DEO, Advocate
S.R.IInd,B Coumpus, Janak Puri,ND-58

PUBLIC NOTICE

Notice is being given hereby in public that my client **Smt. Indira Singhal & Pramod Kr Singhal** R/o 167/F1, Rose Park, Shalimar Garden Ext-1 Sahibabad-201005, have disinherited, disowned, & debarred her Son **Amit Singhal** & his wife **Ankita Sahu** from all relations and their moveable & immoveable properties due to their constant disobedient attitude & misbehavior hence my clients shall not be responsible for any kind of actions done by them in future.

TARUN KR. TOMAR (Advocate)
Ch.No. F-611, KKD Court, Delhi

PUBLIC NOTICE

Be it known to public at large that my client **Sardarni Parmjeet Kaur** W/o Shri Rajinder Singh, aged about 56 years, R/o House No.-WZ-38 C/1, Mansarover Garden, West Delhi, New Delhi-110015, has debarred and disowned her middle son **Sardar Jaspreet Singh Arsi**, his wife/daughter-in-law of my client **Sardarni Twinklejeet Kaur** and their minor son namely **Harsehaj Singh** from all her movable and immovable properties because of their bad habits and rude behaviour towards my client which is non-tolerable in a civilized society. If any person deals with them, will do so at his/her own risk, cost and consequences and my client will not be responsible to any one in any manner for the same.

Sd/-
VINEET SHARMA
Advocate
Enrl. No. D/479/1996(R)
Off.: F-12/31, Opp. BSES Office
Krishna Nagar, Delhi - 110051

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता हैं की मेरे मुवक्किलों **श्री सुभाष सिंह** पुत्र श्री घसीटा सिंह और **श्रीमति पुष्पा पत्नी** श्री सुभाष सिंह निवासी मकान न. 13/7, लक्ष्मी पार्क, कुंवर सिंह नगर, नांगलोई पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110041, ने अपने पुत्र **शिवम सिंह** को उसके द्वारा किए गये दुराचरण, दुर्व्यवहार के कारण अपनी सभी चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं, और आज के बाद **शिवम सिंह** का मेरे मुवक्किलों तथा उनके परिवार के साथ कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा तथा शिवम सिंह पर हुये लेन देन, पुलिस केस, मुकदमेबाजी आदि की जवाब देई मेरे मुवक्किलों तथा उनके परिवार की नही होगी तथा इसके लिये भविष्य में वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

पूनम (अधिवक्ता)
चे.टी–1ई, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली–110054।

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल कामेश्वर गुप्ता पुत्र बफोरा गुप्ता निवासी बी–208, गली नं0 1, बाबा कॉलोनी, वी.टी.सी. बुराडी, दिल्ली–110084, ने अपने पुत्र दलीप कुमार को अभद्र व्यवहार व नियन्त्रण से बाहर होने के कारण इसे अपनी सभी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है । भविष्य में इसके किसी भी कृत्य /लेन–देन/मुकदमें आदि के लिये मेरे मुवक्किल व उनके परिवार जन उत्तरदायी नहीं होगें ।

Sd/-
A.SHINGAL (Advocate)
Enrl. No. D/1994/2013

PUBLIC NOTICE

Information is given to general public at large that my clients Jwala Advance Technology LLP who is the owner of Residential Plot No. 9, Block B-1, area measuring 1133.3 sq. yards, situated at Sector-11, DLF Model Town, Tehsil Ballabgarh, District Faridabad, Haryana by virtue of Sale Deed dated 27.11.2024 executed by Mrs. Sakshi Malik. Doc. No. 5774. Sale Deed dated 16.09.1980 executed by DLF Universal Limited in the favour of Mr. Bhushan Kumar and Mr. Gulshan Rai Malik in respect of the property. Doc. No. 431 AND Sale Deed dated 24.04.1995 executed by Mr. Gulshan Ray in the favour of Mrs. Asha Malik in respect of the property has been lost and the complaint has been lodged vide Application No. 132250212600157. If any one finds the said document, please send back to the above-mentioned address. Misuse of the same may attract legal action.

Any person(s), institution(s) having any claim and/or objection in respect of the said property shall communicate the same to the undersigned at our address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person(s)/institution(s) shall not be binding upon the said property or purchaser.

Mohd K. Hussain (Advocate)
D-21, Basement, Block D, Jangpura Extn. New Delhi -110014, Mob.:8810391672

सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्री लोकेश अग्रवाल और श्रीमती प्रीति अग्रवाल, जिन्होंने LIC हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (LICHFL) से लोन के लिए अप्लाई किया था, ने श्रीमती दारोपदी देवी की मौत की सूचना दी है, जिनकी मृत्यु 25.04.2021 को हुई थी। यह लोन फ्रीहोल्ड बिल्ट अप प्रॉपर्टी नंबर 2886 से संबंधित है, जिसका एरिया 84.5 SQ. YDS. है, यानी 70.65 SQ. MTRS. गली नंबर 215, पुराना प्लॉट नंबर 16, गांव चौकी मुबारकाबाद, आबादी जिसे विश्राम नगर, त्रि नगर दिल्ली–110035 के नाम से जाना जाता है, के इलाके में है। यह भी बताया जाता है कि बेचने वालों, यानी श्रीमती मेहर कौर के पास ऊपर बताए गए मरे हुए व्यक्ति का जीवित सदस्य सर्टिफिकेट और मृत्यु सर्टिफिकेट नहीं है और उन्होंने बताया है कि इस प्रॉपर्टी का कोई और कानूनी वारिस नहीं है।

यदि किसी व्यक्ति को उपर्युक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का दावा, अधिकार, स्वामित्व अथवा हित हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करे। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और उसे त्यागा हुआ माना जाएगा।

Sd/-
SUBHASH GUPTA
ADVOCATE
D-446/2002

PUBLIC NOTICE

I, **Rajendra Kumar Gautam**, Son of Late Shri Mool Chand, along with my wife, **Smt. Nirmal Gautam**, both residents of FU-10, Pitampura, Delhi, do hereby solemnly declare that we have severed all relations with our younger son, **Shri Gaurav Gautam,** and our daughter-in-law, **Smt. Shivani Gautam** and their legal heir. We further declare that **Shri Gaurav Gautam** and **Smt. Shivani Gautam** and their legal heir shall have no right, title, interest, or claim whatsoever in any of our movable or immovable properties self-acquired by us, whether presently owned or acquired in the future. Any person entering into any transaction with them in respect of our properties shall do so at their own risk and responsibility, and such transactions shall not be binding upon us, and neither we nor our legal heirs shall be held liable for any such acts or transactions. We hereby revoke and declare as null and void the notice published in the Vividha newspaper dated 10.02.2021, as the same is no longer valid. We state that we are presently residing peacefully with our elder son and daughter-in-law, who are taking proper care of us at this stage of our lives; however, our younger son, **Shri Gaurav Gautam**, and his wife, **Smt. Shivani Gautam**, have been continuously harassing us and may attempt to unlawfully usurp our property. Hence, I renounce my younger son namely **Mr. Gaurav Gautam** and his wife namely **Mrs. Shivani Gautam** and their son.

Sd/-
Richa Sandilya
Advocate
E-124, Greater Kailash-1
Delhi-110048

व्यक्तिगत

सूचना

मैं, हरिश्चन्द्र चौरसिया पुत्र छेदा लाल चौरसिया, निवासी [illegible], राम नगर, पोस्ट रामनगर [illegible], जिला बाराबंकी सूचित करता हूं कि मेरा एवं मेरे पिता का सही नाम हरिश्चन्द्र चौरसिया तथा छेदा लाल चौरसिया है जो मेरे आधार कार्ड मे अंकित है, जबकि कुछ अन्य प्रपत्रों मे त्रुटिवश मेरा नाम हरिश्चंद और पिता का नाम छेदा लाल अंकित हो गया है। सभी प्रपत्रों मे इसे सही करते हुए भविष्य मे मुझे तथा मेरे पिता को हरिश्चन्द्र चौरसिया एवं छेदा लाल चौरसिया के नाम से जाना व पहचाना जावे।

खोया+पाया

Lost all original chain papers/documents of Plot bearing Khasra No.266&267, Village Sahibabad, Daulatpur, Prahlad Vihar, Delhi-110042, area meas 200 sq.yds. Finder contact: Anuradha Narula w/o Rajiv Narula & Manju Narula w/o Sanjay Narula, Mob.no.8287595318. 0040848208-1

Lost Original documents i.e. Sale Deed /Registry P.No.256/9, Gali.No.07, Kishan Ganj,Padam Nagar, Delhi,in the name of S.Balwant Singh, S/o S.Roor Singh. 0040848230-7

खोया–पाया

हमारा एक ट्रांसफर लीज डीड जो दिनांक 30.12.2009 को बही सं 1 जिल्द सं. 5264 पृष्ठ सं. 17 से 36 पर क्रमांक 12921 रजिस्ट्रीकृत किया गया था। वास्तव मे खो गया है। इलैक्ट्रो ट्रांसफार्मर, इंडस्ट्रियल एस्टेट, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर

खोया–पाया

मैं, जेबा शाहीन, पुत्री इफ्तिखार उद्दीन, निवासी दिल्ली और पीएनबी बैंक की कर्मचारी, ने पंजाब नेशनल बैंक द्वारा जारी की गई 'जनरल बैंकिंग पावर ऑफ अटॉर्नी' (GBPA) खो दी है, जिसका GBPA नंबर 0045522 है। यदि किसी को यह मिले, तो कृपया मोबाइल नंबर 9680908497 पर संपर्क करें।

सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल रीता देवी धर्मपत्नी स्व. श्री विजय कुमार निवासी म.न. 446/ए, गली न.9, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, करावल नगर, दिल्ली–110094 ने अपने पुत्र शरद श्रीवास्तव उर्फ दीपू और पुत्रवधु कृतिका श्रीवास्तव को उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है, और उनसे अपना रिश्ता नाता तोड़ लिया है और भविष्य में उनके दुष्यकार्यों व लेन–देन के लिए मेरे मुवक्किल रीता देवी उत्तरदायी / जिम्मेदार नही होगी।

KAMAL SINGH (Advocate)
Regn. No. D-748/14

PUBLIC NOTICE

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किला श्रीमती कैलाशी देवी पत्नी स्वर्गीय श्री पलक धारी यादव निवासी G-3/37सेक्टर-16, रोहिणी दिल्ली 110089 ने अपने दोनों बेटों 1.ओम प्रकाश यादव व इसकी पत्नी गीता यादव 2.अशोक कुमार यादव व इसकी पत्नी प्रिया कुमारी को अपनी सभी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है,इनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य या लेनदेन के लिए मेरी मुवक्किला श्रीमती कैलाशी देवी या उनके परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा यदि कोई भी व्यक्ति इनसे किसी भी तरह का लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं उत्तरदायी होगा ।

TUSHAR SHARMA Advocate,
Off: B-1/103, St No.4, Sant Nagar
Burari Delhi 110084 Ph. 9999592027

सार्वजनिक सूचना

यूपीएसआईडीसी ने उक्त इंडस्ट्रियल प्लॉट सं. के–13, के–14 और के–15, जो इंडस्ट्रियल एरिया एग्रो पार्क–II, ग्राम गुग्गौर, प्रगना व तहसील–फतेहपुर, जिला– बराबंकी में स्थित हैं, मेसर्स ट्रू एडवाइजर्स प्रा. लि. के नाम आवंटन पत्र के अनुसारः प्लॉट के–13ः पत्र सं. 3172 / एसआईडीसी दिनांक 22.05.2006 एवं पत्र सं. 3368 / एसआईडीसी दिनांक 12.08.2014, प्लॉट के–14ः पत्र सं. 3180 / एसआईडीसी दिनांक 22.05.2006 एवं पत्र सं. 563 / एसआईडीसी दिनांक 06.05.2013, प्लॉट के–15ः पत्र सं. 2330 / एसआईडीसी दिनांक 04.05.2006 एवं पत्र सं. 2590 / एसआईडीसी दिनांक 06.11.2013 आवंटित किए।

उक्त प्लॉट्स के–13, के–14 और के–15, इंडस्ट्रियल एरिया एग्रो पार्क–II, ग्राम गुग्गौर, प्रगना व तहसील–फतेहपुर, जिला–बराबंकी से संबंधित मूल दस्तावेज़ (आवंटन पत्र और कब्जा प्रमाण पत्र) खो गए हैं।

मेसर्स ट्रू एडवाइजर्स प्रा. लि. अब उक्त संपत्ति को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एसएमई निराला नगर (शाखा कोड–63814) से ऋण लेने के लिए गिरवी रखना चाहती है।

किसी प्रकार की आपत्ति होने पर कृपया श्री अम्बरीश द्विवेदी (मुख्य प्रबंधक–एसबीआई) से मोबाइल नंबर 7600052920 पर संपर्क करें।

सार्वजनिक सूचना

मैं, रिंकी उपाध्याय पत्नी रंजीत उपाध्याय निवासी हाउस नंबर–ए–603, रोहतास प्लूमेरिया होम्स, विभूति खंड गोमती नगर, लखनऊ पिन कोड–226010

मैं मकान संख्या 8बी / 36, सेक्टर–8बी, वृंदावन योजना–2, लखनऊ का स्वामी हूं, जो श्री रंजीत उपाध्याय द्वारा दिनांक 27 / 10 / 2023 को मेरे पक्ष में निष्पादित उपहार विलेख के माध्यम से प्राप्त हुआ है, जिसका पंजीकरण दिनांक 27 / 10 / 2023 को बही संख्या–1, जिल्द संख्या–11801, पृष्ठ 305 से 320, क्रम संख्या–36711, उप रजिस्ट्रार कार्यालय–सरोजिनी नगर, लखनऊ में हुआ था।

1. मैं श्री रंजीत उपाध्याय के पक्ष में दिनांक 29 / 07 / 2006 के लैमिनेटेड मूल विलेख / बिक्री विलेख के आधार पर बंधक बनाना चाहता / चाहती हूँ, जो दिनांक 29 / 07 / 2006 को बही संख्या–1, जिल्द संख्या–7724, पृष्ठ 259 से 300, दस्तावेज़ संख्या–6594 में उप रजिस्ट्रार–I, लखनऊ के कार्यालय में पंजीकृत है।
2. संपत्ति का विवरणः– मकान संख्या–8बी / 36, सेक्टर–8बी, वृंदावन योजना–2, लखनऊ में स्थित है।
3. मैं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, विभूति खंड शाखा, गोमती नगर, लखनऊ से संपत्ति के बदले ऋण लेने के लिए बंधक करना चाहती हूं।
4. यदि किसी पक्ष को उक्त संबंधित संपत्ति के संबंध में कोई दावा / आपत्ति है, तो उसे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर इच्छुक पक्ष और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की उपरोक्त शाखा में दर्ज कराना होगा।

एस.बी.आई.विभूति खण्ड शाखा, शाखा कोड 16726,
संपर्क नंबर +918090861181
रिंकी उपाध्याय, मोबाइल नंबर 9436002486

नई दिल्ली

सरकार ने भवन नियमितीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाया

'जहां है, जैसा है' के आधार पर कच्ची कालोनियां होंगी पक्की

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

केंद्र सरकार ने मंगलवार को दिल्ली की अनधिकृत कालोनियों में संपत्तियों के पंजीकरण और निर्माण गतिविधियों के लिए अनुमति प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए संशोधित 'जहां है, जैसा है' आधारित नियमितीकरण नीति की घोषणा की। इस निर्णय से दिल्ली के 45 लाख लोगों को फायदा होगा। साथ ही उन घरों को भी राहत मिलने का रास्ता साफ हो गया, जिन पर कई कारणों से तलवार लटकी हुई थी। संशोधित नीति के तहत दिल्ली की कुल 1,731 अनधिकृत कालोनियों में से 1,511 कालोनियों में पहले से निर्मित भवनों के पंजीकरण के लिए एक लेआउट योजना की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। इसके अलावा, अब दिल्ली सरकार का राजस्व विभाग स्वामित्व विलेख जारी करेगा, ना कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए)।

> *भवनों* के पंजीकरण के लिए एक लेआउट योजना की आवश्यकता समाप्त।

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को बताया कि केंद्र सरकार ने दिल्लीवासियों को स्वामित्व अधिकार प्रदान करने के लिए 2019 में पीएम–उदय योजना लागू की थी। अब इन कालोनियों को जहां है, जैसा है आधार पर नियमित करने से इन संपत्तियों के पंजीकरण को प्रोत्साहन मिलेगा। इस फैसले के बाद अब अनधिकृत कालोनियों में रह रहे लोगों को न केवल कानूनी स्वामित्व प्राप्त होगा, बल्कि नागरिकों को दिल्ली नगर निगम के मानदंडों के अनुसार, अपने घरों का निर्माण या पुनर्निर्माण करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की विरासत संबंधी मुद्दों का समाधान करते हुए भविष्य के लिए दिल्ली शहर को तैयार किया जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले से उन परिवारों की लंबे समय से चली आ रही चिंताएं खत्म हो जाएगी। जो अभी तक वह अपने घरों में रहने के बावजूद कानूनी अधिकारों से वंचित हैं। केंद्र के फैसले से 1731 अनधिकृत कालोनियों में से 1511 का नियमितीकरण संभव हो पाया है।

उन्होंने कहा कि संशोधित नीति के तहत संपत्तियों के स्वामित्व के लिए आवेदन 24 अप्रैल से पीएम–उदय पोर्टल के माध्यम से आनलाइन जमा किए जा सकते हैं। इसके लिए एक सुनियोजित समय–सीमा निर्धारित की गई है। इसके तहत सात दिनों के भीतर जीआइएस सर्वेक्षण होगा और 15 दिनों के भीतर आवेदन में मौजूद कमियों का निवारण और 45 दिनों के भीतर हस्तांतरण विलेख जारी किया जाएगा।

प्रमुख बिंदू

1. 1511 अनधिकृत कालोनियों को अनुमोदित लेआउट योजनाओं की आवश्यकता के बिना किया जाएगा नियमित।
2. इन कालोनियों में सभी भूखंडों और भवनों का भूमि उपयोग आवासीय माना जाएगा।
3. 20 वर्ग मीटर तक के सुविधा स्टोरों को नियमित किया जाएगा, यदि उन्हें छह मीटर का मार्ग उपलब्ध हो।
4. एमसीडी नियमितीकरण प्रमाणपत्र जारी करेंगे, खाली भूखंडों का सर्वेक्षण करेगी और नागरिक आधारभूत ढांचा के विकास में सहायता करेगी।
5. दिल्ली का राजस्व विभाग पात्र निवासियों को हस्तांतरण विलेख–अधिकार पर्ची जारी करेगा।

मंगोलपुरी में बुजुर्ग ने गोली मारकर आत्महत्या की

नई दिल्ली, 7 अप्रैल (संवाददाता)।

बाहरी दिल्ली इलाके मंगोलपुरी में 80 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक उमराव सिंह, पीतमपुरा के सुविधा कुंज के निवासी थे और वह संपत्ति व्यवसाय से जुड़े थे।

उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार सुबह मंगोलपुरी थाने को घटना की सूचना मिली, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची और सिंह को गोली लगने की वजह से जख्मी हालत में पाया। पुलिस के मुताबिक, चिकित्सा परीक्षण के दौरान सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि सिंह ने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारी। फिलहाल किसी तरह की साजिश की आशंका नहीं है और जांच शुरू कर दी गई है। परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि सिंह कुछ समय से अस्थमा और तंत्रिका संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे।

फर्जी काल सेंटर का भंडाफोड़, 12 गिरफ्तार

नई दिल्ली, 7 अप्रैल (संवाददाता)।

दिल्ली पुलिस ने पालिसी बेचकर लोगों को ठगने वाले एक फर्जी काल सेंटर का भंडाफोड़ किया है और इसके दो मालिकों समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह गुरु अर्जुन नगर इलाके से संचालित हो रहा था। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर एक टीम ने गुरु अर्जुन नगर स्थित रतन लाल परिसर पर छापा मारा और धोखाधड़ी के इस केंद्र का भंडाफोड़ किया।

छापेमारी के दौरान, टीम ने काल सेंटर में मौजूद सभी 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जिनमें दो कथित मालिक सौरभ और शाहनवाज भी शामिल हैं। इन दोनों की उम्र 28 वर्ष है। पुलिस ने परिसर से 10 टेली–कालर को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान अंजलि (25), कशिश (21), रजनी (20), गुनमान (21), पूजा (30), कविता (26), मंजू (20), रक्षा (22), इमरान (20) और अनु (29) के तौर पर हुई है।

भाजपा ने की पुलिस आयुक्त से खरगे की शिकायत

नई दिल्ली, 7 अप्रैल (संवाददाता)।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा असम में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा की तुलना सांप से किए जाने पर विवाद बढ़ गया है। भाजपा की प्रदेश इकाई ने इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा से मुलाकात कर शिकायत पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी और कमलजीत सहरावत के अलावा अधिवक्ता संकेत गुप्ता और मीडिया विभाग प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर शामिल रहे।

दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में चूक बर्दाश्त नहीं : विजेंद्र गुप्ता

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

दिल्ली विधानसभा परिसर में जबरन घुसे वाहन की घटना ने सुरक्षा एजंसियों की लापरवाही को उजागर किया है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को अपने कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिकारियों को साफ कर दिया कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी प्रवेश द्वारों पर हाइड्रोलिक रोड ब्लाकर्स लगाने, प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था को सुदृढ़ करने और परिसर के भीतर अधिक प्रभावी एवं त्वरित प्रतिक्रिया देने वाली सुरक्षा व्यवस्था विकसित करने के निर्देश भी दिए हैं।

गुप्ता ने कहा कि तैयारी के साथ–साथ जवाबदेही भी जरूरी है। उन्होंने सीआरपीएफ और दिल्ली पुलिस के बीच एक एकीकृत कमान (सिंगल पाइंट आफ अथारिटी) बनाने पर जोर दिया, ताकि आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई हो सके। उन्होंने सभी एजंसियों को वास्तविक समय में सूचना साझा करने का निर्देश दिया। प्रवेश व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर देते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि सभी प्रवेश और निकास द्वारों पर सख्त नियंत्रण, बेहतर निगरानी और मजबूत बुनियादी ढांचा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक द्वार पर दिल्ली पुलिस/सीआरपीएफ के कम से कम दो प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती हो, जिन्हें आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएं और उनकी जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से तय हों, ताकि समन्वित सतर्कता बनी रहे। अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बिना उचित सुरक्षा जांच और अनुमति के किसी भी वाहन को किसी भी स्थिति में परिसर में प्रवेश न दिया जाए।

दो पुलिसकर्मी निलंबित, जांच तेज

दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए एक उप–निरीक्षक और एक सहायक उप–निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। दोनों पुलिसकर्मी दिल्ली पुलिस की सुरक्षा इकाई में तैनात थे। प्रारंभिक जांच के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। अधिकारियों के अनुसार, विधानसभा की सुरक्षा में लापरवाही को गंभीरता से लिया गया है और आगे की जांच जारी है। मंगलवार को मामले को लेकर उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विशेष आयुक्त, संयुक्त आयुक्त और डीसीपी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

आरोपी को आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

दिल्ली की एक अदालत ने यहां विधानसभा परिसर में जबरन वाहन के साथ प्रवेश करने वाले आरोपी चालक को मंगलवार को आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। आरोपी सरबजीत सिंह को मंगलवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्तिक टपारिया के समक्ष पेश किया गया। पुलिस ने शुरुआत में 10 दिन की हिरासत मांगी थी, लेकिन अदालत ने आठ दिन की पुलिस हिरासत की अनुमति दी। सिंह ने खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाई और ऐसा प्रतीत होता है कि उसका इरादा ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को कुचलने का था।

दिल्ली सरकार ने दिए सख्त निर्देश

सड़क खोदने से पहले लेनी होगी अनुमति, जमा कराना पड़ेगा शुल्क

भूपेंद्र पांचाल
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

राजधानी की अनधिकृत कालोनियों में बिना अनुमति के सड़कों की खुदाई करने को लेकर अब दिल्ली सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। शहरी विकास मंत्री आशीष सूद के कड़े रुख के बाद विभाग ने एक बार फिर सभी सरकारी या निजी विभागों के साथ–साथ एजंसियों के लिए निर्देश जारी किए हैं कि बिना तय शुल्क जमा कराए सड़क खोदने की अनुमति नहीं मिलेगी।

विभाग ने खासकर अनधिकृत कालोनियों में काम करने वाली नामित निष्पादन एजंसियों (सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और डीएसआइआइडीसी) को स्पष्ट कर दिया है कि वह अनधिकृत कालोनियों में सड़क खोदने की अनुमति मांगने वाली एजंसी के अनुरोधों पर विचार करेंगी।

> **इसके** अलावा विभाग को इसकी भी रपट देनी होगी कि क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत या पुनर्निर्माण कर दिया गया है।

इस तरह के अनुरोध के लिए जीएसडीएल (दिल्ली भू–स्थानिक लिमिटेड) द्वारा संचालित पीडब्ल्यूडी के पीडीएम पोर्टल (योजना, खुदाई और निगरानी प्रणाली) या आफलाइन माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। इतना ही नहीं, एजंसियों को कार्यों की तकनीकी व्यवहार्यता की जांच भी करनी होगी और निर्धारित अनुमानित बहाली शुल्क का आकलन भी करना होगा। शहरी विकास विभाग का मानना है कि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और डीएसआइआइडीसी पर ही अनधिकृत कालोनियों की सड़कों के रखरखाव करने का जिम्मा है।

ऐसे में यह दोनों एजंसी ही संबंधित विभाग या एजंसी से सड़क बहाली शुल्क वसूलने के बाद ही अनधिकृत कालोनियों में सड़क काटने की अनुमति जारी करेंगी और कार्य पूरा होने के बाद आइएंडएफसी और डीएसआइआइडीसी आम लोगों की सुविधा के मद्देनजर क्षतिग्रस्त सड़क की तुरंत मरम्मत कराएगी। खास बात यह है कि शहरी विकास विभाग ने इन दोनों निष्पादन एजंसियों की यहीं तक जिम्मेदारी तय नहीं की है बल्कि इनको हर माह इसकी रपट भी भेजनी होंगी। सड़कों की खुदाई करने की अनुमति देने और सड़क बहाली शुल्क वसूलने की पूरी जानकारी यूडी विभाग को देनी होगी।

गाजीपुर, नरेला, ओखला और तेखंड में कचरे से बिजली बनाने के संयंत्र लगेंगे

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के विभिन्न विकास कार्यों, विशेषकर कूड़ा प्रबंधन एवं सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने के उद्देश्य से उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कूड़ा प्रबंधन को तकनीकी रूप से उन्नत बनाने पर जोर देते हुए गाजीपुर, नरेला, ओखला और तेखंड में अत्याधुनिक तकनीक से युक्त कचरे से बिजली उत्पादन संयंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही, जैविक कचरे के बेहतर उपयोग के लिए मुख्यमंत्री ने गोबर गैस संयंत्रों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दिशा में गोयला डेरी, घोघा और गाजीपुर में तीन नए संयंत्र शीघ्र शुरू किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने एमसीडी के अंतर्गत संचालित लगभग 1000 शौचालयों एवं यूरिनल ब्लाकों को नए स्वरूप में विकसित करने के लिए आवश्यक बजट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केवल निर्माण ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इन सुविधाओं का संचालन भी उच्च स्तर का होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सार्वजनिक सुविधाओं के लिए ऐसी कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे वहां किसी प्रकार की दुर्गंध न रहे, नियमित सफाई सुनिश्चित हो।

मुख्यमंत्री ने गंदगी फैलाने वालों पर लगाए गए जुर्मानों की प्रभावी वसूली सुनिश्चित करने के लिए सख्त रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाना अनिवार्य है और इसके लिए निगरानी तंत्र को और मजबूत किया जाए। डीडीए के बाजारों में सफाई व्यवस्था को एमसीडी के माध्यम से संचालित करने के मुद्दे पर भी गंभीर मंथन हुआ। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस विषय पर डीडीए के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखें और सभी बाजारों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, रेलवे ट्रैक के किनारे कूड़ा हटाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान की समीक्षा की गई।

‘मिशन अनमोल’ में हर वर्ष होगी ढाई लाख नवजात की जांच

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

दिल्ली सरकार ने मिशन अनमोल को लागू करने की मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत बड़े स्तर पर नवजात शिशु की जांच का कार्यक्रम शुरू हो सकेगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राजधानी में जन्म लेने वाले हर शिशु में जन्मजात बीमारियों की समय पर पहचान कर उनका उचित इलाज सुनिश्चित करना है।

इसके कार्यान्वयन में सहायता के लिए 148 पद स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें मौजूदा 73 प्रयोगशाला और फील्ड कर्मचारियों के पदों को जारी रखने के साथ 60 स्टाफ नर्सों और 15 आप्टोमेट्रिस्ट के रूप में अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति को भी मंजूरी दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि मिशन अनमोल पहल के तहत अब हर वर्ष 1.5 लाख की जगह लगभग 2.5 लाख नवजात शिशुओं की पूरी जांच की जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में लगभग हर नवजात की जांच सुनिश्चित की जा सके।

धनशोधन मामले में सुकेश चंद्रशेखर को मिली जमानत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

दिल्ली की एक अदालत ने आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के दो पत्तियां चुनाव चिह्न से जुड़े धनशोधन मामले में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर को मंगलवार को जमानत दे दी।

> **जेल** से नहीं आएगा बाहर।

अदालत ने कहा कि वह धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत निर्धारित अधिकतम सात साल की सजा के आधे से अधिक समय तक हिरासत में रह चुका है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि स्वतंत्रता को संविधान में सबसे पवित्र मानक माना गया है। अदालतें विशेष कानूनों या आर्थिक अपराधों को ढाल बनाकर सरकार के साथ साठगांठ करते हुए अपने फैसलों में केवल स्वतंत्रता का उपदेश नहीं दे सकतीं। चंद्रशेखर इस मामले में एक अप्रैल, 2022 से जेल में है। हालांकि वह अपने खिलाफ दर्ज अन्य लंबित मामलों में जेल में ही रहेगा। उसे अपने खिलाफ दर्ज 31 मामलों में से 26 में जमानत मिल चुकी है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का मामला 2017 में दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि चंद्रशेखर ने अन्नाद्रमुक नेता टीटीवी दिनाकरन के लिए मध्यस्थ के रूप में काम किया।

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

भारतीय जीवन बीमा निगम
पीसीएमसी विभाग, जीवन सेवा एनेक्स, प्रथम तल,
एस.वी. रोड, सांताक्रूज़ (पश्चिम), मुंबई 400054

निविदा सूचना

भारतीय जीवन बीमा निगम ऑनलाइन प्रीमियम एवं अन्य भुगतानों के संग्रह हेतु विभिन्न प्लेटफॉर्म के माध्यम से **Payment Aggregator** के चयन के लिए प्रस्ताव (RFP) आमंत्रित करता है।

RFP संदर्भ/ LIC/CO/CRM/PS/PA/RFP/2026-27 दिनांक 07/04/2026.

बोली जमा करने की अंतिम तिथि/	**07/05/2026 (by 15:00 Hrs)**
RFP दस्तावेज डाउनलोड करने हेतु –	**https://licindia.in/web/guest/tenders** **https://eprocure.gov.in/epublish/app** **https://www.tenderwizard.com/LIC**

दिनांक: 08.04.2026

कार्यकारी निदेशक
(ग्राहक संबंध प्रबंधन– बीमा सेवा)

पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय – खिचड़ीपुर, दिल्ली–110091

फर्मों से पंजीकरण हेतु आमंत्रण

पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय खिचड़ीपुर द्वारा सत्र 2026–27 हेतु विभिन्न सेवाओं/सामग्री की आपूर्ति के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मों से पंजीकरण आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक पंजीकृत फर्में विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति हेतु अपना पंजीकरण Registered Post/ E-mail (pmshrikvkhichripur@kvsrodelhi.in) के माध्यम से दिनांक 20.04.2026 तक प्रेषित कर सकती हैं। अधिक जानकारी/विवरण हेतु विद्यालय की वेबसाइट https://khicharipur.kvs.ac-in का अवलोकन करें।

अरविंद कुमार, प्राचार्य

इंडियन बैंक Indian Bank

कॉर्पोरेट कार्यालय, मानव संसाधन विभाग
254–260, अव्वै षण्मुगम सालै,
रायपेट्टा, चेन्नै – 600 014 .

विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती – 2026

इंडियन बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक, जिसका मुख्यालय चेन्नै में है, वेतनमान I, II और III में निम्नलिखित पदों के लिए विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

क्र.सं	विशेषज्ञता / संवर्ग	III	II	I	कुल
1	कंप्यूटर / आईटी इंजीनियर		25		25
2	सीसीडी/विपणन		10		10
3	ऋण अधिकारी / वित्त अधिकारी / एफए	50	200		250
4	सनदी लेखाकार		10		10
5	सुरक्षा			10	10
6	डीलर / फॉरेक्स अधिकारी	5			5
7	जोखिम अधिकारी	15			15
8	ट्रेजरी	5			5
9	एचआर / कार्मिक		10		10
10	आर्किटेक्ट / इंजीनियर			5	5
11	धन प्रबंधक		5		5
	कुल	**75**	**260**	**15**	**350**

महत्वपूर्ण तिथियों की समय–सारिणी	
उम्मीदवारों द्वारा आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान (ऑनलाइन)	**08.04.2026 से 28.04.2026 (दोनों दिन शामिल है)**

विस्तृत विज्ञापन और ऑनलाइन आवेदन के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट **www.indianbank.bank.in** के 'करियर' पेज पर जाएं।

स्थान : चेन्नै
दिनांक: 08.04.2026

मुख्य महाप्रबंधक
(सीडीओ एवं सीएलओ)

उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी
ग्रेनो में बनेगा मेट्रो विश्वविद्यालय

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 7 अप्रैल।

उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने मंगलवार को ग्रेनो में मेट्रो विश्वविद्यालय बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में उच्च शिक्षा से जुड़े इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली। जिसके तहत ग्रेनो में मेट्रो विश्वविद्यालय खोला जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में भाग लेते मंत्री।

उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के मुताबिक, यह फैसला उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के नियमों के तहत लिया गया है। इस कानून के जरिए राज्य में निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना, उनके संचालन और नियंत्रण के लिए स्पष्ट व्यवस्था की गई है। इससे शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी और छात्रों को नए अवसर मिलेंगे। साथ ही युवाओं को आधुनिक तकनीक और रोजगार से जुड़ी पढ़ाई का लाभ मिलेगा। जिससे उनके भविष्य को नई दिशा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि योगी सरकार उच्च शिक्षा के विस्तार, गुणवत्ता संवर्धन और निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। नए विश्वविद्यालयों की स्थापना से प्रदेश में शिक्षा के साथ-साथ रोजगार और कौशल विकास के अवसर भी बढ़ेंगे।

नोएडा स्थित सनहिल हेल्थकेयर प्रालि को ग्रेनो प्राधिकरण से आबंटित 26.1 एकड़ जमीन पर मेट्रो विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जिसे विधिक प्रावधानों तहत मंजूरी दी गई है। इसके लिए उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची में संशोधन करते हुए उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2026 प्रख्यापित किए जाने और प्रायोजक संस्था को संचालन प्राधिकार-पत्र निर्गत करने का निर्णय लिया गया है।

शराब के नशे में पिता और चाचा की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

दिल्ली के उत्तम नगर में शराब के नशे में हुए झगड़े में अपने पिता और चाचा की हत्या करने के आरोप में 22 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि घटना के बाद से आरोपी ईश्वर फरार था, लेकिन उसे एक पुख्ता सूचना पर सोमवार को पकड़ लिया गया।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि चार अप्रैल को पुलिस को इस घटना के बारे में सूचना मिली, जिसके आधार पर देवेंद्र कुमार (50) और उनके भाई अमित (48) के शव एक कमरे से बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि कमरा अस्त-व्यस्त पड़ा था और वहां शराब की बोतलें बिखरी पड़ी थीं। जांच दल और फारेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल का मुआयना किया और सबूत जुटाए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल भेजा गया। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पोस्टमार्टम रपट से पता चला कि दोनों व्यक्तियों की मौत हमले के कारण लगी आंतरिक चोटों से हुई। जांच के दौरान पता चला कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआइसी) में कार्यरत देवेंद्र हाल में अपने भाई और बेटे के साथ किराए के मकान में रहने आए थे। मकान मालिक ने पुलिस को बताया कि तीन अप्रैल की रात को उसे अपने किराएदार के यहां झगड़े की सूचना मिली और जब वह मौके पर पहुंचा, तो ईश्वर ने दरवाजा खोला। पुलिस ने मकान मालिक के हवाले से बताया कि ईश्वर नशे की हालत में लग रहा था तथा उसे शांत करने के बाद वह (मकान मालिक) अपने घर लौट गया। बाद में मकान मालिक को सूचना मिली कि देवेंद्र की हत्या कर दी गई है और जब वह दोबारा घर पहुंचा तो उसे दोनों भाई मृत मिले। बेटे ईश्वर ने कथित तौर पर झगड़े के दौरान अपने पिता और चाचा पर हमला किया और फिर मौके से फरार हो गया। ईश्वर को मोहन गार्डन इलाके से गिरफ्तार किया गया।

खबर कोना

पुलिस मुख्यालय में की गई कैंसर की जांच

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में कैंसर जांच व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर संस्थान की क्लिनिकल आन्कोलाजी विभागाध्यक्ष डाक्टर प्रज्ञा शुक्ल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाकर और सुलभ जांच सेवाएं उपलब्ध कराकर कैंसर की शुरुआती पहचान और रोकथाम को बढ़ावा देना है। शिविर में स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर की नि:शुल्क जांच की सुविधा प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, एचपीवी-डीएनए स्व-परीक्षण किट, विशेषज्ञ परामर्श, शैक्षिक सत्र तथा स्तन स्व-परीक्षण का प्रशिक्षण भी दिया गया। शिविर में पीएसए प्रोस्टेट कैंसर के लिए 42 पुलिस कर्मियों की जांच की गई। वहीं मुंह के कैंसर स्क्रीनिंग में 55 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों ने जांच कराई। नौ महिला पुलिस की मैमोग्राफी की गई। जबकि 18 लोगों की एचपीवी परीक्षण किया गया।संस्थान के निदेशक डाक्टर विनोद कुमार ने कहा कि कैंसर से लड़ाई में शुरुआती पहचान सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। इन जैसी पहलों के माध्यम से हम जागरूकता और इलाज के बीच की खाई को पाटने का प्रयास कर रहे हैं।

दिल्ली-एनसीआर में हुई तेज बारिश, नारंगी चेतावनी जारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार रात को आंधी और गरज के साथ तेज बारिश हुई। जिसके बाद मौसम विभाग ने नारंगी चेतावनी जारी की। मौसम विभाग ने नारंगी चेतावनी के तहत निवासियों को आंधी और गरज के साथ बारिश के लिए तैयार रहने की सलाह दी है। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में औसतन 6.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। विभाग के अनुसार, शहर में दिन भर रुक-रुककर बारिश होती रही। सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच सफदरजंग और लोधी रोड में 3-3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बुधवार को भी राजधानी में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से काफी कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो की मौत, चालक फरार

जनसत्ता संवाददाता
गाजियाबाद, 7 अप्रैल।

गाजियाबाद के लोनी थाना अंतर्गत बंथला-चिरोड़ी मार्ग पर मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवारों दो लोगों की मौत हो गई। निठौरा गेट के समीप दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास एक तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप और विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप वाहन बंथला फ्लाईओवर की दिशा से चिरोड़ी की ओर जा रहा था। तभी यह भीषण भिड़ंत हुई। टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्ति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को लोनी बार्डर स्थित 59 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस जांच में मृतकों की शिनाख्त अफजलपुर निस्तोली निवासी 48 वर्षीय राजेश और महल कालोनी बंथला निवासी 52 वर्षीय धर्मवीर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। फिलहाल, दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से भागने में सफल रहा, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है। पुलिस ने कई टीमें गठित की हैं व चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

सड़क हादसे में एक की गई जान, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 7 अप्रैल (संवाददाता)।

बाहरी दिल्ली के पश्चिम विहार पूर्व इलाके में तेज रफ्तार से जा रहे एक ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक ले कर चालक भाग निकला, जिसे बाद में पकड़ लिया गया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात को पश्चिम विहार पूर्व पुलिस थाना क्षेत्र में पंजाबी बाग से पीरागढ़ी चौक की ओर जाने वाले रास्ते पर सड़क हादसा होने की जानकारी पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन काल पर मिली। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां पीरागढ़ी कैंप निवासी कृष्ण मोहन सड़क पर मृत पड़ा था। मोहन की मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हालत में घटनास्थल पर मिली। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने वाहन के साथ फरार होने की कोशिश कर रहे ट्रक चालक को कुछ दूरी पर ही पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। उसने बताया कि आरोपी चालक की पहचान सौरभ कुमार (26 वर्ष) के रूप में हुई। शुरुआती जांच के मुताबिक, ट्रक चालक ने मौके से भागने की कोशिश करने से पहले, मोटरसाइकिल को टक्कर मारी थी।

मौसम
नई दिल्ली में मंगलवार को बारिश का लुत्फ उठाते लोग।

न्यू नोएडा के लिए एक माह में भूमि अधिग्रहण की तैयारी

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 7 अप्रैल।

> न्यू नोएडा के लिए मुआवजा दर यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की तर्ज पर रखे जाने की सहमति बनी है।

दो सौ नौ किलोमीटर में बसने वाले न्यू नोएडा के लिए जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया आगामी एक से डेढ़ महीने में शुरू करने की तैयारी है।

अधिग्रहण कार्य के लिए कुछ पदों और अधिकारियों का चयन पहले ही कर लिया गया था, लेकिन मुआवजा दर निर्धारण में देरी की वजह से इसे शुरू नहीं किया जा सका। गत सोमवार को हुई नोएडा की 222वीं बोर्ड बैठक में न्यू नोएडा के लिए मुआवजा दर यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की तर्ज पर रखे जाने की सहमति बनी है। जिसके बाबत करीब आठ सौ करोड़ रुपए आरक्षित किए गए हैं। प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक, यीडा की तर्ज पर यहां 4300 प्रति वर्ग मीटर मुआवजा दर होगी, जिसकी अंतिम मंजूरी के लिए दर निर्धारण प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है। वहां से मंजूरी मिलने के साथ पहले चरण की अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

दादरी-नोएडा-गाजियाबाद निवेश क्षेत्र, यानी न्यू नोएडा को गौतमबुद्ध नगर और जनपद बुलंदशहर के 80 गांवों की जमीन पर विकसित किया जाना है। यह औद्योगिक शहर मास्टर प्लान-2041 तक 20,000 हेक्टेयर से अधिक में फैलेगा, जिसमें करीब तीन हजार औद्योगिक इकाइयां होंगी। न्यू नोएडा के लिए अक्तूबर 2024 में अधिसूचना जारी की गई थी। न्यू नोएडा के लिए जमीन अधिग्रहण प्रारूप को लेकर लखनऊ में एक प्रस्तुतिकरण दिया गया था। साथ ही समझौते के आधार पर भी जमीन लेने के लिए किसानों से बातचीत की जा रही है।

गाजियाबाद में 16वीं मंजिल से गिरकर युवती की मौत

गाजियाबाद, 7 अप्रैल (संवाददाता)।

इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित जयपुरिया सनराइज ग्रीन सोसाइटी में मंगलवार सुबह एक 18 वर्षीय युवती की 16वीं मंजिल से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान संध्या के रूप में हुई है, जो मूल रूप से हरदोई की रहने वाली थी और वर्तमान में अपने परिवार के साथ कनावनी गांव में रह रही थी। घटना सुबह करीब सवा छह बजे की है। बताया जा रहा है कि जब युवती जमीन पर गिरी, तब वह अर्धनग्न अवस्था में थी, जिसे देख सोसाइटी के लोग सन्न रह गए। आनन-फानन में पुलिस को सूचित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संध्या के पिता सुखदेव कनोजिया सोसाइटी में कपड़े स्त्री (प्रेस) करने का काम करते हैं। संध्या खुद उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही थी और रोजाना सुबह दौड़ने जाती थी। मंगलवार सुबह भी वह घर से कसरत के लिए निकली थी, लेकिन वह जयपुरिया सोसाइटी के सी ब्लाक की 16वीं मंजिल पर कैसे पहुंची और किन परिस्थितियों में नीचे गिरी, यह अभी रहस्य बना हुआ है। पुलिस जांच में एक महत्त्वपूर्ण तथ्य सामने आया है। सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग खंगालने पर संध्या लिफ्ट के भीतर अकेली जाते हुए दिखाई दे रही है। हालांकि, परिजनों ने आत्महत्या की बात को सिरे से खारिज किया है। पिता सुखदेव का आरोप है कि उनकी बेटी के साथ कोई साजिश हुई है। उनका कहना है कि संध्या को किसी ने बहाने से ऊपर बुलाया और फिर वहां से धक्का दे दिया। वहीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की हर पहलू से तफ्तीश कर रही है।

नोएडा में 300 टन कचरे का होगा निस्तारण, संयंत्र लगाएगी आइजीएल

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 7 अप्रैल।

औद्योगिक महानगर में गीले कचरे के निस्तारण के लिए आइजीएल एक कंप्रेस्ड बायो-गैस संयंत्र लगाएगा। करीब तीन सौ टन क्षमता वाले इस संयंत्र पर करीब ढाई सौ करोड़ रुपए खर्च होंगे। यहां बनने वाली बायोगैस का शहर में इस्तेमाल किया जाएगा। इस परियोजना को अस्तौली में लगाया जाएगा।

गौरतलब है कि नोएडा में फिलहाल रोजाना एक हजार टन कचरा निकल रहा है। भविष्य में 1200 से लेकर 1500 टन कचरा प्रतिदिन के निस्तारण की चुनौती होगी। नोएडा प्राधिकरण का एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड से कुल 600 टन कचरा प्रतिदिन के निपटारे का करार किया है। यह संयंत्र लगाने का करीब पचास फीसद काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा 40-40 टन प्रतिदिन की क्षमता के छह ैडिसेंट्रलाइजड इंटीग्रेटड म्यूनिसिपल सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांटै लगाए जा रहे हैं। जिसके चलते 240 टन कचरे का रोजाना निस्तारण किया जा सकेगा। अब प्राधिकरण तीन सौ टन प्रतिदिन की क्षमता का एक नया एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र और लगाने जा रहा है। जिसकी क्षमता को बढ़ाकर 500 टन प्रतिदिन किया जा सकता है। यहां एक ही स्थान पर गीले और सूखे कूड़े का निवारण हो जाएगा।

प्रारूप संख्या आईएनसी–26

{कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में}

केन्द्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र निदेशालय 1, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के समक्ष

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 (5) (ए) के मामले में

और

जी–टैक इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड

(**सीआईएन:** U74140UP2008PTC034745)

जिसका पंजीकृत कार्यालय : **सी –27 विक्रांत खंड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, भारत–226010** में हैं, के मामले में

....आवेदक कंपनी/याचिकाकर्ता

एतद्द्वारा सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि यह आवेदक कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन का प्रस्ताव करती है, जिसमें कंपनी का पंजीकृत कार्यालय **"उत्तर प्रदेश राज्य"** से **"हरियाणा राज्य"** में स्थानांतरित करने के लिए **18 मार्च, 2026** को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की पुष्टि करने की मांग की गई है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो **निवेशक शिकायत प्ररूप फाइल कर एमसीए–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है** या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो, के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह (14) दिनों के भीतर **क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र निदेशालय 1, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी–2 विंग, दूसरा तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली–110003** पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय पते पर भी भेजें।

सी –27 विक्रांत खंड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, भारत–226010

आवेदक के लिए और आवेदक की ओर से
जी-टैक इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/–
अमित कुमार अग्रवाल
(निदेशक)
डीआईएन : 03426915

दिनांक : 07.04.2026
स्थान : लखनऊ

प्रारूप संख्या आईएनसी–26

{कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में}

केन्द्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र निदेशालय 1, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के समक्ष

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 (5) (ए) के मामले में

और

केकेएम प्रीफैब प्राइवेट लिमिटेड

(**सीआईएन:** U45201DL2003PTC123560)

जिसका पंजीकृत कार्यालय : **C/o 6 संजय मार्केट, ग्रेटर कैलाश I, नई दिल्ली–110048** में हैं, के मामले में

....आवेदक कंपनी/याचिकाकर्ता

एतद्द्वारा सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि यह आवेदक कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन का प्रस्ताव करती है, जिसमें कंपनी का पंजीकृत कार्यालय **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** से **"हरियाणा राज्य"** में स्थानांतरित करने के लिए **सोमवार, 18 मार्च, 2026** को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की पुष्टि करने की मांग की गई है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो **निवेशक शिकायत प्ररूप फाइल कर एमसीए–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है** या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो, के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह (14) दिनों के भीतर **क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र निदेशालय 1, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी–2 विंग, दूसरा तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली–110003** पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय पते पर भी भेजें।

C/o 6 संजय मार्केट, ग्रेटर कैलाश I, नई दिल्ली–110048

आवेदक के लिए और आवेदक की ओर से
केकेएम प्रीफैब प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/–
जसबीर सिंह देसवाल
(निदेशक)
डीआईएन : 00427546

दिनांक : 07.04.2026
स्थान : दिल्ली

फॉर्म नं. आईएनसी–26

[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]

क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (उत्तरी क्षेत्र निदेशालय क, नई दिल्ली) के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) के साथ पठित कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (क) के मामले में

तथा

ट्रिपल प्ले ब्रॉडबैंड प्राइवेट लिमिटेड (CIN: U32204DL2007PTC168410), जिसका पंजीकृत कार्यालयः ख. नं. 540/180, पोल नं. 217, ग्राम बिजवासन, सोइवाला कुआँ के पास, दक्षिण पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली - 110061 पर स्थित है, के मामले में

.....आवेदक

एतद्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (रा.रा.क्षेत्र) दिल्ली" से बदलकर "हरियाणा राज्य" में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 31.03.2026 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरेंडमऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत आवेदक कंपनी केंद्र सरकार के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे अपनी आपत्ति **MCA-21** पोर्टल (**www.mca.gov.in**) पर निवेशक शिकायत फॉर्म भरकर प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा उसके नीचे दिए गए पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र निदेशालय क, नई दिल्ली के पास जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजेः

ख. नं. 540/180, पोल नं. 217, ग्राम बिजवासन, सोइवाला कुआँ के पास, दक्षिण पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली - 110061

ट्रिपल प्ले ब्रॉडबैंड प्राइवेट लिमिटेड की ओर से और उनके लिए
हस्ता./–
नवनीत सेठी
(निदेशक)
DIN: 01953974

दिनांकः 08/04/2026
स्थानः नई दिल्ली

SBI भारतीय स्टेट बैंक

तनावग्रस्त आस्तियां वसूली शाखा

द्वितीय तल, पटना मुख्य शाखा भवन, पश्चिमी गाँधी मैदान, पटना–800001 फोन नं०: 0612–2999140, ई–मेल: sbi.05176@sbi.co.in

सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अन्तर्गत सम्पत्ति के कब्जा के संबंध में सूचना का प्रकाशन

प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट/SARFAESI Act) 2002 (2002 का 54) के तहत सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति निहित हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 धारा 13(12) नियम 3 के साथ पठित है, के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए खातों के सामने अंकित तिथि को, जैसा कि बाद में उल्लेखित है, निम्नलिखित ऋण/जमानतदार को माँग नोटिस जारी किया गया था, जिसमें उन्हें उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर नोटिस में उल्लेखित राशि वापस करने का अनुरोध किया गया था।

चूँकि ऋणी/जमानतदारों देय राशि के भुगतान करने में असफल रहे एतद् द्वारा ऋणी/जमानतदारों तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) जो उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित है, के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए खातों के सामने अंकित तिथि को उक्त सम्पत्ति पर कब्जा कर लिया है जो यहाँ नीचे उल्लिखित है।

विशेषकर ऋणी/जमानतदारों एवं सम्पत्ति मालिक तथा सामान्यतः आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति के साथ कोई लेन–देन न करें तथा इस सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन–देन भारतीय स्टेट बैंक के देय राशि तथा उस पर ब्याज एवं अन्य खर्च के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/जमानतदार का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

खाता/ऋणी का नाम एवं पता	सम्पत्ति का प्रोपराइटर/पार्टनर्स/जमानतदार/मालिक का नाम	बंधक/भार सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि एवं कब्जा सूचना की तिथि	बकाया धनराशि
उधारकर्ता: मेसर्स संजु कुमारी, प्रो. –श्रीमती संजु कुमारी	जमानतदार: श्री अनिल कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह एवं श्री अरविन्द कुमार सिंह	जमीन एवं भवन का साम्यिक बंधक जो श्री मुन्ना सिंह पिता–शिवाजी सिंह, मौजा–हकिमपुर, थाना नं.–157, थाना–डुमराव, जिला–बक्सर, अंचल–डुमराव, खाता नं.–26, प्लॉट नं.–15 एवं 16, रकवा–1 कट्ठा 05 धुर, सेल डीड नं.–643 तिथि 22/01/2014, चौहद्दी: उत्तर–निज मनमोकिर, दक्षिण–रास्ता, पूरब–चान्ट, पश्चिम–कनक सिंह एवं मयूर सिंह।	11.07.2025 एवं 22.12.2025	**₹4,31,85,253/-** दि. 30.06.2025 तक इसके अलावा अतिरिक्त बढ़ा हुआ ब्याज, शुल्क, अन्य विविध व्यय आदि दिनांक 01.07.2025 से प्रभावी।

दिनांक : 22.12.2025
स्थान : डुमरावं

नोटः–विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्तियां वसूली शाखा, पटना

This advertisement is for information purposes only and not for publication, distribution or release directly, outside India. This advertisement does not constitute an offer or an invitation or a recommendation to purchase, to hold or sell the securities. This is not an announcement for the offer document. All capitalized terms used herein and not defined herein shall have the meaning assigned to them in the Letter of Offer dated February 28, 2026 ("Letter of Offer" or "LOF") filed with BSE Limited ("BSE"), National Stock Exchange of India Limited ("NSE") and the Securities and Exchange Board of India ("SEBI").

HILTON METAL FORGING LIMITED

CORPORATE IDENTITY NUMBER: L28900MH2005PLC154986

Our Company was incorporated as "Hilton Metal Forging Limited" on July 21, 2005, as a public limited company under the Companies Act, 1956, pursuant to a certificate of incorporation issued by the Registrar of Companies, Mumbai, Maharashtra, (the "RoC") bearing Registration No. 154986 upon conversion of a partnership firm named "M/s Hilton Forge". Our Company received its certificate of commencement of business dated September 09, 2005 from the RoC. For details of the change in the address of the registered office of our Company. For details see 'General Information' on page 41 of this Letter of Offer.

Registered & Corporate Office: 303, Tanishka Commercial Co-op. Society Ltd, Akurli Road, Kandivali East, Mumbai, Kandivali East, Maharashtra, India, 400101;
Telephone: +91 22 4042 6565; **Email:** info@hiltonmetal.com; **Website:** www.hiltonmetal.com
Contact Person: Mrs. Richa Shah, Company Secretary and Compliance Officer

PROMOTERS OF OUR COMPANY: MR. YUVRAJ HIRALAL MALHOTRA, MRS. DIKSHA YUVRAJ MALHOTRA AND MS. YASHIKA YUVRAJ MALHOTRA

FOR PRIVATE CIRCULATION TO THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS OF HILTON METAL FORGING LIMITED ("OUR COMPANY" / "ISSUER") ONLY

ISSUE OF UPTO 1,67,70,000* FULLY PAID-UP EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH ("RIGHTS EQUITY SHARES") OF HILTON METAL FORGING LIMITED (THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹16.68/- EACH INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹6.68/- PER RIGHTS EQUITY SHARE ("ISSUE PRICE") FOR AN AMOUNT AGGREGATING UPTO ₹ 2797.24 LAKHS ON A RIGHTS BASIS TO THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS OF OUR COMPANY IN THE RATIO OF 29 (TWENTY-NINE) RIGHTS EQUITY SHARES FOR EVERY 60 (SIXTY) FULLY PAID-UP EQUITY SHARE HELD BY SUCH ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS AS ON THE RECORD DATE, TUESDAY, FEBRUARY 24, 2026, ("ISSUE"). THE ISSUEPRICE IS 1.67 (ONE POINT SIXTY-SEVEN) TIMES THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARE. FOR FURTHER DETAI LS, KINDLY REFER TO THE SECTION TITLED 'TERMS OF THE ISSUE' BEGINNING ON PAGE 83 OF THE LETTER OF OFFER (the "LOF").

***Assuming full subscription with respect to Rights Equity Shares.**

Assuming full subscription and receipt of all Call Monies with respect to Rights Equity Shares.

PAYMENT SCHEDULE FOR THE RIGHTS EQUITY SHARES

AMOUNT PAYABLE PER RIGHTS EQUITY SHARE*	FACE VALUE (₹)	PREMIUM (₹)	TOTAL (₹)
On Application	10	6.68	16.68

*For details on the payment method, please refer to the chapter titled "Terms of the Issue" on page 83 of this Letter of Offer

BASIS OF ALLOTMENT

The Board of Directors of Hilton Metal Forging Limited wishes to thank all its shareholders and investors for their response to the issue which opened for subscription on Friday, March 06, 2026 and closed on Thursday, April 02, 2026 and the last date for on-market renunciation of Rights Entitlements was Tuesday, March 10, 2026.

Out of the total 2616 Applications for 20092093 Equity Shares, 322 Applications for 534226 Equity Shares were rejected on the basis of Ground for technical rejections as disclosed in the Letter of Offer.

The total number of fully valid applications received were 2294 Applications for 19557867 Equity Shares. In accordance with the Letter of Offer and on the basis of allotment finalized on April 06, 2026, in consultation with the Purva Share registry (India) Private Limited, Registrar to the Issue and NSE, the Designated Stock Exchange for the Issue and the Company has on April 06, 2026 allotted 16770000 Equity Shares to the successful Applicants. All valid applications have been considered for Allotment.

In accordance with the SEBI circular bearing reference number SEBI/HO/CFD/DIL2/ CIR/P/2020/13 dated January 22, 2020, the details of holders of Rights Entitlements ("REs") as on the Issue Closing Date, i.e., Thursday, 2nd April, 2026 has been obtained from the depositories. Based on details of REs of Eligible Equity Shareholders as on the Record Date (i.e., Tuesday, 24th February, 2026.) and list of holders of REs as on the Issue Closing Date, the applications received from the investors have been split into applications received from the Eligible Equity Shareholders and applications received from the Renounces, details of which are stated below:

Sr. no.	Category	Number of Applications	Number of Equity Shares applied for against Res	Number of additional Equity Shares applied for	Total Equity Shares applied for
A.	Eligible Equity Shareholders	2304	6915826	12529053	19444879
B.	Fractional Shareholders	20	20	102346	102366
C.	Renounces*	11	296262	6311	302573
D.	Not Eligible Shareholders	275	0	177111	177111
E.	Invalid Application	6	0	65164	65164
	Total	**2616**	**7212108**	**12879985**	**20092093**

The Investors (identified based on PAN) whose names do not appear in the list of Eligible Equity Shareholders on the record date and who hold the REs as on the Issue Closing Date and have applied in the Issue are considered as the Renounces.

After removing technical rejections (details of which are given in the subsequent paragraphs), the total number of valid applications eligible to be considered for allotment were as detailed below:

Sr. No.	Particulars	Number of Applications	Number of Equity Shares
1	Gross Applications	2616	20092093
2	Less: Rejections	322	534226
	Net valid Applications considered for Allotment (1 - 2)	**2294**	**19557867**

Category	Gross			Less: Rejections/Partial Amount			Valid		
	Applications	Shares	Amount (₹)	Applications	Shares	Amount (₹)	Applications	Shares	Amount (₹)
Eligible Equity Shareholders	2304	19444879	324340581.72	39	291921	4869242.28	2265	19152958	319471339.44
Fraction	20	102366	1707464.88	2	30	500.40	18	102336	1706964.48
Renounces	11	302573	5046917.64	0	0	0.00	11	302573	5046917.64
Not an eligible equity shareholders of the company	281	242275	4041147.00	281	242275	4041147.00	0	0	0.00
Total	**2616**	**20092093**	**335136111.24**	**322**	**534226**	**8910889.68**	**2294**	**19557867**	**326225221.56**

Conclusion

Based on the above discussions, the Basis of Allotment was prepared and it was decided that the same be submitted to NSE, the Designated Stock Exchange, for its approval, along with a set of the relevant documents. Summary of Allotment in various categories is as under:

Category	Number of Equity Shares Allotted - against REs	Number of Equity Shares Allotted - Against valid additional shares	Total Equity Shares Allotted
Eligible Equity Shareholders	6877905	9595833	16473738
Renounces	296262	0	296262
Total	**7174167**	**9595833**	**16770000**

Intimations for Allotment/Refund/Rejection cases: The dispatch of allotment advice-cum-refund/unblocking intimation and the communication of reasons for rejection, as applicable, to the investors has been completed on April 08, 2026. The instructions to the SCSBs for unblocking of funds in case of ASBA applications were issued on April 08, 2026. The listing application was submitted to BSE and NSE on April 7, 2026, and the listing approval is expected to receive on or before April 08, 2026.

The Credit of Equity Shares in dematerialized form to the respective demat accounts of the allottees will be completed on or before April 09, 2026. For further details, please refer to the section titled "Terms of the Issue – Allotment Advice or Refund / Unblocking of ASBA Accounts" on page 83 of the Letter of Offer. Pursuant to the listing and trading approvals granted / to be granted by BSE and NSE, trading in the Rights Equity Shares allotted in the Issue is expected to commence on BSE and NSE on or before April 10, 2026.

INVESTORS MAY PLEASE NOTE THAT THE EQUITY SHARES CAN BE TRADED ON THE STOCK EXCHANGES ONLY IN DEMATERIALISED FORM.

DISCLAIMER CLAUSE OF NSE (THE DESIGNATED STOCK EXCHANGE):

It is to be distinctly understood that the permission given by NSE should not in any way be deemed or construed that the letter of offer has been cleared or approved by NSE, nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the letter of offer. The investors are advised to refer to the letter of offer for the full text of the disclaimer on page 78 under paragraph titled 'Disclaimer Clause of NSE (the Designated Stock Exchange)'.

DISCLAIMER CLAUSE OF BSE

It is to be distinctly understood that the permission given by BSE should not in any way be deemed or construed that the letter of offer has been cleared or approved by BSE nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the letter of offer. The investors are advised to refer to the letter of offer for the full text of the disclaimer on page 77 under paragraph titled 'Disclaimer Clause of BSE.

REGISTRAR TO THE ISSUE

Purva Sharegistry

PURVA SHAREGISTRY (INDIA) PRIVATE LIMITED
Address: Unit No. 9, Ground Floor, Shiv Shakti Industrial Estate, J. R. Boricha Marg, Lower Parel (East), Mumbai – 400011, Maharashtra, India;
Tel No: +91 22 49614132/+91 22 49700138;
Email: newissue@purvashare.com; **Website:** www.purvashare.com
Contact Person: Ms. Deepali Dhuri;
Investor Grievance: newissue@purvashare.com
SEBI Registration Number: INR000001112

Investors may contact the Registrar or the Company Secretary and Compliance Officer for any pre issue or post issue related matter. All grievances relating the ASBA process may be addressed to the Registrar, with a copy to the SCSBs in case of ASBA process, giving full details such as name, address of the Applicant contact number(s), e- mail address of the sole first holder, folio number or demat account number, number of Rights Equity Shares applied for, amount blocked (in case of ASBA process), ASBA Account number, and the Designated Branch of the SCSBs where the Application Form or the plain paper applications as the-case may be, was submitted by the Investors along with a photocopy of the acknowledgement slip (in case of ASBA process).

THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES OR THE BUSINESS PROSPECTS OF THE COMPANY.

For Hilton Metal Forging Limited
Sd/-
Mrs. Richa Shah
Company Secretary & Compliance Officer

Date: April 08, 2026
Place: Mumbai

सेलकॉर गैजेट्स लिमिटेड

सीआईएनः L32300DL2020PLC375196
पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालयः एजी–12, शालीमार बाग, दिल्ली–110088
लैंडलाइनः 011-49934764, 011-49934734, **वेबसाइटः** www.celecor.com, **ई-मेल आईडीः** cs@celecor.in

पोस्टल बैलेट की सूचना तथा ई–वोटिंग की जानकारी

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और नियम 22 (किसी भी वैधानिक संशोधन या तत्समय लागू उसके पुनः अधिनियमन सहित) (**"नियम"**) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 (**"अधिनियम"**) की धारा 110 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, (किसी भी वैधानिक संशोधन या तत्समय लागू पुनः अधिनियमन सहित), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 44 (**"सूचीबद्धता विनियम"**), कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 सपठित इस संबंध में जारी किए गए अन्य प्रासंगिक परिपत्रों, नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 (**"एमसीए परिपत्र"**), सामान्य बैठकों पर भारत के कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानक (**"एसएस–2"**) और किसी भी अन्य लागू कानून, नियम और विनियम (तत्समय लागू होने वाले किसी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमन सहित) के अनुसार, सेलकॉर गैजेट्स लिमिटेड के सदस्यों की मंजूरी लेने के लिए दिनांक 07 अप्रैल, 2026 के पोस्टल बैलेट नोटिस (**"पोस्टल बैलेट नोटिस"**) में निर्धारित व्यवसाय का लेन–देन करने के लिए, पोस्टल बैलेट के माध्यम से उक्त संकल्पों को पारित करके, केवल रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से प्रक्रिया से बैठक आयोजित की जाएगी।

पोस्टल बैलेट नोटिस 07 अप्रैल, 2026 को केवल उन पात्र सदस्यों को ई–मेल द्वारा भेजा जा रहा है, जिन्होंने कट–ऑफ तिथि यानी 03 अप्रैल, 2026 को डिपॉजिटरी/उनके डिपॉजिटरी प्रतिभागी/कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंटों/कंपनी के साथ अपने ई–मेल पते पहले ही पंजीकृत कर लिए है।

रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से पोस्टल बैलेट द्वारा निम्नलिखित संकल्पों के लिए सेलकॉर गैजेट्स लिमिटेड (**"कंपनी"**) के सदस्यों की मंजूरी मांगी जा रही हैः

क्र.सं.	संकल्प का विवरण
1	कंपनी के प्रबंध निदेशक और प्रमोटर श्री रवि अग्रवाल को अधिमानी आधार पर 3,50,00,000 (तीन करोड़ पचास लाख मात्र) तक के पूर्ण परिवर्तनीय वारंट (**"वारंट"**) जारी करना

उपरोक्त परिपत्रों के अनुसार, नोटिस या पोस्टल बैलेट फॉर्म की भौतिक प्रतियों का कोई प्रेषण नहीं होगा।

सदस्यों के मतदान का अधिकार **शुक्रवार, 03 अप्रैल, 2026**, जो इस उद्देश्य के लिए निर्धारित कट–ऑफ तारीख है, को व्यावसायिक घंटों की समाप्ति पर उनके द्वारा धारित इक्विटी शेयरों पर परिगणित किया जाएगा।

कंपनी ने सभी सदस्यों को ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (**"एनएसडीएल"**) की सेवाएं ली हैं। सदस्यों से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि ई–वोटिंग **बुधवार, 08 अप्रैल, 2026 (सुबह 9:00 बजे भा.मा.स.)** को शुरू होगी और **गुरुवार, 07 मई, 2026 (शाम 5:00 बजे भा.मा.स.)** को समाप्त होगी, उसके बाद ई–वोटिंग मॉड्यूल अक्षम कर दिया जाएगा।

कंपनी के निदेशक मंडल (**"बोर्ड"**) ने मैसर्स अनु मल्होत्रा एंड एसोसिएट्स, (सीओपी नंबरः 16221) की प्रोपराइटर सुश्री अनु मल्होत्रा, कंपनी सचिव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से पोस्टल बैलेट आयोजित करने के लिए संवीक्षक (**"संवीक्षक"**) के रूप में नियुक्त किया हैं।

पोस्टल बैलेट सूचना कंपनी की वेबसाइट यानी www.cellecor.com और एनएसडीएल की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर और स्टॉक एक्सचेंज यानी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

पोस्टल बैलेट का परिणाम अध्यक्ष/कार्यकारी निदेशक या कंपनी सचिव या किसी अधिकृत व्यक्ति द्वारा ई–वोटिंग अवधि के समापन से दो कार्य दिवसों के भीतर घोषित किया जाएगा और इसे स्टॉक एक्सचेंज, जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं यानी www.nseindia.com को सूचित किया जाएगा और कंपनी की वेबसाइट यानी www.celecor.com और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ प्रदर्शित किया जाएगा।

जिन सदस्यों ने अब तक अपने ई–मेल पते पंजीकृत नहीं कराएँ है, उनसे अनुरोध है कि वे उक्त नोटिस में दिए गए निर्देश देखें।

किसी भी पूछताछ के मामले में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders तथा e-voting user manual for Shareholders देख सकते हैं या 022-4886 7000 और 022-2499 7000 पर कॉल कर सकते हैं या evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं।

कृते **सेलकॉर गैजेट्स लिमिटेड**
बिन्दु गुप्ता
मुख्य वित्त अधिकारी

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 07 अप्रैल, 2026

DELHIVERY

डेल्हीवरी लिमिटेड

पोस्टल बैलेट की सूचना ("नोटिस")

कम्पनी के सदस्यों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियम, 2014 (**"नियम"**) के नियम 20 एवं 22 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 (**"अधिनियम"**) की धारा 108 एवं 110 तथा अन्य सभी लागू प्रावधानों, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 (**"सेबी सूचीबद्धता विनियम"**), सेबी सूचीबद्धता विनियम के अन्य लागू प्रावधानों, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (**"सेबी"**) द्वारा जारी किसी परिपत्र तथा समय–समय पर संशोधित भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान द्वारा आम बैठकों पर सचिवीय मानक (**"एसएस–2"**), प्रत्येक, तथा कोई अन्य लागू कानून और विनियम (तत्समय लागू किसी भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमन सहित), कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (**"एमसीए"**) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, और इस संबंध में जारी किए गए बाद के परिपत्र, सबसे नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 (**"एमसीए परिपत्र"**), तथा अन्य लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार, पोस्टल बैलेट नोटिस में निर्धारित प्रस्तावों पर सदस्यों की सहमति प्राप्त करने के लिए पोस्टल बैलेट नोटिस इलेक्ट्रॉनिक रूप से उन सदस्यों को भेजा गया है, जिनका ईमेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स् (**"डीपी"**)/एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) (**'एमआईआईपीएल'**), कम्पनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट के पास **शुक्रवार, 3 अप्रैल, 2026** (**"कट–ऑफ तिथि"**) तक पंजीकृत है। कम्पनी ने **मंगलवार, 7 अप्रैल, 2026** को पोस्टल बैलेट नोटिस का इलेक्ट्रॉनिक प्रेषण पूरा कर लिया है।

एमसीए के प्रासंगिक परिपत्रों के अनुसार, नोटिस की भौतिक प्रति, पोस्टल बैलेट फॉर्म और प्रीपेड बिजनेस लिफाफे के साथ भेजने की आवश्यकता को स्थगित कर दिया गया है। तदनुसार, सदस्यों को अपनी सहमति या असहमति केवल नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (**"एनएसडीएल"**) द्वारा प्रदान की गई रिमोट ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से व्यक्त करनी होगी।

एतद्द्वारा सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

1. रिमोट ई–वोटिंग अवधि **बुधवार, 8 अप्रैल, 2026 को सुबह 9:00 बजे (भा.मा.स.)** से शुरू होगी और **गुरुवार, 7 मई, 2026 को शाम 5:00 बजे (भा.मा.स.)** (दोनों दिन सम्मिलित) समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके बाद वोटिंग के लिए एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। एक बार जब सदस्य किसी प्रस्ताव पर वोट डाल देता है, तो सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं होगी।
2. सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे। कोई व्यक्ति जो कट–ऑफ तिथि तक सदस्य नहीं है, वो नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से लेना चाहिए।
3. यह नोटिस कम्पनी की वेबसाइट **www.delhivery.com**, स्टॉक एक्सचेंजों यानी बीएसई लिमिटेड (**"बीएसई"**) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (**"एनएसई"**) की वेबसाइट क्रमशः **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** पर और एनएसडीएल की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध होगा।
4. निदेशक मंडल ने मेसर्स वीएपीएन एंड एसोसिएट्स के पार्टनर श्री प्रभाकर कुमार, कंपनी सेक्रेटरी इन प्रैक्टिस (सदस्यता संख्या एफसीएस 5781, सीओपी संख्या 10630) या उनकी अनुपस्थिति में मेसर्स वीएपीएन एंड एसोसिएट्स के पार्टनर श्री अशोक, कम्पनी सेक्रेटरी इन प्रैक्टिस (सदस्यता संख्या एसीएस 55136, सीओपी संख्या 20599) को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से पोस्टल बैलेट का संचालन करने के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।
5. रिमोट ई–वोटिंग के लिए विस्तृत निर्देश नोटिस में दिए गए हैं। सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपनी सहमति या असहमति व्यक्त करते समय नोटिस में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और **गुरुवार, 7 मई, 2026 को शाम 5:00 बजे (भा.मा.स.)** से पहले रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करें।
6. कोई भी सदस्य, जो कट–ऑफ तिथि तक शेयर धारण करता है और जिसे इलेक्ट्रॉनिक डिस्पैच की तिथि के बाद नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है, वह नोटिस में उल्लिखित निर्देशों का पालन करके या **evoting@nsdl.com** पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालाँकि, यदि कोई व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग के लिए पहले से ही एनएसडीएल या सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड के साथ पंजीकृत है, तो वह नोटिस में दिए गए निर्देशों के अनुसार अपना वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता है।
7. जिन सदस्यों ने अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट करें और भौतिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में फॉर्म आईएसआर–1 में सेबी द्वारा अधिदेशित दस्तावेजों के साथ एमआईआईपीएल, कम्पनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट को लिखकर भेजें।
8. पोस्टल बैलेट के परिणाम अधिकतम **सोमवार, 11 मई, 2026** तक घोषित किए जाएंगे। घोषित परिणाम और संवीक्षक की रिपोर्ट कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रदर्शित की जाएगी और साथ ही साथ क्रमशः एनएसई और बीएसई को भी सूचित की जाएगी, जहां कंपनी के शेयर वर्तमान में सूचीबद्ध हैं। इसके अतिरिक्त, परिणाम कम्पनी की वेबसाइट **www.delhivery.com** और एनएसडीएल की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर भी अपलोड किए जाएंगे।
9. ई–वोटिंग की अंतिम तिथि, अर्थात् **गुरुवार, 7 मई, 2026**, वह तिथि होगी जिस दिन अपेक्षित बहुमत से अनुमोदित होने पर प्रस्तावों को पारित माना जाएगा।

यदि आपके पास रिमोट ई–वोटिंग सुविधा से संबंधित कोई प्रश्न है, तो कृपया **www.evoting.nsdl.com** पर डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध Frequently Asked Questions (FAQs) तथा e-voting user manual for Shareholders देखें या सुश्री पल्लवी म्हात्रे–सहायक उपाध्यक्ष को **evoting@nsdl.com** पर अनुरोध भेजकर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से संपर्क करें या 022–4886 7000 पर कॉल करें या कंपनी के अनुपालन अधिकारी को **corporateaffairs@delhivery.com** पर ईमेल लिखें।

डेल्हीवरी लिमिटेड के लिए
मधुलिका रावत
कम्पनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
सदस्यता संख्याः एफ8765

दिनांकः 7 अप्रैल, 2026
स्थानः मुंबई

पंजीकृत कार्यालयः एन24–एन34, एस24 एस34, एयर कार्गो लॉजिस्टिक्स सेंटर–II, गेट 6 कार्गो टर्मिनल के सामने, आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली–110037 | **कॉर्पोरेट कार्यालयः** प्लॉट नंबर 5, सेक्टर–44, गुरुग्राम 122002, हरियाणा
वेबसाइटः www.delhivery.com | **फोनः** +91 124 6225600 | **ईमेलः** corporateaffairs@delhivery.com
सीआईएनः L63090DL2011PLC221234

कल्पमेधा

आपको जो भी मिला है, उसका अधिक मूल्यांकन न करें और न ही दूसरों से ईर्ष्या करें। वे लोग जो दूसरों से ईर्ष्या करते हैं, उन्हें मन की शांति कभी प्राप्त नहीं होती।

– गौतम बुद्ध

युद्ध की आग

ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध को अब एक महीना से ज्यादा हो चुका है, लेकिन अब भी तनाव और टकराव की आक्रामकता में कोई कमी नहीं देखी जा रही है। बीच-बीच में युद्ध विराम की बात उठती है और अगले ही दिन पहले से ज्यादा तीव्रता वाले हमलों के बीच गुम होकर रह जाती है। खबरों के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान के खर्ग द्वीप पर फिर हमला किया। इसके अलावा, ईरान के अल्बोर्ज प्रांत में हुए ताजा हवाई हमले में कम से कम अठारह लोगों की मौत हो गई। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस धमकी ने वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ा दी है कि अगर ईरान मंगलवार रात आठ बजे तक होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही पूरी तरह बहाल नहीं करता है, तो उसके सभी बिजली संयंत्रों और पुलों पर बमबारी की जाएगी। सवाल है कि क्या अमेरिका को इस बात की फिक्र है कि नागरिक ढांचों पर होने वाले हमलों को युद्ध अपराधों के दायरे में देखा जा सकता है। ईरान में हमले की वजह से एक स्कूल की कई बच्चियों की मौत को लेकर पहले ही अमेरिका-इजराइल के रवैये पर तीखे सवाल उठ चुके हैं।

ऐसा लगता है कि इस युद्ध में हमले के ठिकाने चुनने के मसले पर मानवीयता के प्रश्न पीछे छूट गए हैं। जहां इजराइल और अमेरिका की ओर से ईरान पर मिसाइल की मार करने से लेकर बमबारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है, तो वहीं ईरान ने भी इजराइल सहित मध्य-पूर्व के देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला करने में कोई कमी नहीं की है। इससे इतर युद्ध की वजह से मध्य-पूर्व के समूचे प्रभावित इलाके में जिस पैमाने पर कच्चे तेल का उत्पादन और उसका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है, उसका असर समूची दुनिया पर किसी न किसी रूप में पड़ रहा है। बहुत सारे देशों में तेल, गैस और खाद की आपूर्ति बाधित हुई है। विडंबना यह है कि यह सब देखने-समझने के बावजूद युद्ध को खत्म करने या कम से कम कुछ दिनों के विराम की बात भी ठोस तरीके से सिरा नहीं पकड़ रही है। एक ओर अमेरिका के राष्ट्रपति आए दिन ईरान में सब कुछ नष्ट कर देने की धमकी देते हैं, तो दूसरी ओर ईरान इसका जवाब देने की बात करता है।

तनाव के स्वरूप का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि ईरान ने पैंतालीस दिन के युद्धविराम के प्रस्ताव को खारिज कर दिया और कहा कि वह युद्ध की स्थायी और पूर्ण समाप्ति तथा फिर से ईरान पर आक्रमण नहीं किए जाने की गारंटी चाहता है। एक तरह से ईरान की इस मांग को समझा जा सकता है कि कूटनीतिक प्रयासों की सार्थकता तभी है, जब किसी भी वार्ता के माध्यम से स्थायी समाधान तक पहुंचा जा सके। अगर हल निकालने के लिए चल रही बातचीत में कोई तात्कालिक आश्वासन दिया जाता है और उसमें विश्वसनीयता की कमी होगी, तो ऐसे प्रयास युद्ध के मूल कारणों को दूर करने में नाकाम रहेंगे। बल्कि इसके विपरीत नतीजे भी निकल सकते हैं। जाहिर है, कुछ समय के युद्धविराम की गुंजाइश निकालने के बजाय संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने के उपायों पर पहुंचने के उद्देश्य से बिना देर किए शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। मगर अभी युद्ध को लेकर जिस तरह की जिद देखी जा रही है, उससे किस तरह का समाधान निकाला जा सकता है। व्यापक पैमाने पर विनाश के बाद जब युद्ध थमेगा, तब किसी भी तरह के समाधान की कीमत क्या होगी?

धमकियों का जाल

देश भर में शिक्षा संस्थानों, अस्पतालों, सरकारी भवनों और अन्य सार्वजनिक स्थलों को बम से निशाना बनाने की झूठी धमकियों का बढ़ता सिलसिला सुरक्षा की लिहाज से चुनौती बन गया है। ई-मेल या फिर सोशल मीडिया के जरिए इस तरह की धमकियां दी जाती हैं, जिससे न केवल लोगों में दहशत फैलती है, बल्कि सुरक्षा एजंसियों का कीमती समय और संसाधन भी बर्बाद होते हैं। बीते सोमवार को चंडीगढ़ के कई स्कूलों और सरकारी इमारतों को बम से उड़ाने की धमकियां ई-मेल पर दी गईं, हालांकि जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। संभवतः धमकी देने वालों का मकसद महज दहशत फैलाना ही रहा होगा। मगर सवाल है कि आखिर इस तरह की घटनाओं पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? क्या सुरक्षा एजंसियां धमकी देने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने में तकनीकी रूप से सक्षम नहीं है? ये प्रश्न इसलिए महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं, क्योंकि इस तरह के ज्यादातर मामलों में पुलिस या अन्य जांच एजंसियां अपराधियों तक पहुंच ही नहीं पाती हैं।

गौरतलब है कि हाल के वर्षों में बम की झूठी धमकियां देने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। मई, 2024 में दिल्ली-एनसीआर में एक ही दिन में करीब ढाई सौ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी से पुलिस के हाथ-पांव फूल गए थे। हालांकि, इस तरह की तमाम धमकियां झूठी साबित हुईं हैं, लेकिन इससे जहां दहशत का माहौल पैदा हो जाता है, वहीं जांच एजंसियों के सामने कई चुनौतियां पैदा हो जाती हैं। ऐसे मामलों में अब तक की जांच में सामने आया है कि धमकी भरे ज्यादातर ई-मेल वीपीएन यानी वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए विदेशी आइपी पते से भेजे जाते हैं। मगर आज डिजिटल तकनीक इतनी विकसित हो चुकी है कि इसके जरिए दुनिया के किसी भी कोने में छिपे अपराधी को खोजा या पकड़ा जा सकता है। मगर पुलिस और अन्य जांच एजंसियों में अलग से बनाई गई साइबर शाखाओं के विशेषज्ञ क्या डिजिटल तकनीक में इतने पारंगत नहीं हैं कि वे ऐसे अपराधियों का पता लगा सकें? सरकार और प्रशासन को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा, क्योंकि यह केवल दहशत फैलाने का मामला नहीं है, बल्कि देश की सुरक्षा और तकनीकी क्षमता का भी सवाल है।

जलवायु संकट से जटिल होती चुनौतियां

जलवायु संकट केवल पर्यावरणीय आपदा नहीं, बल्कि बहुआयामी चुनौती है। यह आर्थिक असमानता को गहरा रही है और सामाजिक स्थिरता को मुश्किल में डाल रही है। यह समस्या केवल मौसमी अनियमितताओं तक सीमित नहीं है। यह प्रणालीगत विफलता का भी द्योतक है।

अजय प्रताप तिवारी

वैश्विक प्रगति की दौड़ में, जहां मानव सभ्यता सतत विकास को आत्मसात करने का प्रयास कर रही है, वहीं जलवायु परिवर्तन एक अदृश्य, लेकिन दुर्जेय अवरोध के रूप में उभरा है। आज के विश्व में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में निहित आर्थिक समृद्धि, सामाजिक समानता और पर्यावरणीय संतुलन के त्रिविमीय उद्देश्य बाढ़, सूखा और प्राकृतिक आपदाओं की भंवर में उलझ जाते हैं। जलवायु संकट केवल पर्यावरणीय आपदा नहीं, बल्कि बहुआयामी चुनौती है। यह आर्थिक असमानता को गहरा रही है और सामाजिक स्थिरता को संकट में डाल रही है। यह संकट केवल मौसमी अनियमितताओं तक सीमित नहीं है। यह प्रणालीगत विफलता का भी द्योतक है।

हिमालयी क्षेत्रों में हिमनदों के तेजी से पिघलने से जल संसाधनों का संकट बढ़ रहा है। यह स्थिति भारत की कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगी, जहां साठ फीसद से अधिक जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। संयुक्त राष्ट्र की हालिया रपट चेतावनी देती है कि यदि वैश्विक तापमान वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार कर जाती है, तो सतत विकास लक्ष्य जैसे- सबको भोजन, स्वच्छ जल, आर्थिक समानता, जलवायु कार्रवाई जैसे लक्ष्य असाध्य हो जाएंगे। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की अवधि वर्ष 2030 निर्धारित है। वैश्विक लक्ष्यों में गरीबी खत्म करना, पर्यावरण की रक्षा, नवाचार, टिकाऊ उपभोग, आर्थिक असमानता को कम करना और सभी के लिए शांति और न्याय सुनिश्चित करना शामिल है। जबकि ऊर्जा संसाधनों पर एकाधिकार के लिए हो रहे युद्ध इस बात का संकेत है कि सतत विकास और समावेशी समाज के निर्माण का संयुक्त राष्ट्र का स्वप्न कभी पूरा नहीं होगा। पश्चिम एशिया में जारी अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष न केवल रणनीतिक नुकसान है, बल्कि यह एक बड़ा पर्यावरणीय संकट है। इसके प्रतिकूल परिणाम दीर्घकालिक होंगे।

ब्रिटेन स्थित पर्यावरणीय शोध संस्था 'कन्फ्लिक्ट एंड एन्वायरनमेंट आब्जर्वेटरी' ने युद्ध के दौरान तीन सौ से अधिक जगहों को चिह्नित किया है, जहां पर्यावरण को गंभीर नुकसान हुआ है। ईरान की तेल रिफाइनरियों पर हुए हमलों से हजारों टन तेल समुद्र में पहुंच रहा है, जो समुद्री जीवों के पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर रहा है। विस्फोट से विषैला धुआं श्वास रोग को बढ़ावा दे रहा है। इतना ही नहीं ऊर्जा, खाद्य संकट, गरीबी और महंगाई विकासशील राष्ट्रों के लिए विशेष रूप से जटिल समस्या है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक स्तर पर खाद्य संकट की समस्या पहले से बढ़ रही है। खाद्य संकट पर एक वैश्विक रपट के अनुसार 53 देशों में 29 करोड़ पचास लाख से अधिक लोग गंभीर भुखमरी से प्रभावित हैं। भारत सहित विकासशील देशों में कृषि पर वर्षा और मौसम का गहरा असर देखने को मिलता है। यहां के किसानों के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। यह समस्या करीबन हर साल सामने आती है।

दूसरी ओर कहा जा रहा है कि गेहूं और धान जैसी प्रमुख फसलों की कुल उपज में छह से 25 फीसद और धान में तीन से 15 फीसद तक कमी आ सकती है। अनियमित मानसून, सूखा और बाढ़ कृषि उत्पादन को



अस्थिर कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण जल संकट भी बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र की हालिया रपट से पता चला है कि वर्तमान समय में हर दूसरा व्यक्ति जल संकट की समस्या से जूझ रहा है। विश्व बैंक ने अपने एक अध्ययन में अनुमान लगाया है कि स्वच्छ जल की कमी से प्रत्येक वर्ष 260

> जलवायु परिवर्तन, गरीबी, असमानता, स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दे किसी एक देश तक सीमित नहीं हैं, लेकिन अब यह स्पष्ट है कि कुछ देशों के बीच युद्ध के कारण पूरी दुनिया में मानवता खतरे में है। इसी के साथ पशु-पक्षियों का जीवन भी संकट में है। पर्यावरण हितैषी जीवों की चिंता इस समय किसी को नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि युद्ध और मानवता के लिए बनाए गए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय नियम सिर्फ कमजोर देशों के लिए बने हैं। जिनेवा सम्मेलन ने पर्यावरणीय नुकसान को युद्ध अपराध की श्रेणी में रखा है। यह अचरज की बात है कि संयुक्त राष्ट्र और रेडक्रास जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं महाशक्तियों के आगे मौन हैं।

अरब डालर का नुकसान होता है। स्थिति गंभीर है क्योंकि अब दुनिया को आगाह किया जा रहा है कि जल संकट से जूझ रहे देशों को वर्ष 2050 तक आर्थिक विकास में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन से उपजा आर्थिक संकट बड़ी चुनौती है। एक शोध में कहा गया है की 2060 तक वैश्विक स्तर पर 3.75 ट्रिलियन डालर का नुकसान हो सकता है। दुनिया भर के देशों में जलवायु परिवर्तन और युद्ध के कारण सकल घरेलू उत्पाद में गिरावट दर्ज किया गया है। भारत भी जलवायु परिवर्तन का खमियाजा भुगत रहा है।

वर्ष 2022 में जलवायु परिवर्तन के कारण भारत के सकल घरेलू उत्पाद में आठ फीसद का नुकसान हुआ। मानव जनित जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले वर्ष वैश्विक आर्थिक उत्पादन में लगभग 6.3 फीसद की कमी दर्ज की गई है। एशिया-प्रशांत के देशों में 2050 तक कुल सकल घरेलू उत्पाद का 2.6 फीसद नुकसान होने की संभावनाएं जताई गई हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया और दक्षिण अफ्रीका के देशों में क्रमशः 14.1 और 11.2 फीसद कुल सकल घरेलू उत्पाद का नुकसान हो सकता है। युद्ध और जलवायु परिवर्तन मानव जीवन के लिए घातक है। एक तथ्य यह भी है कि वैश्विक स्तर पर हर दो सेकंड में एक नवजात का जन्म समय से पहले हो रहा है, वहीं हर 40 सेकंड में इनमें से एक शिशु की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमान मुताबिक वर्ष 2030-2050 के बीच जलवायु परिवर्तन से हर साल 2.5 लाख मौतें होंगी। वायु प्रदूषण से पूरी दुनिया में स्वास्थ्य संकट गहरा रहा है। युद्ध और जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया में गरीबी, आय की असमानता और खाद्यान्न संकट के साथ भुखमरी जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। आय में लगातार बढ़ती असमानता और खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की वजह से दुनिया में करीब तीन अरब आबादी पोषक आहार से दूर हो जाएंगी, जिससे कई देशों में कुपोषण जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। इससे पूरी दुनिया के सामने एक गंभीर चुनौती पैदा होगी, जिससे निपटना ज्यादातर देशों के लिए आसान नहीं होगा।

जलवायु परिवर्तन, गरीबी, असमानता, स्वच्छ ऊर्जा, और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दे किसी एक देश तक सीमित नहीं हैं, लेकिन अब यह स्पष्ट है कि कुछ देशों के बीच युद्ध के कारण पूरी दुनिया में मानवता खतरे में है। इसी के साथ पशु-पक्षियों का जीवन भी संकट में है। पर्यावरण हितैषी मूक जीवों की चिंता इस समय किसी को नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि युद्ध और मानवता के लिए बनाए गए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय नियम सिर्फ कमजोर देशों के लिए बने हैं। जिनेवा सम्मेलन ने पर्यावरणीय नुकसान को युद्ध अपराध की श्रेणी में रखा है। यह अचरज की बात है संयुक्त राष्ट्र और रेडक्रास जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं महाशक्तियों के आगे मौन हैं। युद्ध जैसी घातक विपदा खत्म होने के बाद भी पर्यावरणीय घाव लंबे समय तक बने रहते है। वैसे तो सतत विकास के लक्ष्य वैश्विक हैं, इसलिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग के बिना इन लक्ष्यों को प्राप्त करना संभव नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से विकासशील देशों को वित्तीय सहायता, तकनीकी ज्ञान और नीतिगत मार्गदर्शन प्रदान करना जरूरी है। मगर विकसित देश इसमें रुचि नहीं लेते। युद्ध और जलवायु परिवर्तन की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए मानव सभ्यता के अस्तित्व के लिए सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी देशों को एक मंच पर आना होगा। यह केवल पर्यावरणीय चिंता का विषय नहीं है, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी इससे खतरा है। इस संकट से निपटने के लिए हर स्तर पर समन्वित प्रयास आवश्यक है।

भरोसे की शक्ति

दुनिया मेरे आगे

अनंतपद्मनाभन

मानव मन एक अद्भुत पहेली है, जो एक क्षण में ब्रह्मांड की सीमाओं को लांघ सकता है और दूसरे ही पल एक छोटी-सी आशंका के पिंजरे में कैद हो सकता है। हम कल्पना करें कि हमने अभी-अभी कोई महत्त्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया है। चारों ओर प्रशंसा के शब्द गूंज रहे हैं और हमें सम्मान मिल रहा है। सफलता के उस शिखर पर मन में केवल संतोष होना चाहिए, लेकिन जैसे ही शोर थमता है और हम खुद के साथ होते हैं, तो हमारा मन शांत होने के बजाय एक अजीब-सी उथल-पुथल में घिर जाता है। हमारा मस्तिष्क अचानक एक जासूस की भूमिका निभाते हुए पूरे घटनाक्रम का विश्लेषण करने लगता है। वह बार-बार उसी एक पल पर अटक जाता है, जहां कुछ 'अधूरा' रह गया था- 'मैं उस समय क्यों हिचकिचाया? क्या मैं और बेहतर बोल सकता था?' भले ही हमारी सफलता सौ फीसद रही हो, लेकिन दिमाग न जाने क्यों उस एक फीसद की 'खामी' को ढूंढ़ निकालता है। यह स्थिति एक ऐसे मानसिक भ्रम की रचना करती है, जो हमारी पूरी सफलता की चमक को सोखने लगती है। दरअसल, बरसों से हमारे दिमाग को गलतियां ढूंढ़ने और जोखिमों की पहचान करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

जब हम दिन भर समस्याओं को सुलझाने और खुद को त्रुटिहीन बनाने की दौड़ में लगे रहते हैं, तो वही तेज दिमाग घर आने के बाद भी अपनी गति को नियंत्रित करना भूल जाता है। यह नकारात्मक चिंतन का एक चक्र है, जो हमारे निजी रिश्तों और खुशियों में दखल देने लगता है। हमें लगता है कि हम 'सुधार' के बारे में सोच रहे हैं, लेकिन वास्तव में यह मन को थकाने वाला एक व्यर्थ चक्र है। इतिहास गवाह है कि बड़े-बड़े विद्वानों का मन भी कभी-कभी उनका साथ छोड़ देता था। आधुनिक विज्ञान के आधार स्तंभ सर आइजैक न्यूटन अक्सर छोटी-छोटी आलोचनाओं पर हफ्तों तनाव में रहते थे। न्यूटन का मस्तिष्क ब्रह्मांड के रहस्यों को तो सुलझा लेता था, लेकिन स्वयं की शांति बनाए रखना उनके लिए चुनौती थी। वे अपनी खोजों को दुनिया के सामने रखने से इसलिए डरते थे कि कहीं कोई उनमें कोई कमी न निकाल दे। इस तरह के उदाहरण स्पष्ट करते हैं कि बुद्धि एक तेज औजार की तरह है। अगर इसे सही नियंत्रण के साथ नहीं संभाला गया, तो यह स्वयं को ही चोट पहुंचा सकती है। इसी तरह, महान सिविल इंजीनियर सर एम विश्वेश्वरैया की नजर इतनी पैनी थी कि वे चलती रेलगाड़ी में केवल कंपन महसूस करके पटरी की दरार भांप लेते थे। कार्य के प्रति यह सजगता अद्भुत थी, पर इसका अर्थ यह भी था कि उनका मन हमेशा एक 'सतर्क भाव' में रहता था।

आज सब एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में हैं। हम अक्सर अपनी छोटी-छोटी खुशियों की अनदेखी कर देते हैं। पहले हमारी तुलना केवल करीबियों से होती थी, लेकिन आज हम अपनी तुलना पूरी दुनिया से कर रहे हैं। हम अपनी सफलताओं का जश्न मनाने के बजाय अपनी कमियों का शोक मनाने में अधिक समय बिताते हैं। आत्म-आलोचना तभी तक उपयोगी है, जब तक वह हमें आगे बढ़ने में मदद करे। जब यह आलोचना हमें मानसिक रूप से कमजोर बनाने लगे, तो इसे तुरंत रोकने का समय आ जाता है।

सच्ची आजादी इसी में है कि हम अपने मन को 'आलोचक' के बजाय एक 'दोस्त' की तरह इस्तेमाल करना सीखें। हमें अपनी समझ को रोकने की जरूरत नहीं है, बस इसे सही समय पर सही दिशा देना सीखना होगा। अगर हम किसी एक ही बात को बिना नतीजे के बार-बार सोच रहे हैं, तो यह विचार नहीं, बल्कि मन का भटकाव है। नकारात्मक विचारों को एक तटस्थ दर्शक की तरह देखना और खुद से पूछना चाहिए कि क्या उन आशंकाओं का वास्तव में कोई आधार है। जब मन जासूस बनने लगे, तो उसे याद दिलाने की जरूरत है कि हमें मिली सफलता में हमारी मेहनत का हाथ है।

यह समझना भी जरूरी है कि हमारी मानसिक ऊर्जा सीमित है। अगर हम इसे पुरानी बातों को कुरेदने में खर्च कर देंगे, तो भविष्य की नई संभावनाओं के लिए हमारे पास कुछ नहीं बचेगा। हर नया दिन एक नया अवसर होता है, और उसे कल की गलतियों की छाया में व्यर्थ करना बुद्धिमानी नहीं है। अपनी क्षमताओं को स्वीकार करना और अपनी सीमाओं के साथ शांति बनाना ही व्यक्तित्व विकास का असली आधार है। अक्सर हम दूसरों की नजरों में खुद को साबित करने की कोशिश में अपनी असली पहचान खो देते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि दुनिया हमें वैसे ही देखेगी जैसे हम खुद को देखते हैं।

जीवन के इस सफर में स्वयं को माफ करना और अपनी उपलब्धियों का सम्मान करना सीखना चाहिए। प्रत्येक बाधा केवल एक नया सबक है, न कि हमारी योग्यता पर कोई स्थायी प्रश्नचिह्न। काम के बाद प्रकृति के करीब समय बिताना या शांत बैठना दिमाग को संदेश देता है कि अब विश्राम का समय है। खुद के प्रति उदार होना ही वह चाबी है जो हमें इस वैचारिक जेल से बाहर निकाल सकती है। हमने अपने जीवन में जो मुकाम हासिल किया है, उसे बनाने में सालों की मेहनत लगी है। उस मेहनत का मूल्य समझना चाहिए और अपनी उपलब्धियों को केवल धन-दौलत के तराजू में नहीं तौलना चाहिए।

हमारी बुद्धि एक वरदान है। इसे खुद को नुकसान पहुंचाने का हथियार नहीं बनने देना चाहिए। कमियां ढूंढ़ने वाले मन को यह सिखाना हमारी जिम्मेदारी है कि उसे कब शांत होना है। हमारी भावनाएं कोई 'गलतियां' नहीं हैं, वे हमारे जीवित होने का प्रमाण हैं। दुनिया की तमाम सफलता एक तरफ है, लेकिन हमारा आंतरिक सुकून ही हमारी सबसे असली पूंजी है। हमें व्यर्थ की चिंताओं को त्यागना चाहिए और अपनी मेहनत काबिलियत पर अडिग विश्वास बनाए रखना चाहिए।

> जब हम दिन भर समस्याओं को सुलझाने और खुद को त्रुटिहीन बनाने की दौड़ में लगे रहते हैं, तो वही तेज दिमाग घर आने के बाद भी अपनी गति को नियंत्रित करना भूल जाता है। यह नकारात्मक चिंतन का एक चक्र है, जो हमारे निजी रिश्तों और खुशियों में दखल देने लगता है।

व्यवस्था पर सवाल

हाल ही में पश्चिम बंगाल के मालदा में सात न्यायिक अधिकारियों को उग्र भीड़ द्वारा कई घंटे तक बंधक बना कर रखा जाना कानून-व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाता है। लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन नागरिकों का अधिकार है, लेकिन जब यह विरोध हिंसक रूप ले ले, तब यह केवल राजनीतिक असहमति का मामला नहीं रह जाता, बल्कि प्रशासनिक विफलता का संकेत बन जाता है। चुनावी दौर में राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज होना सामान्य है, पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना किसी भी सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। यह अपेक्षा की जाती है कि प्रशासन निष्पक्ष और प्रभावी तरीके से कार्य करे, ताकि आम नागरिकों का भरोसा कायम रहे। यदि प्रशासनिक निर्णय राजनीतिक समीकरणों से प्रभावित होते प्रतीत हों, तो यह लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को कमजोर कर सकता है। बंगाल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध राज्य रहा है। ऐसे राज्य में कानून-व्यवस्था तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखना और भी अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाता है।

– अरविंद रावल, झाबुआ

संवाद का रास्ता

'समाधान की राह' (संपादकीय, 4 अप्रैल) पढ़ा। यह वर्तमान वैश्विक स्थिति को सरल और यथार्थ रूप में प्रस्तुत करता है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, विशेषकर ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच टकराव, अब वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है। इसका असर उन देशों पर भी पड़ रहा है, जो सीधे इस संघर्ष में शामिल नहीं हैं। होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे भारत सहित कई देशों में महंगाई और ऊर्जा संकट बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। ऐसे समय में यह जरूरी है कि सभी पक्ष संवाद का रास्ता अपनाएं। भारत द्वारा शांति, संयम और कूटनीति पर जोर देना उसके संतुलित और जिम्मेदार दृष्टिकोण को दर्शाता है। युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। यदि विश्व समुदाय मिल कर संवाद और सहयोग को प्राथमिकता दे, तो स्थिरता और शांति सुनिश्चित की जा सकती है।

– आशुतोष पांडेय, जम्मू

महंगी होती शिक्षा

पिछले कुछ वर्षों में स्कूली किताबों की कीमतों में लगातार वृद्धि ने अभिभावकों की आर्थिक स्थिति पर दबाव डाला है। सरकारी संस्थानों की अपेक्षाकृत सस्ती पुस्तकों के मुकाबले निजी प्रकाशकों की किताबें कई गुना महंगी हैं, जिससे शिक्षा में समान अवसर के बजाय असमानता की स्थिति पैदा हो रही है। यदि पूरे देश में समान पाठ्यक्रम और मानकीकृत पुस्तक व्यवस्था लागू हो, तो न केवल किताबों की कीमतों पर नियंत्रण संभव होगा, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच भी समान हो सकेगी। वर्तमान में अलग-अलग बोर्ड, निजी स्कूलों की मनमानी और प्रकाशकों की प्रतिस्पर्धा ने शिक्षा को बाजार का रूप दे दिया है। जरूरत है कि सरकार इस दिशा में ठोस नीति बना कर सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करे, ताकि हर वर्ग का बच्चा बिना आर्थिक बोझ के समान अवसर प्राप्त कर सके। शिक्षा के अधिकार का लक्ष्य पूरा करने में यह बड़ा कदम होगा।

– तेज बहादुर मौर्य, गाजीपुर, उप्र

दंभ का दायरा

'संवाद के बजाय' (संपादकीय, 3 अप्रैल) पढ़ा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ऐसे आक्रामक और दंभ भरे बयान देते रहते हैं, जिनसे स्थिति और जटिल हो रही है। उनके बयानों की वजह से ईरान की प्रतिक्रिया और अधिक आक्रामक रूप से सामने आती है। वह अमेरिकी और इजराइल के ठिकानों पर लगातार मिसाइल हमले कर रहा है। लगता है कि ईरान पीछे हटने वाला नहीं है। प्रतिष्ठा की इस लड़ाई में दुनिया भर के देश इस संघर्ष की चपेट में आ रहे हैं और जिस प्रकार से ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है, उससे उद्योग धंधों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। महंगाई बढ़ती जा रही है। पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। ऐसे में वैश्विक संस्थाओं का मूक बने रहना ठीक नहीं। यह निश्चित है कि संघर्ष का अंत बातचीत से ही निकलेगा। मगर बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधेगा, यह भविष्य बताएगा।

– वेद प्रकाश, गुरुग्राम

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति सिर्फ नौकरी छोड़ने की क्रिया नहीं, बल्कि विशिष्ट अधिकार : न्यायालय

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति नौकरी छोड़ने या काम बंद करने की क्रिया नहीं है, बल्कि यह कर्मचारी का विशिष्ट अधिकार है जो निर्धारित वर्षों की सेवा पूरी होने के बाद प्राप्त होता है। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के 2019 के दो अलग-अलग आदेशों को चुनौती देने वाली अपीलों पर अपना फैसला सुनाया। एक बैंक ने यह अपील दायर की थीं। उच्च न्यायालय ने एक बैंक कर्मचारी को सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करने का निर्देश जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के नोटिस में निर्दिष्ट तीन महीने की नोटिस अवधि पूरी होने के बाद या काम पर आना बंद करने की तारीख से, उसे स्वैच्छिक रूप से सेवानिवृत्त माना जाए। उच्चतम न्यायालय ने गौर किया कि कर्मचारी की नियुक्ति सितंबर 1983 में हुई थी और अप्रैल 2007 में उसे प्रबंधक के पद पर पदोन्नत किया गया।

लोकसभा की संचार और प्रौद्योगिकी समिति ने की सिफारिश

कृत्रिम मेधा का दुरूपयोग रोकने के लिए कानून लाए सरकार

पंकज रोहिला

कृत्रिम मेधा (एआइ) के गलत प्रयोग से नागरिकों को बचाने के लिए एक नए कानून की आवश्यकता है। इन कानून (विधेयक) की मदद से नागरिकों को वित्तीय धोखाधड़ी, डराने धमकाने अथवा डीपफेक आडियो वीडियो से बचाया जा सकेगा। इस कानून का विशेष लाभ इस जाल में फंस जाने वाले महिलाओं व बच्चों को हो सकेगा। केंद्र सरकार को इस विधेयक पर तत्काल काम करने की आवश्यकता है। संचार और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थाई समिति ने सरकार से इस विधेयक को तैयार करने की सिफारिश की है।

संसदीय समिति का मानना है कि एआइ का प्रयोग नैतिक व जिम्मेदाराना तरीके से होना चाहिए। विश्व के अनेक देश इस दिशा में कई पहल कर चुके है और कानून तैयार कर चुके हैं। ये कानून बाध्यकारी है। इसी तर्ज पर भारत में भी ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने इस रपट को संसद में पेश किया है। समिति ने कहा कि इस विधेयक में ऐसा भी प्रावधान किया जाए, जिसमें कुछ सोशल प्लेटफार्म पर आने के लिए आयु सीमा को भी तय किया जाए ताकि नागरिकों को एआइ के प्रयोग से रोका जा सके।

एआइ दुपयोग रोकने के लिए मानव संधान की विशाल मानव संसाधन की क्षमता को विकसित करने की सिफारिश संसदीय समिति की ओर से की गई है। इसमें विशेषतौर पर कालेज में एआइ को लोकप्रिय बनाने और सभी विश्वविद्यालयों में फैलोशिप, अकादमी अनुसंधान (पीएचडी), डेटा केंद्र, एआइ लैब और शिक्षण प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृत्ति योजना की भी सिफारिश सरकार को की गई है। इन योजनाओं मदद से भविष्य में एआइ को अधिक प्रभावी तौर पर लागू करने में भी मदद मिलेगी। मंत्रालय के मुताबिक संबंधित धोखेबाज विभिन्न तरीकों से मौजूदा बुनियादी ढ़ांचे का फायदा उठाते हैं, जिसमें बैंकिंग (म्यूल अकाउंट, वर्चुअल अकाउंट, पेमेंट एग्रीग्रेटर, पेमेंट गेटवे, सीबीडीसी का दुपयोग, क्रिप्टो करंसी आदि), टेलीकाम (म्यूल सिम, सिमबाक्स, एसएमएस हैंडल, काल) आदि का प्रयोग धोखेबाजी के लिए किया जाता है।

मांग

इन कानून (विधेयक) की मदद से नागरिकों को वित्तीय धोखाधड़ी, डराने धमकाने अथवा डीपफेक आडियो वीडियो से बचाया जा सकेगा। इस कानून का विशेष लाभ इस जाल में फंस जाने वाले महिलाओं व बच्चों को हो सकेगा।

गृह मंत्रालय जल्द लाएगा, एआइ आधारित शिकायत प्रणाली

रपट में गृह मंत्रालय ने यह भी जानकारी दी है कि वह आइ4सी 1930 साइबर अपराध सहायता के लिए एआइ सहायता प्राप्त शिकायत पंजीकरण प्रणाली लागू की योजना पर काम कर रहा है। दावा किया है कि इस पहल से शिकायत दर्ज करने में लगने वाले समय को कम किया जा सकेगा और उपयोगकर्ताओं के अनुभव के आधार पर इसमें सुधार किया जा सकेगा। हालांकि मंत्रालय ने बताया कि वह साइबरदोस्त के नाम से एक सोशल मीडिया हैंडल भी चला रहा है, जो मामले दर्ज करने की प्रक्रिया को आसान बना रहा है। इसके अतिरिक्त एक 'एप्लीकेशन' भी भविष्य के लिए मंत्रालय की ओर से विकसित की जा रही है।

अवैध प्रवेश और डिजिटल सुरक्षा के लिए प्रयोग करें एआइ : एक अप्रैल 2026 से शुरू हुई मिशन मोड परियोजना के तहत आप्रवासन, वीजा विदेशियों का पंजीकरण और ट्रैकिंग के लिए एआइ आधारित मशीनों का प्रयोग करने की योजना है। इस आंकड़े का प्रयोग कर भविष्य में प्रामणिकता और सुरक्षा बढ़ाने पर काम होगा। समिति के सामने यह भी आया है कि अभी तक दुनिया के किसी भी देश के साथ आंकड़े साझा करने पर कोई सहयोग नहीं मिला है। इसलिए समिति ने इस कानून को और सख्त और मजबूत बनाने पर जोर दिया है।

पश्चिम एशिया संकट

गिरने लगा स्वदेशी चिकित्सा उपकरण का उत्पादन

जनसत्ता ब्यूरो

पश्चिम एशिया संकट के चलते देश में स्वदेशी चिकित्सा उपकरण का उत्पादन गिरने लगा है। कई छोटी इकाइयां बंद होने के कगार पर पहुंच गई है, जबकि काफी जगहों पर कच्चे माल की आपूर्ति प्रभावित होने से उत्पादन सुस्त होता जा रहा है। देश में हर दिन लाखों मरीजों के इलाज के लिए एक बार इस्तेमाल होने वाले चिकित्सा दस्ताने, 'सिरिंज' और 'आइवी सेट', 'कैथटर' सहित अन्य की जरूरत होती है। इस जरूरत का करीब 80 फीसद आपूर्ति भारत में निर्मित चिकित्सा उपकरण से ही होता है।

मौजूदा समय में देश की छोटी व मध्यम स्तर की कंपनियां इनकी आपूर्ति कर रही हैं, लेकिन युद्ध के कारण मार्च में इन कंपनियों का लाभ 15-25 फीसद तक कम हो गया। बावजूद इसके शुरुआत में अधिकांश कंपनियां लागत वहन करती रही, लेकिन अब कई निर्माताओं ने दीर्घकालिक अनुबंधों पर पुनर्विचार कर पिछले एक सप्ताह में गैर-अनुबंधित व्यवसाय के लिए कीमतों में 15-20 फीसद तक की वृद्धि कर दी है। इसका असर आने वाले दिनों में मरीजों के इलाज पर दिखेगा। चिकित्सा उपकरण के उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में हर साल पांच से सात अरब 'सिरिंज' और सुइयां बनती है। भारत अभी भी 800 करोड़ रुपए से ज्यादा की 'सिरिंज' और सुइयां आयात करता है, जबकि 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की 'सिरिंज' निर्यात भी करता है। भारत की जरूरत को पूरा करने के लिए स्थानीय स्तर पर हो रहे उत्पादन से 70-80 फीसद मांग पूरी होती है। वहीं आयात प्रीमियम ब्रांड या ज्यादा व्यापार लाभ वाले कार्पोरेट अस्पतालों की जरूरतों को पूरा करते हैं। इसमें 30 फीसद 'कैथेटर' और 90 फीसद 'सिरिंज/ आइवी सेट' घरेलू होते हैं।

देशभर के सरकारी सहित छोटे शहरों के निजी अस्पतालों में इन सामान को सस्ते दर पर उपलब्ध करवाने की मांग आती है। लेकिन मौजूदा समय में पालिमर की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी (60-70 फीद), भू-राजनीतिक उथल-पुथल के कारण ऊर्जा की लागत में बढ़ोतरी (औद्योगिक इस्तेमाल वाले डीजल की कीमत 20 फीसद और पीएनजी की कीमत 60 फीसद से ज्यादा बढ़ी), जीएसटी दरों में विसंगति (इनपुट पर 18 फीसद बनाम आउटपुट पर 5 फीसद), और माल ढुलाई की लागत में बढ़ोतरी ने सस्ते दर पर उपलब्ध होने वाली सुविधा को प्रभावित कर दिया है। इसके अलावा आपूर्ति को कच्चे माल की कीमतों में अचानक उछाल और अगली कीमत बढ़ोतरी की घोषणा से पहले खरीदारों द्वारा माल जमा करने की होड़ भी दिख रही है। साथ ही कुछ निर्माता नुकसान कम करने के लिए उत्पादन सीमित कर रहे हैं या युद्ध जल्द खत्म होने की उम्मीद में अनुबंध के तहत आपूर्ति में देरी कर रहे हैं।

सरकार से की है मदद की मांग : भारतीय चिकित्सा उपकरण उद्योग संघ के संयोजक राजीव नाथ का कहना है कि इन चिकित्सा उपकरण के उत्पादन पर कुल खर्च कर 60 फीसद हिस्सा कच्चा माल और पैकेजिंग का होता है। ऊर्जा संकट के कारण पिछले पांच सप्ताह में पालिमर की कीमतों में अचानक तेजी आई है। इन समस्याओं से हो रही परेशानी के बारे में सरकार को बता दिया गया है। यदि सरकार आयात शुल्क माफ करने के साथ दूसरी मदद करती है तो बड़ी राहत मिलेगी।

दाम बढ़ने के बाद भी बंद होने के कगार पर पहुंच रही छोटी इकाइयां, उपलब्ध नहीं हो पा रहा कच्चा माल, हर दिन लाखों मरीजों को होती हैं इनकी जरूरत।
80 फीसद आपूर्ति स्वदेशी उत्पादन से, निर्यात का सामान होता है बड़े निजी अस्पतालों में इस्तेमाल।

बूचड़खाने को निगम क्षेत्र से बाहर करने पर हंगामा

सुनील दत्त पांडेय

तीर्थ नगरी हरिद्वार के नगर निगम क्षेत्र में अब कोई बूचड़खाना नहीं रहेगा। अब यह सब दुकानें नगर निगम क्षेत्र से बाहर सराय गांव में स्थानांतरित की जाएगी। हरिद्वार के नगर निगम की एक बैठक में यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। तीर्थ नगरी हरिद्वार के उपनगर ज्वालापुर क्षेत्र में 1970 के लगभग से बूचड़खाने की दुकानें चल रही हैं। सोमवार को ऋषिकुल आडिटोरियम में हुई नगर निगम बोर्ड महत्वपूर्ण बैठक में महापौर किरण जैसल की अध्यक्षता में प्रस्ताव पारित किया गया कि तीर्थ नगरी हरिद्वार के नगर निगम क्षेत्र में बूचड़खाना नहीं रहेगा और बूचड़खाने की सभी दुकानें नगर निगम क्षेत्र से बाहर सराय गांव में स्थानांतरित की जाएगी।

जब नगर निगम की महत्त्वपूर्ण बैठक में यह प्रस्ताव के पेश किया गया तो एक समुदाय विशेष के कुछ पार्षदों ने इसका विरोध किया और बोर्ड की बैठक में बवाल काटा। इस प्रस्ताव का कांग्रेस के कुछ पार्षदों ने विरोध किया। परंतु नगर निगम में भाजपा पार्षदों के बहुमत के कारण यह प्रस्ताव पारित हो गया। हरिद्वार नगर निगम की महापौर किरण जैसल ने कहा कि ज्वालापुर उपनगर क्षेत्र की जनता की लगातार मांग आ रही थी कि इस उप नगरी से बूचड़खानों की दुकानों को तुरंत हटाया जाए, जिससे एक वर्ग विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है और बूचड़खाने से महामारी फैलने का भी लगातार खतरा बना रहता है।

हरिद्वार हर की पैड़ी की प्रबंधकारिणी संस्था श्री गंगा सभा के अध्यक्ष पंडित नितिन गौतम ने नगर निगम क्षेत्र से बूचड़खाने की दुकानों को हटाने के नगर निगम बोर्ड के फैसले का जोरदार स्वागत किया है उन्होंने कहा कि ज्वालापुर उपनगर में तीर्थ पुरोहितों के आवास बड़ी तादाद में हैं, जो सदियों से यहां पर रहते आ रहे हैं और इससे तीर्थ नगरी हरिद्वार की मर्यादा का मान बढ़ेगा और पुरोहितों और सनातनियों की भावनाओं को सम्मान मिलेगा। ज्वालापुर में पुरोहितों और सनातनियों के अलावा मुसलिम वर्ग भी काफी संख्या में रहते हैं। संभावित महामारी फैलने को ध्यान में रखते हुए हरिद्वार नगर निगम की महापौर किरण जैसल ने यह महत्वपूर्ण फैसला लिया है। जैसल ने बताया कि काफी लंबे समय से ज्वालापुर के तीर्थ पुरोहितों और सनातनियों की ओर से लगातार यह मांग उठाई जा रही थी कि ज्वालापुर उपनगरी से बूचड़खाने की सभी दुकानों को नगर निगम क्षेत्र से बाहर किया जाए। यह फैसला जनहित में लिया गया है।

हरिद्वार नगर निगम के नगर आयुक्त नंदन कुमार का कहना है कि ज्वालापुर क्षेत्र में कच्चे मीट यानी बूचड़खाने की दुकानों को बंद करके नगर निगम क्षेत्र से बाहर सराय गांव में स्थानांतरित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सराय में 56 दुकानों का निर्माण किया गया है, जहां पर बूचड़खानों की दुकानें स्थानांतरित की जानी है और जल्दी ही इसे अमल में लाया जाएगा। रेस्तरां और ढाबों में पका हुआ मास परोसने वालों पर भी आने वाले समय में विचार होगा। जीत पुरोहित संगठन के अध्यक्ष उज्ज्वल पंडित ने कहा कि ज्वालापुर से बूचड़खाने की दुकानों को सराय में स्थानांतरित करने का फैसला स्वागत योग्य है। अखिल भारतीय परशुराम अखाड़े की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि नगर निगम का ज्वालापुर में स्थित बूचड़खाने को सराय क्षेत्र में स्थानांतरित करना सनातनियों का सम्मान है। दूसरी ओर, ज्वालापुर में बूचड़खाने की दुकानों का संचालन करने वालों ने नगर निगम हरिद्वार के इस फैसले का जबरदस्त विरोध किया है। बूचड़खाने की दुकानदारों के संगठन के प्रमुख मोहम्मद मौमिन ने कहा कि शहर से 8-10 किलोमीटर की दूरी पर सराय गांव में बूचड़खाने की दुकानों को स्थानांतरित करने से उनका रोजगार छिन जाएगा।

हरिद्वार के उपनगर ज्वालापुर क्षेत्र में 1970 के लगभग से बूचड़खाने की दुकानें चल रही हैं, लेकिन अब बूचड़खाने की सभी दुकानें नगर निगम क्षेत्र से बाहर सराय गांव में स्थानांतरित की जाएगी। कुछ पार्षदों ने बोर्ड की बैठक में किया विरोध, फिर भी पारित हुआ प्रस्ताव।

उत्तराखंड

सीप्लेन

ऋषिकेश के पशुलोक बैराज पर गंगा नदी के ऊपर एक डी हैविलैंड कनाडा डीएचसी-6 ट्विन ओटर सीप्लेन का परीक्षण किया गया।

विशेष बच्चों को करिअर चुनना होगा आसान

जनसत्ता ब्यूरो

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए अब करिअर चुनना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान और व्यवस्थित होने जा रहा है। शिक्षा मंत्रालय ने 'करिअर कार्ड' जारी किए हैं, जिनका उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमता और संभावनाओं के अनुसार सही मार्गदर्शन देना है। ये करिअर कार्ड राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने यूनिसेफ के सहयोग से तैयार किए हैं और अब इन्हें विशेष बच्चों तक भी पहुंचाया गया है, जो समावेशी शिक्षा की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

इन करिअर कार्ड के माध्यम से विद्यार्थियों को करीब 500 अलग-अलग करिअर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई है, जिनमें कृषि, कला, मीडिया, व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रशिक्षण जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। हर करिअर कार्ड में किसी एक पेशे से जुड़ी पूरी जानकारी सरल भाषा में दी गई है, जिसमें उस क्षेत्र के लिए जरूरी कौशल, पढ़ाई और कोर्स, प्रवेश प्रक्रिया, संभावित छात्रवृत्ति, शिक्षा ऋण, नौकरी के अवसर और शुरुआती वेतन से लेकर भविष्य में वृद्धि की संभावनाओं तक का विवरण शामिल है। इतना ही नहीं, प्रत्येक कार्ड में विशेषज्ञों की राय भी जोड़ी गई है, ताकि विद्यार्थी उस करिअर की वास्तविकता और संभावनाओं को बेहतर तरीके से समझ सकें। यह पहल केवल जानकारी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे व्यावहारिक रूप से उपयोगी बनाने के लिए स्कूलों में करिअर मेले, चर्चाएं और काउंसलिंग सत्र आयोजित करने की भी योजना है।

शिक्षक और परामर्शदाता विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी रुचियों और क्षमताओं को समझेंगे और उसी आधार पर उन्हें उपयुक्त करिअर विकल्प चुनने में मदद करेंगे। विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित किया गया है कि वे इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें, अपनी पसंद और नापसंद खुलकर साझा करें और किसी भी प्रकार की उलझन होने पर शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त करें।

संभावना

बायो गैस व सीबीजी का हो सकता है वाहन व रसोई ईंधन में इस्तेमाल

सर्वेश कुमार

पश्चिम एशिया संकट के दौरान ऊर्जा स्रोतों को लेकर दूसरे देशों पर निर्भरता की वजह से पैदा हो रही स्थिति से निपटने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत कृषि अवशेष खासकर पराली और रसोई से निलकने वाले अवशेषों से तैयार, बायोगैस, संपीडित बायो गैस (सीबीजी) और प्रोड्यूशर गैस के तौर पर ऊर्जा स्रोतों के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल किए जा सकते हैं। इनका इस्तेमाल वाहनों और रसोई गैस के तौर पर किया जा सकता है। जानकारों का कहना है कि इसके लिए संसाधन मौजूद हैं, लेकिन नीतिगत बदलाव करने की जरूरत है। इससे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को अपनाने में सहूलियत बढ़ेंगी और पेट्रोलियम के आयात पर निर्भरता भी धीरे धीरे कम होगी।

फसलों के अवशेष यानी पराली से बायोगैस बनाए जा रहे हैं। इसे संपीडित करने के बाद सीबीजी तैयार किया जाता है, जिसे वाहनों वाहनों में सीएनजी या घरेलू पीएनजी के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यूरोप के कुछ देशों में इसे अपनाया भी जा रहा है जिसकी भूमिका प्रदूषण नियंत्रण के साथ साथ हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिहाज से अहम हो सकती है।

ऊर्जा विशेषज्ञ प्रो देबोजित पालित के मुताबिक, गैस के साथ डीएमई सम्मिश्रण से पेट्रोलियम पर निर्भरता को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी रणनीति ऐसी होनी चाहिए कि देश में बायोगैस और कोयले से गैस के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके। इसमें हाइड्रोजन होता है, जिसे अलग कर डाइ मिथाइल ईथर (डीएमई) तैयार कर, एलपीजी के विकल्प के तौर इस्तेमाल कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिस तरह पेट्रोल में इथेनाल सम्मिश्रण को सफलता मिली है, ठीक उसी तर्ज पर गैसों के लिए डीएमई सम्मिश्रण को और बढ़ावा देना चाहिए। इसकी मदद से 'प्रोडयूसर' गैस तैयार कर, रसोई के लिए ईंधन के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है जिसकी क्षमता कमोबेश एलपीजी की तरह ही है।

इससे जहां ऊर्जा संकट से निटपने में सहूलियत होगी तो दूसरी तरफ किसानों के लिए कृषि अवशेषों, खासकर पराली के जलाने से प्रदूषण की समस्या पर भी काफी हद तक नियंत्रण में मदद मिल सकती है। लेकिन, इसके लिए आपूर्ति शृंखला को और बेहतर करना होगा ताकि मांग के मुताबिक आपूर्ति भी की जा सके। इससे ऊर्जा स्रोतों के विकल्प बढ़ने के साथ दूसरे देशों पर निर्भरता भी कम होगी और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा मिलने से भारत ऊर्जा विकल्पों के मामले में भी आत्मनिर्भर हो सकेगा।

कचरे से रसोई गैस बनाने के लिए आइआइटी ने तकनीक विकसित की : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बाम्बे ने कचरे से रसोई गैस बनाने के लिए एक तकनीक विकसित की है। इसके जरिए सूखे पत्तों और कचरे से रसोई ईंधन बनाया जा सकता है। इस तकनीक के इस्तेमाल से एलपीजी की कम खपत के साथ साथ पर्यावरण को भी फायदा मिल रहा है। आइआइटी ने बायोमास गैसीफायर मशीन तैयार किया है, जिसमें सूखे पत्तों और जैविक कचरे से रसोई गैस बनाया जा सकता है। संस्थान के इसके लिए पेटेंट तकनीक विकसित की है।

देश

कृषि अवशेष पराली और रसोई से निलकने वाले अवशेषों से तैयार, बायोगैस, संपीडित बायो गैस (सीबीजी) और 'प्रोड्यूशर' गैस के तौर पर ऊर्जा स्रोतों के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल किए जा सकते हैं। इनका इस्तेमाल ईंधन के रूप में वाहनों और रसोई गैस के तौर पर किया जा सकता है।
जिस तरह पेट्रोल में इथेनाल सम्मिश्रण को सफलता मिली है, ठीक उसी तर्ज पर गैसों के लिए डीएमई सम्मिश्रण को और बढ़ावा देना चाहिए।

निर्वाचन आयोग ने कहा

चुनाव बाद शेष 22 प्रदेशों में भी होगा पुनरीक्षण

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

निर्वाचन आयोग इस महीने पांच विधानसभाओं के चुनाव के बाद दिल्ली सहित शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का तीसरा और अंतिम चरण शुरू कर सकता है। निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने यह संकेत दिए। इस महीने केरल, असम, पुदुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और मतगणना चार मई को होगी।

आयोग के अधिकारियों ने बताया कि 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में दूसरे एवं अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के बाद पुनरीक्षण शुरू किया जा सकता है। एक और संभावना है कि चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद इस कवायद को बड़े पैमाने पर शुरू किया जाए। अब तक, पुनरीक्षण 10 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में किया जा चुका है। असम में मतदाता सूची का ह्यविशेष पुनरीक्षणह्ल किया गया है। जिन राज्यों में अब तक पुनरीक्षण किया गया, उनमें सिर्फ उत्तर प्रदेश में अब तक अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित नहीं हुई है। अब तक के पुनरीक्षण में लगभग 99 करोड़ मतदाताओं में से 60 करोड़ मतदाताओं को कवर किया गया है। शेष लगभग 39 करोड़ मतदाताओं को 17 राज्यों और पांच केंद्र शासित प्रदेशों में प्रस्तावित पुरनीक्षण की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। बीते 19 फरवरी को निर्वाचन आयोग ने दिल्ली सहित 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा था कि वो पुनरीक्षण से संबंधित प्रारंभिक कार्य जल्द से जल्द पूरा करें, क्योंकि यह कवायद अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। एक बार इन राज्यों में यह कवायद पूरी होने के बाद पूरे देश में पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली और दमन एवं दीव, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, लद्दाख, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, तेलंगाना और उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखा था। पत्र में आयोग ने कहा कि मतदाता सूची के अखिल भारतीय विशेष गहन पुनरीक्षण का आदेश पिछले साल जून में दिया गया था। विभिन्न कारणों से पुनरीक्षण से जुड़े कार्यक्रम में बार-बार बदलाव हुआ।

बिहार की तरह राजनीतिक दलों ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में पुनरीक्षण को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। हाल ही में तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने व्यक्तिगत रूप से अपने राज्य में पुनरीक्षण के खिलाफ प्रधान न्यायाधीश की पीठ के समक्ष गुहार लगाई थी। जब निर्वाचन आयोग बिहार में पुनरीक्षण की तैयारी कर रहा था तब इसके कई अधिकारियों ने दावा किया था कि उनके जमीनी स्तर के पदाधिकारियों को बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमा के कई नागरिक मिले थे।

आयोग के अधिकारियों ने बताया कि 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में दूसरे एवं अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के बाद पुनरीक्षण शुरू किया जा सकता है। एक और संभावना है कि चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद इस कवायद को बड़े पैमाने पर शुरू किया जाए। अब तक, पुनरीक्षण 10 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में किया जा चुका है। असम में मतदाता सूची का 'विशेष पुनरीक्षण' किया गया है।

'मणिपुर में हालात को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाएं प्रधानमंत्री'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर में दो बच्चों की हत्या पर दुख जताते हुए मंगलवार को कहा कि हालात के नियंत्रण से बाहर निकलने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ठोस और तत्काल कदम उठाने चाहिए।

ज्ञात हो कि मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने मंगलवार को बम से हमला किया, जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई तथा उनकी मां घायल हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा कि मणिपुर में बीएसएफ जवान के घर में सोते दो नन्हे बच्चों की हत्या की खबर दिल को चीर देने वाली है। मणिपुर में हिंसा की दहकती हुई आग में आज तीन साल बाद भी निर्दोष बच्चे झुलस रहे हैं, शांति का कोई संकेत दूर-दूर तक नजर नहीं आता। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार इतनी संवेदन शून्य और पत्थरदिल हो गई है कि मानो यह भूल चुकी है कि मणिपुर के बच्चे भी देश के बच्चे हैं, हमारा भविष्य हैं।

ज्ञात हो कि मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने मंगलवार को बम से हमला किया, जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई।

राहुल गांधी ने सवाल किया कि कब जागेगी ये सरकार। आखिर कब तक अपनों की लाशें गिनते-गिनते मणिपुर करता रहेगा इंतजार। उन्होंने कहा कि मैं बार-बार कहता आया हूं कि शांति ही एकमात्र रास्ता है। सभी समुदायों को साथ लाकर, संवेदनशीलता से ही इस संकट का स्थायी समाधान निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी, मणिपुर सिर्फ एक राज्य नहीं है, जिम्मेदारी है। सिर्फ नाम का एक बयान काफी नहीं, सिर्फ दिखावे का एक दौरा काफी नहीं। आपको ठोस और तत्काल कदम उठाने ही होंगे, इससे पहले कि हालात पूरी तरह नियंत्रण से बाहर हो जाएं।

समारोह नई दिल्ली में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के 39वें दीक्षांत समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन और वीसी प्रोफेसर उमा कांजीलाल।

देश के बड़े शहरों के 5,000 से अधिक लोग अध्ययन में शामिल

सेहत को 42.5% भारतीय कम प्राथमिकता देते हैं

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

वेलनेस प्लेटफार्म 'हैबिल्ड' की ओर से किए गए एक सर्वेक्षण में मंगलवार को दावा किया गया कि 42.5 फीसद भारतीय व्यस्त समय में अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देते हैं और 57.8 फीसद का कहना है कि उन्हें पता है कि उनके लिए क्या अच्छा है, लेकिन वे इसका नियमित रूप से पालन करने में असमर्थ हैं। यह सर्वे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और वास्तव में अमल करने के बीच अंतर को उजागर करता है।

हैबिल्ड के इस अध्ययन में देश के महानगरों और बड़े शहरों से 5,000 से अधिक लोगों के उत्तर शामिल हैं। यह सर्वे विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर किया गया। अध्ययन में यह भी सामने आया कि 46 फीसद प्रतिभागी सक्रियता के माध्यम से फिट रहने की कोशिश करते हैं, लेकिन नियमितता बनाए रखने में विफल रहते हैं। करीब 90 फीसद प्रतिभागी 45 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाएं थीं। रपट के अनुसार 57.8 फीसद प्रतिभागियों ने कहा कि वे जानते हैं कि उनके स्वास्थ्य के लिए क्या अच्छा है, लेकिन इसे कायम रखने में असमर्थ हैं। 46 फीसद सक्रिय तौर पर फिट रहने की कोशिश करते हैं, लेकिन नियमित रूप से ऐसा नहीं कर पाते। इसका अर्थ है कि चुनौती अब जागरूकता की नहीं, बल्कि स्वस्थ आदतों को रोजमर्रा के जीवन में शामिल करने की है। सर्वे में रोजमर्रा के समझौते जैसे व्यायाम छोड़ना, घर के काम के कारण टहलने में देरी करना, या नींद में कटौती करना स्वास्थ्य को प्राथमिकताओं की सूची में नीचे रखने के उदाहरण बताए गए हैं।

अध्ययन में यह भी सामने आया कि 46 फीसद प्रतिभागी सक्रियता के माध्यम से फिट रहने की कोशिश करते हैं, लेकिन नियमितता बनाए रखने में विफल रहते हैं। करीब 90 फीसद प्रतिभागी 45 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाएं थीं।

अध्ययन में लिंग विशिष्ट बाधाओं का भी खुलासा हुआ। महिलाओं में परिवार और घरेलू जिम्मेदारियों के कारण स्वास्थ्य को कम प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति अधिक पाई गई, जिससे उनकी दिनचर्या असंगत हो जाती है, जबकि पुरुषों के मामले में उच्च इच्छाशक्ति होने के बावजूद अनुशासन और पालन में कठिनाई आती है। जीवनशैली संबंधी दबाव स्वास्थ्य बनाए रखने में मुख्य बाधा बने हुए हैं। सर्वे में 28 फीसद प्रतिभागियों ने परिवार की जिम्मेदारियों को प्राथमिकता दी।

प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस का शुभारंभ करेंगे : धामी

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून 7 अप्रैल।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबेडकर जयंती के दिन 14 अप्रैल को देहरादून में दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी मंगलवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है इसलिए उन्होंने उत्तराखंड के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू करवाई है और जिनमें से अधिकतर योजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एक्सप्रेसवे से रोजगार, पर्यटन और व्यापार को मिलेगा बड़ा बढ़ावा मिलेगा और राज्य के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस एक्सप्रेसवे से रोजगार, पर्यटन और व्यापार को मिलेगा बड़ा बढ़ावा मिलेगा और राज्य के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में आगामी 14 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री के उत्तराखंड आगमन एवं दिल्लीझ्रदेहरादून एक्सप्रेसवे के शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में एक उच्चस्तरीय बैठक ली। मुख्यमंत्री ने इस अवसर को राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक बताते हुए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस भव्य आयोजन में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि यह कार्यक्रम जन-उत्सव का रूप ले सके।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूछा

बहुजन उद्यमी बड़े सरकारी ठेकों से बाहर क्यों

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद में पूछे गए प्रश्न और उस पर सरकार के उत्तर का हवाला देते हुए मंगलवार को सरकार से सवाल किया कि बहुजन उद्यमियों को देश के सबसे बड़े सार्वजनिक ठेकों से बाहर क्यों रखा जा रहा है।

राहुल ने बीते दो अप्रैल को लोकसभा में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय से संबंधित लिखित प्रश्न पूछे थे। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया में यह सवाल सार्वजनिक किया। राहुल गांधी ने बताया कि संसद में सरकार से मैंने पूछा कि पिछले वर्ष 16,500 करोड़ रुपए के सार्वजनिक कार्यों के ठेकों में से कितने ठेके दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के व्यवसायियों को मिले? उनका जवाब बेहद चिंताजनक था,

उन्होंने कहा कि सरकार इस संबंध में कोई आंकड़ा ही नहीं रखती। उन्होंने ने कहा कि नीति के तहत सार्वजनिक खरीद प्रक्रिया के तहत 25 फीसद खरीद एमएसएमई से होनी चाहिए, जिसमें से चार फीसद खरीद दलित और आदिवासी उद्यमियों से किया जाना निर्धारित है, लेकिन जब बात सबसे बड़े और लाभकारी ठेकों और सार्वजनिक कार्यों की आती है, तो सरकार कहती है कि यह 'अनिवार्य' नहीं है। राहुल गांधी ने ने दावा किया कि यह केवल एक प्रशासनिक कमी नहीं है। यह मोदी सरकार की नीतियों के जरिये जानबूझकर बनाई गई बहिष्कार की व्यवस्था है जो सामाजिक और आर्थिक न्याय को कमजोर करती है। उन्होंने कहा कि सवाल सीधा है कि बहुजन उद्यमियों को देश के सबसे बड़े सार्वजनिक ठेकों से बाहर क्यों रखा जा रहा है? आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने राहुल गांधी के प्रश्न के उत्तर में पिछले पांच साल के दौरान प्रदान किए गए लोक निर्माण और अवसंरचना ठेकों की वर्ष-वार संख्या और मूल्य की सूची उपलब्ध कराई थी।

अत्यावश्यक मामलों का उल्लेख केवल प्रधान न्यायाधीश के समक्ष ही संभव

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।



सुप्रीम कोर्ट ने प्रक्रिया से जुड़े एक अहम निर्देश में कहा है कि अत्यंत आवश्यक मामले, जिनमें सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया का इंतजार नहीं किया जा सकता, उनका सिर्फ प्रधान न्यायाधीश के सामने उल्लेख किया जा सकता है, भले ही वह किसी संविधान पीठ की अध्यक्षता करने में व्यस्त हों।

आम तौर पर, यदि प्रधान न्यायाधीश उपलब्ध नहीं हैं या किसी संविधान पीठ की अध्यक्षता में व्यस्त हैं तो अत्यावश्यक सुनवाई वाले मामलों को सूचीबद्ध करने और सुनवाई के लिए सर्वोच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश के समक्ष उल्लेख किया जाता है। छह अप्रैल को जारी एक परिपत्र में शीर्ष न्यायालय ने कहा, अत्यंत आवश्यक मामलों का उल्लेख, जिनमें 29 नवंबर, 2025 के परिपत्र के अनुसार अदालत के समक्ष सूचीबद्ध करने का इंतजार नहीं किया जा सकता, उनमें अदालत संख्या 1 के समक्ष उल्लेख करने की अनुमति है, भले ही प्रधान न्यायाधीश किसी संविधान पीठ की अध्यक्षता कर रहे हों। परिपत्र मुताबिक ऐसे मामलों का उल्लेख किसी अन्य पीठ के सामने करने की इजाजत नहीं है।

पेज 1 का बाकी

अदालत के निर्णय के बाद पहली सूची में 27 लाख नाम कटे

को मंजूरी देता है, तो उसे सूची में शामिल किया गया जाएगा। नई मतदाता सूची में कुल 60.06 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए थे, अंतिम सूची में करीब 32.68 लाख मतदाताओं के नाम सही पाए गए हैं, इन्हें राज्य की मतदाता सूची में शामिल किया गया है, जबकि 27.16 लाख अपात्र मतदाता पाए गए हैं। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, सबसे अधिक मतदाता बांग्लादेश सीमा से सटे इलाके मुर्शिदाबाद और उत्तर 24 परगना के इलाकों से है। मुर्शिदाबाद से सबसे अधिक 4,55,137 मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।

इसी प्रकार उत्तर 24 परगना से 3,25,666 और मालदा से 2,39,375 अवैध मत हटाए गए हैं। इसके अतिरिक्त पूर्वी वर्धमान, दक्षिण 24 परगना, नादिया और मालदा से दो लाख से अधिक अवैध मतदाता हटाए गए हैं, जिन जिलों में एक लाख से अधिक मतदाताओं को हटाया गया है, उन जिलों में कूच बिहार, उत्तर दिनाजपुर, हावड़ा और हुगली जैसे प्रमुख इलाके शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक सबसे कम अवैध मतदाता झारग्राम में हटाए गए हैं। यहां अवैध मतदाताओं की संख्या 1240 पाई गई है। इसी प्रकार कोलकाता दक्षिण में 28468 और कोलकाता उत्तर में 39164 मतदाताओं को हटाया गया है। राज्य में दो चरणों में कुल 294 सीटों के लिए मतदान कराया जाना है। कुल मिलाकर चुनाव आयोग द्वारा 28 फरवरी को जारी की गई अंतिम सूची के बाद अब 7.04 करोड़ मतदाता है।

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक सबसे कम अवैध मतदाता झारग्राम में हटाए गए हैं। यहां अवैध मतदाताओं की संख्या 1240 पाई गई है। इसी प्रकार कोलकाता दक्षिण में 28468 और कोलकाता उत्तर में 39164 मतदाताओं को हटाया गया है। राज्य में दो चरणों में कुल 294 सीटों के लिए मतदान कराया जाना है। कुल मिलाकर चुनाव आयोग द्वारा 28 फरवरी को जारी की गई अंतिम सूची के बाद अब 7.04 करोड़ मतदाता है। सूची से 60 लाख नाम इसलिए हटाए गए थे, क्योंकि या तो ये लोग मर चुके हैं और या अब पश्चिम बंगाल में नहीं रहते। अंतिम सूची से नाम हटाए जाने के बाद मतदाताओं के पास उच्चतम न्यायालय के आदेशों के तहत राज्य में विशेष रूप से गठित न्यायाधिकरणों में जाने का विकल्प है, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि न्यायाधिकरण के न्यायाधीशों द्वारा योग्य पाए गए मतदाता आगामी चुनावों में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर पाएंगे या नहीं। आखिरी पूरक सूची जारी होने के साथ ही पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदाता सूची सोमवार आधी रात के बाद नियमों के अनुसार अंतिम रूप दे दी गई है।

पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा की 152 सीटों पर 23 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होगा, जबकि शेष 142 सीटों पर 29 अप्रैल को दूसरे चरण में वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण के लिए मतदाता सूची को नौ अप्रैल को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस चरण में मतदाता सूची में कोई और नाम शामिल नहीं किया जाएगा। पहले चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि के बाद सूची कानून के अनुसार आखिरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अब किसी भी बदलाव का फैसला उच्चतम न्यायालय के संभावित निर्देशों पर निर्भर करेगा। एसआइआर मामले पर उच्चतम न्यायालय अगली सुनवाई 13 अप्रैल को करेगा। शुद्धीकरण में 90 लाख से अधिक मतदाता हटे

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की सूची का शुद्धिकरण तीन चरणों में किया है।

इसके बाद 90, 83,345 लाख मतदाता सूची से हटाए गए हैं। दिसंबर 2025 में जब प्रारंभिक ड्राफ्ट तैयार किया गया था, तो उस समय आयोग ने 58.2 लाख और फरवरी 2026 में अंतिम सूची प्रकाशन तक 5.46 लाख मतदाता हटाए गए थे। वर्तमान में न्यायिक अधिकारियों के हस्तक्षेप और विस्तृत जांच के बाद 27 लाख से अधिक नामों को हटाने का फैसला लिया है। इन दोनों आंकड़ों के बाद सूची से हटाए गए नामों का आंकड़ा 90.83 लाख से अधिक मतदाताओं की संख्या को पार कर गया है।

आज एक संपूर्ण सभ्यता का अंत हो जाएगा

गई है। ईरानी अधिकारियों ने युवाओं से बिजली संयंत्रों की सुरक्षा के लिए मानव शृंखला बनाने की अपील की है। मीजान समाचार एजंसी के अनुसार तेहरान में हुए हमले में 24 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। हालांकि, तुरंत यह स्पष्ट नहीं हो सका कि हमले में किसे निशाना बनाया गया था।

पिछले कुछ समय से ईरान की राजधानी तेहरान पर लगातार तीव्र हवाई हमले हो रहे हैं, जिनमें पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित संभावित हथियार भंडार और रिहायशी इलाकों को भी निशाना बनाया गया है। इजराइल ने धर्मतंत्र और उसकी सेना में शीर्ष अधिकारियों को निशाना बनाते हुए हवाई हमले किए हैं। घरेलू दबाव के बीच ट्रंप ने ईरान से जलमार्ग खोलने की मांग दोहराई है, अन्यथा बिजली संयंत्रों और पुलों को नष्ट करने की चेतावनी दी है। नागरिक ढांचे पर हमले की धमकी ने संभावित युद्ध अपराधों की चिंता बढ़ा दी। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने ट्रंप से ऐसा कदम न उठाने की अपील करते हुए कहा कि ध्यान इस बात पर होना चाहिए कि यह संघर्ष और न बढ़े। पुलों व नागरिक ढांचे पर बमबारी जैसे कदम अस्वीकार्य होंगे। ईरान ने इसके जवाब में युवाओं, खिलाड़ियों, कलाकारों व विद्यार्थियों से बिजली संयंत्रों के चारों ओर मानव शृंखला बनाने का आह्वान किया।

दो बच्चों की मौत; सीआरपीएफ की चौकी पर धावा बोलने की कोशिश, दो लोग मारे गए

अपने घर छोड़ दिए क्योंकि जिस जगह हमला हुआ था, उससे कुछ ही मीटर की दूरी पर एक जिंदा राकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) का खोल बरामद हुआ था। जैसे ही बच्चों की मौत की खबर फैली बिष्णुपुर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। प्रदर्शनकारियों ने ट्रोंगलाओबी से लगभग 500 मीटर पूर्व में स्थित एक सीआरपीएफ चौकी पर धावा बोलने की कोशिश की, और इस बात पर अपना गुस्सा जाहिर किया कि वे ऐसे हमले को रोकने में असमर्थ रहे। कई लोग सड़कों पर उतर आए और टायर जलाकर नाकेबंदी कर दी।

भीड़ ने तीन ट्रकों को भी आग के हवाले कर दिया, जिनमें दो तेल के टैंकर भी शामिल थे। अधिकारियों के अनुसार सीआरपीएफ जवानों को चौकी पर धावा बोलने की कोशिश कर रहे लोगों पर गोली चलानी पड़ी। गृह मंत्री गोविंददास कोंथौजम ने पुष्टि की कि सीआरपीएफ चौकी पर धावा बोलने की कोशिश के दौरान दो नागरिकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य को गोली लगी है और उनका इलाज चल रहा है। प्रदर्शनकारियों ने मोइरांग पुलिस स्टेशन के गेट पर जलते हुए लट्ठे जमा करके उसे भी बंद कर दिया। इंफल में भी विरोध प्रदर्शन तेज हो गया, जहां कई लोगों ने सड़कों को बंद कर दिया, टायर जलाए और यातायात को बाधित किया। सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। ओइनम बिनिता गंभीर रूप से घायल हो गईं।

फिलहाल उनका इलाज पास के एक अस्पताल में चल रहा है। इस घटना के बाद दिन में ट्रोंगलाओबी के कुछ निवासियों ने अपने घर छोड़ दिए क्योंकि जिस जगह हमला हुआ था, उससे कुछ ही मीटर की दूरी पर एक जिंदा राकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) का खोल बरामद हुआ था। जैसे ही बच्चों की मौत की खबर फैली बिष्णुपुर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। प्रदर्शनकारियों ने ट्रोंगलाओबी से लगभग 500 मीटर पूर्व में स्थित एक सीआरपीएफ चौकी पर धावा बोलने की कोशिश की, और इस बात पर अपना गुस्सा जाहिर किया कि वे ऐसे हमले को रोकने में असमर्थ रहे।

असम पुलिस पवन खेड़ा के आवास पहुंची

को संवाददाता सम्मेलन कर आरोप लगाया था कि असम के मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के पास तीन पासपोर्ट और विदेश में संपत्ति है, जिसे मुख्यमंत्री के चुनावी हलफनामे में घोषित नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया कि एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी पूर्वाह्न करीब 11 बजे मध्य दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित खेड़ा के आवास पर पहुंचे और लगभग दो घंटे बाद वहां से चले गए।

कांग्रेस ने शर्मा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह नौ अप्रैल के चुनावों में हार के कारण परेशान और विचलित हैं और विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रहे हैं। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस खेड़ा को पाताल से भी ढूंढ निकालेगी और उनसे उन फर्जी दस्तावेजों के बारे में पूछताछ करेगी, जिनका इस्तेमाल उनके परिवार को निशाना बनाने के लिए किया था। आवास की तलाशी ली गई और इलेक्ट्रानिक उपकरण जब्त किए गए हैं। नाथ ने कहा कि कुछ दोष साबित करने वाली सामग्री मिली है, लेकिन जांच के इस स्तर पर इसकी विस्तृत जानकारी साझा नहीं की जा सकती। डीसीपी ने बताया कि गुवाहाटी की अपराध शाखा पुलिस थाना ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की है।

शर्मा ने खेड़ा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। कांग्रेस प्रवक्ता खेड़ा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन कर आरोप लगाया था कि असम के मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के पास तीन पासपोर्ट और विदेश में संपत्ति है, जिसे मुख्यमंत्री के चुनावी हलफनामे में घोषित नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया कि एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी पूर्वाह्न करीब 11 बजे मध्य दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित खेड़ा के आवास पर पहुंचे और लगभग दो घंटे बाद वहां से चले गए।

एनएसए डोभाल ने बांग्लादेश के विदेश मंत्री से द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के उपायों पर चर्चा की

नई दिल्ली, 7 अप्रैल (भाषा)।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान की रात्रिभोज पर मेजबानी की। रहमान तीन दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को नई दिल्ली पहुंचे, जिसका उद्देश्य 18 महीने से अधिक समय से चले आ रहे कूटनीतिक तनाव के बाद द्विपक्षीय संबंधों में सुधार लाना है।

योजना की संरचना ऐसी थी कि उधारकर्ताओं को ऋण आसानी से मिल सके। ऋणदाता संस्थान उधारकर्ता के मौजूदा ऋण के आधार पर पूर्व-स्वीकृत ऋण देते थे और अतिरिक्त ऋण के लिए नया मूल्यांकन नहीं किया जाता था। इसके अलावा ऋण पर ब्याज दर की अधिकतम सीमा तय की गई थी ताकि कर्ज की लागत कम रहे एवं ऋण बिना ह्रासप्रोसेसिंग (प्रक्रिया) शुल्क, पूर्व भुगतान शुल्क और गारंटी शुल्क के दिए जाते थे। यह योजना 31 मार्च 2023 तक लागू रही। इस बीच सरकार ने आम लोगों की कठिनाइयों को कम करने के लिए हाल में कई कदम भी उठाए हैं जिनमें पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती शामिल है।

रुपया 16 पैसे टूटकर 93.06 प्रति डालर पर पहुंचा

मुंबई, 7 अप्रैल (भाषा)।

रुपया मंगलवार को 16 पैसे टूटकर अमेरिकी डालर के मुकाबले 93.06 पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज जलमार्ग को खोलने की समयसीमा और भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले निवेशकों में चिंता बनी रही, जिससे घरेलू मुद्रा पर दबाव देखा गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अस्थिर वैश्विक हालात के बीच विदेशी पूंजी की लगातार निकासी, मजबूत डालर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपया डालर के मुकाबले दबाव में बना हुआ है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डालर के मुकाबले 93.05 पर खुला। इसके बाद इसमें गिरावट आई और यह 93.12 प्रति डालर तक नीचे चला गया। कारोबार के दौरान रुपया 92.86 प्रति डालर के उच्च स्तर तक भी गया। कारोबार के अंत में रुपया 93.06 प्रति डालर पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 16 पैसे की गिरावट है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सट्टेबाजी पर रोक लगाने और मुद्रा में उतार-चढ़ाव कम करने के लिए उठाए गए कदमों के बाद, सोमवार को रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले 28 पैसे मजबूत होकर 92.90 पर बंद हुआ था।

आरबीआइ ने सट्टेबाजी पर नियंत्रण के लिए नियम सख्त किए हैं और बैंकों की नेट ओपन पोजिशन (बैंकों के पास शुद्ध रूप से रखी जाने वाली विदेशी मुद्रा) की सीमा 10 करोड़ डालर तय की है। भारतीय रिजर्व बैंक की ब्याज दर तय करने वाली समिति ने सोमवार से चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर तीन दिन की बैठक शुरू कर दी है। आरबीआइ के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का निर्णय बुधवार को घोषित किया जाएगा। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डालर की स्थिति को दर्शाने वाला डालर सूचकांक 0.15 फीसद घटकर 99.83 पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.97 फीसद की गिरावट के साथ 107.61 डालर प्रति बैरल रहा। घरेलू शेयर बाजार की बात करें तो सूचकांक 509.73 अंक चढ़कर 74,616.58 अंक पर रहा, जबकि निफ्टी 155.40 अंक बढ़कर 23,123.65 अंक पर पहुंच गया।

'बैंक खातों को धोखाधड़ी घोषित करने से पूर्व उधारकर्ता निजी सुनवाई के हकदार नहीं'

नई दिल्ली, 7 अप्रैल (भाषा)।

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि बैंकों द्वारा खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने से पहले उधारकर्ता व्यक्तिगत सुनवाई का अनिवार्य रूप से अवसर दिए जाने के हकदार नहीं हैं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को निरस्त कर दिया, जिसमें उधारकर्ता को धोखाधड़ी वाला खाता घोषित करने से पहले व्यक्तिगत सुनवाई देने का बैंक को निर्देश दिया गया था।

शीर्ष अदालत ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन से जुड़े नियमों की व्याख्या करते हुए कहा कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करने के लिए कारण बताओ नोटिस देना, जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराना, उधारकर्ता के जवाब पर विचार करना और कारण के साथ आदेश पारित करना पर्याप्त है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि बैंक किसी खाते को धोखाधड़ी घोषित करने में आडिट रपट (फारेंसिक आडिट समेत) पर निर्भर करते हैं, तो उसकी प्रति उधारकर्ता को देनी होगी ताकि वह उस पर अपनी आपत्ति या जवाब दे सके।

इसके साथ ही पीठ ने कहा कि ऐसे मामलों में निर्णय मुख्य रूप से दस्तावेजी साक्ष्यों- जैसे वित्तीय रिकार्ड, लेन-देन विवरण और आडिट रपट पर आधारित होता है इसलिए हर मामले में मौखिक सुनवाई जरूरी नहीं होती। पीठ ने कहा कि हर मामले में व्यक्तिगत सुनवाई अनिवार्य करने से प्रक्रिया में देरी होगी और धोखाधड़ी वाले खातों की समय पर पहचान और जांच प्रभावित हो सकती है।

उद्घाटन ठाणे: महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सुनेत्रा पवार और अन्य मंगलवार को ठाणे-बोरिवली ट्विन टनल परियोजना के उद्घाटन के दौरान।

एअर इंडिया उड़ानों पर ईंधन अधिभार लगाएगा

मुंबई, 7 अप्रैल (भाषा)।

एअर इंडिया समूह घरेलू उड़ानों के लिए 299 रुपए से 899 रुपए तक और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 24 डालर से 280 डालर तक का ईंधन अधिभार लगाने जा रहा है।

हालांकि, कुछ मार्गों पर ईंधन अधिभार नहीं लगाया जाएगा। एअर इंडिया ने मंगलवार को बयान में कहा कि आठ अप्रैल से प्रभावी संशोधित ईंधन अधिभार एअरलाइन की किफायती सेवाएं देने वाली अनुषंगी कंपनी एअर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित उड़ानों पर भी लागू होगा।

बयान में कहा गया कि बांग्लादेश और जापान, हांगकांग और दक्षिण कोरिया जैसे सुदूर पूर्व गंतव्यों के लिए आने-जाने वाली उड़ानों पर ईंधन अधिभार में संशोधन की जानकारी आवश्यक नियामकीय अनुमोदनों के अधीन उचित समय पर दी जाएगी।

एअरलाइन ने कहा कि सरकार द्वारा घरेलू विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में 25 फीसद की अधिकतम वृद्धि तय करने के बाद समूह ने इस संतुलित दृष्टिकोण को अपनाया है और घरेलू स्तर पर एक समान अधिभार की जगह दूरी-आधारित अधिभार लगाने का फैसला लिया है।

> **एअर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन का इस्तीफा, उत्तराधिकारी की तलाश**
>
> एअर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है। एअरलाइन ने उनके उत्तराधिकारी की तलाश के लिए एक समिति का गठन किया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। न्यूजीलैंड मूल के विल्सन पिछले चार वर्ष से टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं। एयरलाइन ने बयान में कहा कि विल्सन ने 2024 में ही एअर इंडिया के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को 2026 में पद छोड़ने की अपनी इच्छा से अवगत करा दिया था। तब से वह यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि संगठन और नेतृत्व दल बदलाव के लिए स्थिर स्थिति में हो। एअर इंडिया के निदेशक मंडल ने आने वाले महीनों में नए प्रमुख की नियुक्ति के लिए एक समिति का गठन किया है, जो उनके उत्तराधिकारी की तलाश करेगी।

न्यायिक कार्यों में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल पर लगाई रोक

चंडीगढ़, 7 अप्रैल (ब्यूरो)।

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को फैसला लिखने और कानूनी शोध के लिए कृत्रिम मेधा (एआइ) उपकरणों का उपयोग न करने का निर्देश दिया है।

> **पंजाब** और हरियाणा हाई कोर्ट का फैसला।

न्यायालय के महापंजीयक की ओर से सोमवार को पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को जारी किए गए पत्र के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश ने उन्हें अपने अधीन कार्यरत न्यायिक अधिकारियों को यह निर्देश देने को कहा है कि वे फैसले लिखने और कानूनी शोध के लिए चैटजीपीटी, जेमिनी, कोपायलट, मेटा सहित किसी भी एआइ उपकरण का उपयोग न करें। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि इन निर्देशों का उल्लंघन गंभीरता से लिया जाएगा। इससे पहले, गुजरात हाई कोर्ट ने किसी भी प्रकार के निर्णय लेने, न्यायिक तर्क, आदेश का प्रारूप तैयार करने, जमानत संबंधी सजा पर विचार करने या किसी भी महत्त्वपूर्ण न्यायिक प्रक्रिया में एआइ के उपयोग पर रोक लगा दी थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह कदम न्यायिक प्रक्रिया की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है।

ग्रामीण भारत में शीर्ष पांच फीसद परिवार 32 फीसद जमीन के मालिक | अध्ययन | जबकि शीर्ष एक फीसद परिवारों के पास 18 फीसद कृषि भूमि है

ग्रामीण भारत में 10 फीसद परिवारों के पास 44 फीसद जमीन

नई दिल्ली, 7 अप्रैल (भाषा)।

देश के ग्रामीण इलाकों में शीर्ष 10 फीसद परिवारों के पास 44 फीसद जमीन है, जबकि 46 फीसद भूमिहीन हैं। ह्यवर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब्ह के एक अध्ययन में यह बात कही गई है। भारत में भूमि असमानताः प्रकृति, इतिहास एवं बाजार शीर्षक वाले इस कार्य-पत्र में कहा गया है कि ग्रामीण भारत में शीर्ष पांच फीसद परिवार 32 फीसद जमीन के मालिक हैं, जबकि शीर्ष एक फीसद परिवारों के पास 18 फीसद कृषि भूमि है।

यह अध्ययन नितिन कुमार भारती, डेविड ब्लेकस्ली और समरीन मलिक ने संयुक्त रूप से किया है। अध्ययन में करीब 65 करोड़ लोगों और 2.7 लाख गांवों के भूमि आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है।

रपट के मुताबिक, ग्रामीण स्तर पर भूमि असमानता का औसत गिनी सूचकांक (0 से 100 के पैमाने पर) भूमिहीन परिवारों को शामिल करने पर 71 तक पहुंच जाता है जबकि 46 फीसद ग्रामीण परिवार पूरी तरह भूमिहीन हैं। अध्ययन रपट कहती है कि औसतन किसी गांव में सबसे बड़ा जमींदार लगभग 12 फीसद जमीन नियंत्रित करता है, जबकि कुछ गांवों में एक ही व्यक्ति के पास आधे से अधिक भूमि है। राज्यों के बीच असमानता के स्तर में भी बड़ा अंतर देखा गया है, जो वैश्विक स्तर पर देशों के बीच पाए जाने वाले अंतर के लगभग बराबर है। अध्ययन के अनुसार, जिन क्षेत्रों में कृषि के लिए अनुकूल प्राकृतिक परिस्थितियां हैं, वहां भूमि का केंद्रीकरण अधिक देखने को मिलता है। ऐतिहासिक कारकों का भूमि वितरण पर गहरा असर बना हुआ है। ब्रिटिश शासन के सीधे नियंत्रण वाले क्षेत्रों में भूमि असमानता अपेक्षाकृत अधिक पाई गई, जबकि रियासतों के अधीन रहे इलाकों में भूमि असमानता कम रही है। इसके अलावा भूमि स्वामित्व पर सामाजिक संरचना का प्रभाव भी स्पष्ट है।

> **यह** अध्ययन नितिन कुमार भारती, डेविड ब्लेकस्ली और समरीन मलिक ने संयुक्त रूप से किया है। अध्ययन में करीब 65 करोड़ लोगों और 2.7 लाख गांवों के भूमि आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। रपट के मुताबिक, ग्रामीण स्तर पर भूमि असमानता का औसत गिनी सूचकांक (0 से 100 के पैमाने पर) भूमिहीन परिवारों को शामिल करने पर 71 तक पहुंच जाता है जबकि 46 फीसद ग्रामीण परिवार पूरी तरह भूमिहीन हैं। अध्ययन रपट कहती है कि औसतन किसी गांव में सबसे बड़ा जमींदार लगभग 12 फीसद जमीन नियंत्रित करता है, जबकि कुछ गांवों में एक ही व्यक्ति के पास आधे से अधिक कृषि भूमि है।

अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) की अधिक आबादी वाले गांवों में भूमिहीनता की दर ज्यादा है। हालांकि, लंबे समय तक वामपंथी शासन के अधीन रहे केरल एवं पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में यह प्रवृत्ति अपेक्षाकृत कम दिखती है।

अध्ययन रपट के मुताबिक, बाजार और बुनियादी ढांचे तक बेहतर पहुंच भी ऐतिहासिक रूप से बनी इस असमानता को पूरी तरह खत्म नहीं कर पाई है।

This is only an advertisement for information purpose and not an offer document announcement. Not for publication, distribution or release directly orindirectly into the United States or otherwise outside India. All capitalized terms used and not defined herein shall have the meaning assigned to them in the Letter of Offer dated March 24, 2026 (the "Letter of Offer" or "LOF") filed with stock exchange BSE Limited ("BSE") ("the "Stock Exchange"). and the Securities and the Exchange Board of India ("SEBI") for information and dissemination on the SEBI's website pursuant to proviso to Regulation 3 of the SEBI (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018 ("SEBI ICDR Regulations").

GUJARAT COTEX LIMITED

(CIN: L46695DN1996PLC000116)

Registered Office: Shop No. 3, Shanti Complex, Opp. Patel Petrol Pump, Amli, Silvassa, Dadra & Nagar Haveli, India – 396230. **Corporate Office:** 2007, Shankar Plaza Nanpura, Timaliyawad, Surat, Gujarat, India – 395001. **Email:** info@gujcotex.co | **Website:** www.gujcotex.co |**Phone:** +91-0261 3100550;

Our Company was originally incorporated as "Gujarat Cotex Limited" under the provisions of the Companies Act, 1956, and received its Certificate of Incorporation from the Registrar of Companies, Gujarat, on August 24, 1992, commencing business on August 25, 1992. Pursuant to a Scheme of Amalgamation approved by the Hon'ble High Court of Gujarat on February 23, 1993, the Company took over the undertaking of Jayant Texturising Private Limited as a going concern, engaged in the yarn texturing business. Subsequently, the Company's Registered Office was relocated from State of Gujarat, located at Morbi Memon Jamatkhana Building, Tankshal Pole, Ranitalav, Surat – 395003, Gujarat, India to the Union Territory of Dadra and Nagar Haveli, located at 52, Government Industrial Estate, Phase-II, Piparia, Silvassa, Dadra and Nagar Haveli, India, as approved by an order of the Company Law Board and a fresh certificate was issued effective November 20, 1996. Thereafter, the name of the Company was changed from "Gujarat Cotex Limited" to "Octagon Industries Limited" pursuant to a fresh Certificate of Incorporation issued on May 26, 1997. Further, the Registered Office of the Company was shifted to Cassia-702, Garden City, Opposite Samarvani Panchayat, Khanvel Road, Silvassa, Dadra & Nagar Haveli – 396230, with effect from October 5, 2011. Subsequently, with effect from June 4, 2021, the Registered Office was relocated to Shop No. 4, 1st Floor, Shanti Complex, Opp. Patel Petrol Pump, Amli, Silvassa, Dadra & Nagar Haveli, India – 396230. Later, with effect from August 29, 2025, the Registered Office was shifted from Shop No. 4, 1st Floor, Shanti Complex, Opp. Patel Petrol Pump, Amli, Silvassa, Dadra & Nagar Haveli, India – 396230 to Shop No. 3, Shanti Complex, Opp. Patel Petrol Pump, Amli, Silvassa, Dadra & Nagar Haveli, India – 396230. Further, the name of the Company was reverted to its original name "Gujarat Cotex Limited" pursuant to a fresh Certificate of Incorporation issued on December 27, 2006. Please see ***'Summary of the Letter of Offer'*** on page 19 of the Letter of Offer.

FOR PRIVATE CIRCULATION TO THE ELIGIBLE EQUITYSHAREHOLDERS OF GUJARAT COTEX LIMITED ("OUR COMPANY"/" THE ISSUER")

RIGHTS ISSUE OF UP TO 8,54,64,000 FULLY PAID UP EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 5/- EACH OF OUR COMPANY ("RIGHTS EQUITY SHARES") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 5/- (RUPEES FIVE ONLY) EACH PER RIGHTS EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE") AGGREGATING TO AN AMOUNT OF ₹ 4,273.20 LAKHS* ON A RIGHTS BASIS TO THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS OF OUR COMPANY IN THE RATIO OF 6 RIGHTS EQUITY SHARES FOR EVERY 1 FULLY PAID UP EQUITY SHARE HELD BY THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS ON THE RECORD DATE, THAT IS ON APRIL 01, 2026 (THE "ISSUE"). THE ISSUE PRICE FOR THE RIGHTS EQUITY SHARES IS ONE TIMES THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES. FOR FURTHER DETAILS, KINDLY REFER TO THE SECTION TITLED 'TERMS OF THE ISSUE' ON PAGE 87 OF THE LETTER OF OFFER (LOF). (*Assuming full subscription)

NOTICE TO ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS OF OUR COMPANY

ISSUE PROGRAMME

ISSUE OPENS ON	LAST DATE FOR ON-MARKET RENUNCIATIONS**	ISSUE CLOSES ON#
April 10, 2026	May 05, 2026	May 08, 2026

**Eligible Equity Shareholders are requested to ensure that renunciation through off-market transfer is completed in such a manner that the Rights Entitlements are credited to the Demat account of the Renouncee(s) on or prior to the Issue Closing Date.
#Our boardwill have the right to extend the Issue period as it may determine from time to time but not exceeding 30 (Thirty) days from the Issue Opening Date (inclusive of the Issue Opening Date). Further, no withdrawal of the Application shall be permitted by any Applicant after the Issue Closing Date.

ASBA*	Simple, Safe, Smart way of Application - Make use of it!!!	*Applications Supported by Blocked Amount (ASBA) is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account, investors can avail the same.For further details, check section on ASBA below.

Facilities for Application in this Issue

In accordance with Regulation 76 of the SEBI ICDR Regulations, the SEBI Rights Issue Circulars and the ASBA Circulars, all Investors desiring to make an Application in this Issue are mandatorily required to use the ASBA process. Investors should carefully read the provisions applicable to such Applications before making their Application through ASBA. For details, see "Procedure for Application through the ASBA Process"on pageno. 91of the Letter of Offer, respectively.

APPLICATION THROUGH ASBA FACILITY

An investor, wishing to participate in this Issue through the ASBA facility, is required to have an ASBA enabled bank account with an SCSB, prior to making the Application. Investors desiring to make an Application in this Issue through ASBA process, may submit the Application Form to the Designated Branch of the SCSB or online/electronic Application through the website of the SCSBs (if made available by such SCSB) for authorizing such SCSB to block Application Money payable on the Application in their respective ASBA Accounts.

Please note that subject to SCSBs complying with the requirements of SEBI Circular CIR/CFD/DIL/13/2012 dated September 25, 2012, within the periods stipulated therein, ASBA Applications may be submitted at the Designated Branches of the SCSBs. Further, in terms of the SEBI circular bearing reference number CIR/CFD/DIL/1/2013 dated January 2, 2013, it is clarified that for making Applications by SCSBs on their own account using ASBA facility, each such SCSB should have a separate account in its own name with any other SEBI registered SCSB/s. Such account shall be used solely for the purpose of making an application for the Issue and clear demarcated funds should be available in such account for such an application. SCSBs shall have a separate account in its own name with any other SEBI registered SCSBs. Such account shall be used solely for the purpose of making an application in the Issue and clear demarcated funds should be available in such account for such an application. SCSBs applying through ASBA shall submit their Applications to the Registrar.

CREDIT OF RIGHTS ENTITLEMENTS IN DEMAT ACCOUNTS OF ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS

pursuant to provisions of the SEBI ICDR Regulations and the SEBI Issue Circular, the Rights Entitlements shall be credited in dematerialized form in respective demat accounts of the Eligible Equity Shareholders before the Issue Opening Date. In case of demat accounts which are frozen or details of which are unavailable or the demat accounts the details of which could not be traced from the details provided by the Eligible Equity Shareholders, the Rights Entitlements shall be kept in suspense escrow demat account and shall be transferred to the demat account of the Eligible Equity Shareholder as and when such details are provided/rectified.

Prior to the Issue Opening Date, our Company shall credit the Rights Entitlements to (i) the demat accounts of the Eligible Equity Shareholders holding the Equity Shares in dematerialised form; and (ii) a demat suspense escrow account opened by our Company, for the Eligible Equity Shareholders holding Equity Shares in dematerialized form at least one day before the Issue Closing Date, to enable such Eligible Equity Shareholders to make an application in this Issue, and where the time to credit the Rights Entitlements or unblock the funds in the ASBA account expires post the Issue Closing Date, to enable such Eligible Equity Shareholders to make an application in this Issue. Eligible Equity Shareholders can obtain the details of their respective Rights Entitlements from the website of the Registrar (i.e., www.purvashare.com) by entering their DP ID and Client ID or Folio Number (in case of Eligible Equity Shareholders holding Equity Shares in physical form) and PAN. The Registrar to the Issue will send/dispatch a serialised intimation letter, along with the Application Form, to any Eligible Equity Shareholder who has submitted a valid e-mail address, containing the link to download the Application Form. Such Eligible Equity Shareholders can make an Application only after downloading and printing the Application Form from the aforementioned link.

Prior to the Issue Opening Date, the Rights Entitlements of those Eligible Equity Shareholders, among others, who hold Equity Shares in physical form, and whose demat account details are not available with our Company or the Registrar, shall be credited in a demat suspense escrow account opened by our Company.

PROCEDURE FOR APPLICATION - In accordance with Regulation 76 of the SEBI ICDR Regulations, SEBI Rights Issue Circulars and ASBA Circulars, all investors desiring to make an application in this issue are mandatorily required to use the ASBA process. Investors should carefully read the provisions applicable to such applications before making their application through ASBA. For details of procedure for application by the resident eligible shareholders holding equity shares in physical form as on record date, please see "Making of an application by eligible equity shareholders holding equity shares in physical form" on page 95 of the Letter of Offer.

Procedure for Application through the ASBA process: Investors desiring to make an Application in this Issue through ASBA process, may submit the Application Form to the Designated Branch of the SCSB or online/electronic Application through the website of the SCSBs (if made available by such SCSB) for authorising such SCSB to block Application Money payable on the Application in their respective ASBA Accounts. Investors should ensure that they have correctly submitted the Application Form, or have otherwise provided an authorisation to the SCSB, via the electronic mode, for blocking funds in the ASBA Account equivalent to the Application Money mentioned in the Application Form, as the case may be, at the time of submission of the Application. For the list of banks which have been notified by SEBI to act as SCSBs for the ASBA process, please refer to https://www.sebi.gov.in/sebiweb/other/OtherAction.do?doRecognise=yes&intmId=34. For details on Designated Branches of SCSBs collecting the Application Form, please refer the above-mentioned link.

Application by eligible equity shareholders holding equity shares in physical form

Please note that in accordance with Regulation 77A of the SEBI ICDR Regulations read with the SEBI Rights Issue Circulars, the credit of Rights Entitlements and Allotment of Equity Shares shall be made in dematerialised form only. Accordingly, Eligible Equity Shareholders holding Equity Shares in physical form as on Record Date and desirous of subscribing to Equity Shares in this Issue are advised to furnish the details of their demat account to the Registrar or our Company at least two Working Days prior to the Issue Closing Date, to enable the credit of their Rights Entitlements in their respective demat accounts at least one day before the Issue Closing Date.

PLEASE NOTE THAT THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS WHO HOLD EQUITY SHARES IN PHYSICAL FORM AS ON RECORD DATE AND WHO HAVE NOT FURNISHED THE DETAILS OF THEIR RESPECTIVE DEMAT ACCOUNTS TO THE REGISTRAR OR OUR COMPANY PRIOR TO THE ISSUE CLOSING DATE SHALL NOT BE ELIGIBLE TO MAKE AN APPLICATION FOR RIGHTS EQUITY SHARES AGAINST THEIR RIGHTS ENTITLEMENTS WITH RESPECT TO THE EQUITY SHARES HELD IN PHYSICAL FORM.

Allotment of Rights Equity Shares in Dematerialised Form: Please note that the Rights Equity Shares applied for in this Issue can be allotted only in dematerialised form and to the same demat account in which the equity shares are held by such investors on the Record Date.

Dispatch of the Letter of Offer (LOF) and Application: The dispatch of the LOF and the Application Form was completed on April 07, 2026, by the Registrar for the Issue.

Credit of Rights Entitlements in Demat Accounts of Eligible Equity Shareholders:

In accordance with Regulation 77A of the SEBI ICDR Regulations read with the SEBI Rights Issue Circulars, the credit of Rights Entitlements and Allotment of Equity Shares shall be made in dematerialised form only. Prior to the Issue Opening Date, the Rights Entitlements shall be credited in (i) a demat suspense escrow account opened by our Company, for the Eligible Equity Shareholders holding the Equity Shares in dematerialised form, or (ii) a demat suspense escrow account pursuant to Regulation 40 of the SEBI ICDR Regulations, which would comprise Rights Entitlements relating to (a) Equity Shares held in demat suspense account pursuant to Regulation 39 of the SEBI ICDR Regulations; or (b) Equity Shares held in the account of any authority or (c) the demat account of the Eligible Equity Shareholder which are frozen or details of which are unavailable with our Company or with the Registrar on the Record Date, or (d) Equity Shares held by the Eligible Equity Shareholders holding Equity Shares in physical form as on the Record Date where details of demat accounts are not provided by an Eligible Equity Shareholder to our Company or Registrar; or (e) credit of the Rights Entitlements returned/refunded/lapsed, or (f) the ownership of the Equity Shares under dispute, including any legal proceedings, as applicable or of ineligible equity shareholders in the United States.

Application on Plain Paper under ASBA:

An Eligible Equity Shareholders may make an Application to subscribe to this Issue on plain paper. An Eligible Equity Shareholder shall submit the plain paper Application to the Designated Branch of the SCSB for authorising such SCSB to block Application Money in the said bank account maintained with them. Application on plain paper shall be accepted from applicants on an absolute basis.

Alternatively, Eligible Equity Shareholders may also fill the Application Form available online on the websites of our Company, the Registrar to the Issue or the Stock Exchange to provide requisite details.

Please note that the Eligible Equity Shareholders who are making the Application on plain paper shall be entitled to renounce their Rights Entitlements and should not utilize the Application Form for any purpose including renunciation over what is received subsequently.

The application on plain paper, duly signed by the Eligible Equity Shareholder including joint holders, in the same order and as per specimen recorded with his bank, must reach the office of the Designated Branch of the SCSB before the Issue Closing Date and should contain the following particulars:

1. Name of our Company, being **Gujarat Cotex Limited.**
2. Name and address of the Eligible Equity Shareholder including joint holders (in the same order and as per specimen recorded with our Company or the Depository);
3. Folio number (in case of Eligible Equity Shareholders who hold Equity Shares in physical form as at Record Date) / DP and Client ID;
4. PAN of the Eligible Equity Shareholders and for each Eligible Equity Shareholder in case of joint names, irrespective of the total value of the Rights Equity Shares applied for pursuant to this Issue;
5. Number of Equity Shares held as at Record Date;
6. Allotment option – only dematerialised form;
7. Number of Rights Equity Shares entitled to;
8. Number of Rights Equity Shares entitled to;
9. Number of Rights Equity Shares applied for within the Rights Entitlements;
10. Number of Additional Rights Equity Shares applied for, if any (applicable only if entire Rights Entitlements have been applied for);
11. Total number of Rights Equity Shares applied for;
12. Total amount payable at the rate of Rs. 5/- per Rights Equity Share;
13. Details of the ASBA Account such as the SCSB account number, name, address and branch of the relevant SCSB;
14. In case of non-resident Rights Equity Shareholders making an application with an Indian address, details of the NRE / FCNR/NRO account such as the account number, name, address and branch of the SCSB with which the account is maintained;
15. Authorization to the Designated Branch of the SCSB to block an amount equivalent to the Application Money in the ASBA Account;
16. Signature of the Eligible Equity Shareholder (in case of joint holders, to appear in the same sequence and order as they appear in the records of the SCSB);
17. An approval obtained from any regulatory authority, if required, shall be obtained by the Eligible Equity Shareholders and a copy of such approval from any regulatory authority, as may be required, shall be sent to the Registrar to the issue at support@purvashare.com.
18. All such Eligible Equity Shareholders shall be deemed to have made the representations, warranties and agreements set forth in "***Restrictions on Purchases and Resale***" on page no118 and shall include the following:

*"I (We) hereby make representations, warranties and agreements set forth in '**Restrictions on Purchases and Resale**' on page no.118.
I (We) acknowledge that the Company, its affiliates and others will rely upon the truth and accuracy of the representations, warranties and agreements set forth therein."*

In cases where multiple Application Forms are submitted for Applications pertaining to Rights Entitlements credited to the same demat account or in demat suspense escrow account, including cases where an investor submits Application Forms along with a plain paper Application, such Applications shall be liable to be rejected.

Investors are requested to strictly adhere to these instructions. Failure to do so could result in an Application being rejected, with our Company and the Registrar not having any liability to the Investor. The plain paper Application format will be available on the website of the Registrar. Our Company and the Registrar shall not be responsible if the Applications are not uploaded by SCSB or funds are not blocked in the Investor's ASBA Account on or before the Issue Closing Date.

Last date for Application: The last date for submission of the duly filled Application Form or a plain paper Application is, May 08, 2026, i.e., Issue Closing Date. Our Board or any committee thereof reserves the right to extend the Issue period as it may determine from time to time, subject to the Issue Period not exceeding 30 days from the Issue Opening Date (inclusive of the Issue Closing Date).

If the Application Form is not submitted with a SCSB or notification of the Stock Exchange or the Application Money is not blocked with the SCSB on or before the Issue Closing Date or such date as may be determined by our board or any committee thereof, the intention to offer consideration in the form of office shall be deemed to have been denied and our Board or any committee thereof shall be at liberty to dispose of the Rights Equity Share hereby offered, as provided in the section, "***Terms of the Issue,***" on page 87.

Procedure for Renunciation: The Investor may renounce the Rights Entitlements, credited to their respective demat accounts, either in full or in part (a) by using the secondary market platform of the Stock Exchange or (b) through an off-market transfer, during the Renunciation Period. The Investors should hold the demat Rights Entitlement and may renounce by transferring the Rights Entitlements. The rules for On Market Renunciation and Off Market Renunciation shall be applicable. Renunciation by transferring the Rights Entitlements through the depository system may be subject to stamp duty or other tax or legal consequences as a matter of trading in the Rights Entitlements; investors who intend to trade in the Rights Entitlements should consult their tax advisers or stock-broker regarding any renunciation. In addition, the Nomination facility is available for the Rights Entitlements. Our Company accepts no responsibility to bear any cost, applicable taxes, charges and expenses (including brokerage), and such costs will be incurred solely by the Investor. Please note that the Rights Entitlements which are neither renounced nor subscribed by the Investors on or before the Issue Closing Date shall lapse and shall be extinguished after the Issue Closing Date.

a. On Market Renunciation

The Eligible Equity Shareholders may renounce the Rights Entitlements, credited to their respective demat accounts by trading/selling them on the secondary market platform of the Stock Exchange through a registered stock-broker in the same manner as the existing equity shares of our Company.

In this regard, in terms of provisions of the SEBI ICDR Regulations and the SEBI Rights Issue Circulars, the Rights Entitlements credited to the respective demat accounts of the Eligible Equity Shareholders shall be admitted for trading on the Stock Exchange under the ISIN: INE004C20010 subject to requisite approvals. Prior to the Issue Closing Date, our Company will obtain the approval from the Stock Exchange for the same. No assurance can be given regarding the volume or sentiment for On Market Renunciation or the price at which the Rights Entitlements will trade. The details for trading in Rights Entitlements will be as specified by the Stock Exchange from time to time.

The Rights Entitlements are tradable in dematerialised form only. The market lot for trading of Rights Entitlements is 1 (one) Rights Entitlement.

The On Market Renunciation shall take place only during the Renunciation Period for On Market Renunciation, i.e., from April 10, 2026,to May 05, 2026(both days inclusive).

The On Market Renunciation shall take place electronically on the secondary market platform of BSE under an automatic order matching mechanism and on a 'T+1 rolling settlement basis', where 'T' refers to the date of trading. The transactions will be settled on a trade-for-trade basis. Upon execution of the order, the stock-broker will issue a contract note in accordance with the requirements of the Stock Exchange and SEBI.

b. Off Market Renunciation

The Eligible Equity Shareholders may renounce the Rights Entitlements, credited to their respective demat accounts, by way of an off-market transfer through a depository participant. The Rights Entitlements can be transferred in dematerialised form only.

Eligible Equity Shareholders are requested to ensure that consideration for an off-market transfer is completed in such a manner that the Rights Entitlements are credited to the demat account of the Renouncee on or prior to the Issue Closing Date to enable the Renouncee to subscribe to the Equity Shares in the Issue.

The Investors holding the Rights Entitlements who desire to transfer them will have to do so through their depository participant by issuing a delivery instruction slip, quoting the ISIN: INE004C20010 the details of the buyer, and the number of Rights Entitlements they intend to transfer. The buyer of the Rights Entitlements (unless already having given a standing receipt instruction) has to issue a receipt instruction slip to their depository participant. The Investors can transfer Rights Entitlements only to the extent available in their demat account.

The instructions for the transfer of Rights Entitlements can be issued during the working hours of the depository participant.

Please note that the Rights Entitlements which are neither renounced nor subscribed by the investors on or before the Issue Closing Date shall lapse and shall be extinguished after the Issue Closing Date.

Listing and Trading of the Equity Shares to be Issued Pursuant to this Issue:The existing Equity Shares are listed and traded on BSE (Scrip Code: 514386) under the ISIN: INE004C01028.The Rights Equity Shares shall be credited to a temporary ISIN which will be frozen until the receipt of the final listing/trading approvals from the Stock Exchange. Upon receipt of such approvals, the Rights Equity Shares shall be debited from such temporary ISIN and credited to the new ISIN for the Rights Equity Shares, after which they will be available for trading. The temporary ISIN shall then be permanently deactivated in the depository systems of CDSL and NSDL.

Disclaimer Clause of BSE:"It is to be distinctly understood that the permission given by BSE Limited should not in any way be deemed or construed that the Letter of Offer has been cleared or approved by BSE Limited, nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Letter of Offer. The Investors are advised to refer to the Letter of Offer for the full text of the Disclaimer Clause of BSE Limited."

Availability of Issue Materials:In accordance with the SEBI ICDR Regulations, the Letter of Offer, the Application Form, the Rights Entitlement Letter, and other Issue material will be sent/dispatched only to the Eligible Equity Shareholders who have provided an Indian address and who have made a request in this regard. For such Eligible Equity Shareholders who have provided a valid e-mail address, these documents will be sent electronically. For those who have not provided an e-mail address, the documents will be dispatched, on a reasonable effort basis, to the Indian addresses provided by them.

Investors can access the Letter of Offerand the Application Form (provided that the Eligible Equity Shareholder is eligible to subscribe for the Equity Shares under applicable laws) on the websites of:

a. Our Company at www.gujcotex.co
b. the Registrar to the issue at www.purvashare.com and
c. the Stock Exchange at www.bseindia.com

Allotment Banker Account and Bankers to the Issue and Refund Banker – ICICI Bank Limited

For Risk Factors and other details, kindly refer to page no. 25 of the Letter of Offer.

Other important links and helpline

The investors can visit following links for the below-mentioned purposes:

a. Frequently asked questions and online/ electronic dedicated investor helpdesk for guidance on the Application process and resolution of difficulties faced by the Investor: www.sebi.gov.in
b. Updation of Indian address/ e-mail address/ phone or mobile number in the records maintained by the Registrar or our Company: www.purvashare.com
c. Updation of demat account details by Eligible Equity Shareholders holding shares in physical form: www.purvashare.com
d. Submission of self-attested PAN, client master sheet and demat account details by non-resident Eligible Equity Shareholders: www.purvashare.com

REGISTRAR TO THE ISSUE	COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER
PURVA SHAREGISTRY (INDIA) PRIVATE LIMITED **Address:** Unit No. 9, Shiv Shakti Industrial Estate, J. R. Boricha Marg, Opp. Kasturba Hospital Lower, Mumbai, Maharashtra, India – 400 011 **Contact No.:** 022-49614132 **Email id:**support@purvashare.com **Investor Grievance Email id:** newissue@purvashare.com **Website:** www.purvashare.com **Contact Person:** Ms. DeepaliDhuri **SEBI Registration No.:** INR000001112 **CIN:** U67120MH1993PTC074079	**GUJARAT COTEX LIMITED** Ms. Shweta Naresh Kumar Temani **Registered Office:** Shop No. 3, Shanti Complex, Opp. Patel Petrol Pump, Amli, Silvassa, Dadra & Nagar Haveli, India – 396230. **CIN:** L46695DN1996PLC000116 **Email:** info@gujcotex.co **Contact No:** +91-0261 3100550 **Website:** www.gujcotex.co

Investors may contact the Registrar or the Company Secretary and Compliance Officer for any pre issue or post issue related matter. All grievances relating the ASBA process may be addressed to the Registrar, with a copy to the SCSBs in case of ASBA process), giving full details such as name, address of the Applicant contact number(s), e- mail address of the sole first holder, folio number or demat account number, number of Rights Equity Shares applied for, amount blocked (in case of ASBA process), ASBA Account number, and the Designated Branch of the SCSBs where the Application Form or the plain paper applications as the-case may be, was submitted by the Investors along with a photocopy of the acknowledgement slip (in case of ASBA process).

For, Gujarat Cotex Limited
Mr. ShaileshkumarJayantkumar Parekh
Managing Director
(DIN: 01246270)

Date:April 08, 2026
Place:Silvassa

खबर कोना

नेपाल ने छह देशों से अपने राजदूत वापस बुलाए

काठमांडो, 7 अप्रैल (भाषा)।

नेपाल ने भारत समेत छह देशों से अपने राजदूत वापस बुला लिए हैं, जिन्हें केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के कार्यकाल में नियुक्त किया गया था। सरकार ने भारत, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, डेनमार्क, दक्षिण कोरिया और दक्षिण अफ्रीका में कार्यरत राजदूतों को वापस बुला लिया है। जिन राजदूतों को वापस बुलाया गया है, उनमें शंकर प्रसाद शर्मा (भारत), चित्रलेखा यादव (आस्ट्रेलिया), सुमनिमा तुलाधर (डेनमार्क), पूर्ण बहादुर नेपाली (श्रीलंका), शिवमाया तुम्बाहम्फे (दक्षिण कोरिया) और कपिलमान श्रेष्ठ (दक्षिण अफ्रीका) शामिल हैं।

हनोई में वियतनाम के शीर्ष नेता तो लाम ने देश के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेते हुए।

बांग्लादेश की पूर्व महिला संसद अध्यक्ष गिरफ्तार

ढाका, 7 अप्रैल (भाषा)।

बांग्लादेश संसद की पूर्व अध्यक्ष शिरीन शरमीन चौधरी को मंगलवार को ढाका मेट्रोपालिटन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। समाचार पत्र प्रथम आलो की खबर के अनुसार, चौधरी को ढाका मेट्रोपालिटन पुलिस की खुफिया शाखा (डीबी) ने लालबाग थाने में दर्ज एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया। यह मामला जनआंदोलन के दौरान हुई हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाओं से जुड़ा है। डीबी के एक सूत्र ने बताया कि चौधरी विभिन्न स्थानों पर छिप कर रह रही थीं। अभी वह धनमंडी में एक रिश्तेदार के घर में रह रही थीं, जहां से उन्हें मंगलवार सुबह हिरासत में लिया गया। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, ढाका मेट्रोपालिटन पुलिस के मीडिया प्रभाग के उपायुक्त एम एन नसीरुद्दीन ने बताया कि चौधरी से फिलहाल पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा, 'जहां तक हमें जानकारी है, राजधानी के बनानी और उत्तरा थानों में जुलाई आंदोलन के दौरान हुई घटनाओं को लेकर उनके खिलाफ मामले दर्ज हैं।

श्रीलंका से रिहा हुए 30 भारतीय मछुआरे स्वदेश लौटे

कोलंबो, 7 अप्रैल (भाषा)।

श्रीलंका से रिहा किए गए 30 भारतीय मछुआरों को मंगलवार को वापस भेज दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'भारत के 30 मछुआरों को आज श्रीलंका से वापस भेजा गया।' उन्होंने बताया कि ये मछुआरे स्वदेश लौट रहे हैं। श्रीलंका की नौसेना के अनुसार, उसने इस साल अब तक मछली पकड़ने वाली 15 नौकाएं जब्त की और 102 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। उसने कहा कि 2025 में श्रीलंका के जल क्षेत्र में 346 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर बुद्धिका संपत ने बताया कि वह नहीं बता सकते कि रिहा किए गए 30 मछुआरे किस समूह से थे।

अल्बोर्ज प्रांत में हवाई हमले में 18 लोगों की मौत, बिजली संयंत्र बचाने की अपील

अमेरिका ने ईरान के तेल उद्योग के अहम केंद्र खार्ग द्वीप पर फिर किया हमला

वाशिंगटन, 7 अप्रैल (एपी)।

अमेरिका ने एक बार फिर ईरान के तेल उद्योग के लिए अति अहम खार्ग द्वीप पर हमला किया है। वाइट हाउस के एक अधिकारी ने पहचान गुप्त रखने की शर्त पर यह जानकारी दी। अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका ने द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। वहीं, ईरानी अधिकारियों ने युवाओं से बिजली संयंत्रों की सुरक्षा के लिए मानव शृंखला बनाने की अपील की।



सऊदी अरब ने उसके तेल समृद्ध पूर्वी प्रांत पर ईरान के मिसाइल हमलों के बाद बहरीन से जोड़ने वाले एकमात्र सड़क मार्ग को मंगलवार को बंद कर दिया।

ईरान की राजधानी तेहरान के उत्तर पश्चिमी अल्बोर्ज प्रांत में हुए एक हवाई हमले में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है।

ट्रंप ने द्वीप पर महत्त्वपूर्ण तेल अवसंरचना पर कब्जा करने के लिए जमीन पर सैनिकों को भी उतारने की धमकी दी है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के अभियान में कई अमेरिकी सैन्य कर्मियों की जान जाएगी और यह युद्ध को समाप्त करने की दिशा में निर्णायक कदम नहीं होगा।

वहीं सऊदी अरब ने उसके तेल समृद्ध पूर्वी प्रांत पर ईरान के मिसाइल हमलों के बाद बहरीन से जोड़ने वाले एकमात्र सड़क मार्ग को मंगलवार को बंद कर दिया। वहीं, ईरानी अधिकारियों ने युवाओं से बिजली संयंत्रों की सुरक्षा के लिए मानव शृंखला बनाने की अपील की, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तय की गई समयसीमा नजदीक आ रही है, जिसमें ईरान से होर्मुज जलमार्ग को खोलने की मांग की गई है।

ट्रंप ने धमकी दी है कि यदि ईरान मंगलवार रात आठ बजे तक इस रणनीतिक जलमार्ग में जहाजों की आवाजाही पूरी तरह बहाल नहीं करता, तो वह ईरान के सभी बिजली संयंत्रों और पुलों पर बमबारी करेंगे। ट्रंप ने कहा, 'पूरे देश को एक रात में खत्म किया जा सकता है।' इजराइल की सेना ने फारसी भाषा में ईरानियों को दिनभर ट्रेनों से दूर रहने की चेतावनी दी, जो संभवतः रेल नेटवर्क पर हमलों का संकेत था। चेतावनी में कहा गया है, 'आपकी मौजूदगी आपके जीवन को खतरे में डालती है।'

ईरान ने 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद इस जलमार्ग में जहाजों की आवाजाही रोक दी थी, जिससे युद्ध शुरू हुआ। सोमवार को तेहरान ने 45 दिन के युद्धविराम प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि वह युद्ध का स्थायी अंत चाहता है। पिछले कुछ समय से ईरान की राजधानी तेहरान पर लगातार तीव्र हवाई हमले हो रहे हैं।

मेरे समेत 1.4 करोड़ ईरानी युद्ध में जान देने के लिए तैयार : मसूद पेजेश्कियन

दुबई, 7 अप्रैल (एपी)।

अमेरिका की आसन्न समयसीमा के बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने मंगलवार को कहा कि उनके समेत 1.4 करोड़ ईरानी स्वयंसेवक युद्ध में अपनी जान देने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने यह टिप्पणी एक्स पर उस समय की, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वह समयसीमा करीब आ रही है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि यदि ईरान होर्मुज जलमार्ग को दोबारा नहीं खोलता है तो उसके बिजली संयंत्रों और पुलों पर बमबारी की जाएगी।



यह संख्या पहले सरकारी मीडिया द्वारा बताए गए स्वयंसेवकों के आंकड़ों से लगभग दोगुनी है। सरकार युद्ध के दौरान संदेशों और मीडिया के जरिए लोगों से इस तरह के स्वयंसेवी अभियान में शामिल होने की अपील कर रही है। लगभग नौ करोड़ की आबादी वाले ईरान में कई लोग सरकार से नाराज भी हैं, खासकर देशभर में हुए प्रदर्शनों पर की गई सख्त कार्रवाई को लेकर। माना जा रहा है कि 1.4 करोड़ का यह आंकड़ा संभावित अमेरिकी हमले को रोकने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया है। पेजेश्कियन ने कहा, '1.4 करोड़ से अधिक ईरानी लोगों ने अभियान में अपनी जान देने के लिए तैयार रहने का इरादा जताया है। मैं भी ईरान के लिए अपनी जान देने के लिए पहले भी तैयार था, अब भी हूं और आगे भी रहूंगा।'

रूस, चीन ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को वीटो किया

संयुक्त राष्ट्र, 7 अप्रैल (भाषा)।

रूस और चीन ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के उस प्रस्ताव को वीटो कर दिया, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलमार्ग को फिर से खोलना था और जिसमें बार-बार संशोधन किया गया था। प्रस्ताव में बार-बार संशोधन इस उम्मीद के साथ किया गया था कि ये दोनों देश इस पर मतदान से दूर रहेंगे। पंद्रह सदस्यीय यूएनएससी में बहरीन की ओर से लाए गए प्रस्ताव के पक्ष में 11 वोट और विरोध में दो वोट पड़े। वहीं, दो सदस्यों ने मतदान से दूरी बनाई।

प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हो सका, क्योंकि वीटो शक्ति रखने वाले सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य देशों–रूस और चीन ने इसके विरोध में मतदान किया। मतदान से पहले, संयुक्त राष्ट्र में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मिशन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'खाद्य पदार्थों और ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं। कच्चे माल और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति अवरुद्ध है। ईरान की अवैध कार्रवाइयों के कारण दुनिया भर में अरबों लोग बुनियादी वस्तुओं के लिए अधिक कीमत चुका रहे हैं। अब समय आ गया है कि होर्मुज जलमार्ग में नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई की जाए।'

मजाक में बोले ट्रंप, बेनेजुएला में राष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकता हूं

वाशिंगटन, 7 अप्रैल (भाषा)।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि वह वेनेजुएला में काफी लोकप्रिय हैं और अमेरिका में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद वहां राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने पर विचार कर सकते हैं। ट्रंप ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में मजाकिया अंदाज में कहा कि वह वेनेजुएला में अब तक किसी भी नेता से ज्यादा लोकप्रियता (पोल रेटिंग) हासिल कर सकते हैं।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब जनवरी में अमेरिकी बल वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार करके मादक पदार्थ की तस्करी के मामलों का सामना करने के लिए अमेरिका लाए थे। ट्रंप ने कहा, 'वेनेजुएला के लोग कहते हैं कि अगर मैं वहां राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ूं, तो मेरी लोकप्रियता अब तक किसी भी व्यक्ति से ज्यादा होगी। इसलिए जब मैं यहां (अमेरिका में) अपना काम खत्म कर लूंगा, तो वेनेजुएला जा सकता हूं।'

उन्होंने कहा, 'मैं जल्दी ही स्पेनिश सीख लूंगा। इसमें ज्यादा समय नहीं लगेगा। मैं भाषाओं के ज्ञान में अच्छा हूं और मैं वेनेजुएला जाऊंगा। मैं राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ूंगा। लेकिन फिलहाल हम वहां के निर्वाचित राष्ट्रपति से बहुत खुश हैं।' वेनेजुएला में तीन जनवरी को निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में जिम्मेदारी संभाली।

सुरक्षा

इस्तांबुल में मंगलवार को इजरायली वाणिज्य दूतावास की इमारत पर बंदूकधारियों के हमले के बाद तुर्की पुलिस इलाके को सुरक्षित करने की तैयारी में।

विक्रम मिसरी आज से अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अप्रैल।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी बुधवार से वाशिंगटन डीसी की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वह द्विपक्षीय व्यापार और रक्षा संबंधों की समीक्षा करेंगे तथा पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मिसरी की आठ से 10 अप्रैल तक की यह यात्रा भारत-अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक पहलुओं की समीक्षा करने और प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।

यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब दोनों पक्ष अनिश्चितता और तनाव के दौर के बाद संबंधों को स्थिर करने के लिए काम कर रहे हैं। अमेरिका द्वारा भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाए जाने और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल मई में भारत-पाकिस्तान सैन्य झड़पों को कम करने में अपनी भूमिका को लेकर विवादास्पद दावे किए जाने के बाद द्विपक्षीय संबंधों में बड़ी गिरावट आई थी।

